समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha



# शिक्षक संदर्शिका – स्कूल रेडिनेस

निःशुल्क वितरण हेतु : 2026–2027

## मुख्य संरक्षण

**श्री पार्थ सारथी सेन शर्मा,** आई.ए.एस., अपर मुख्य सचिव (बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग), उत्तर प्रदेश।

## संरक्षण

**श्रीमती मोनिका रानी**, आई.ए.एस., महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश

एवं

राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उत्तर प्रदेश।

## निर्देशन

**श्री गणेश कुमार**, निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उत्तर प्रदेश।

## मार्गदर्शन एवं समन्वयन

**डॉ. पवन कुमार**, संयुक्त शिक्षा निदेशक, एसएसए, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उत्तर प्रदेश।

**श्री माधव जी तिवारी**, यूनिट प्रभारी, प्री-प्राइमरीं, समग्र शिक्षा, उत्तर प्रदेश।

## परिकल्पना

**श्रीमती शिखा शुक्ला**, प्री-प्राइमरी शिक्षा, समग्र शिक्षा, उ.प्र., **श्रीमती शिप्रा सिंह**, प्रवक्ता, एस.सी.ई.आर.टी., उ.प्र.,
**सुश्री शुभोश्री मंडल**, **श्री विद्याधर मिश्रा, सुश्री स्वाति शुक्ला** (प्रतिनिधि एलएलएफ)
**श्री प्रतीक भटनागर, सुश्री सौम्या सिन्हा** (सेंट्रल स्क्वायर फाउंडेशन)

## कम्प्यूटर लेआउट

**श्री गुफरान अली सिद्दीकी**, कम्प्यूटर ऑपरेटर, प्री-प्राइमरी शिक्षा, समग्र शिक्षा, उ.प्र.।

---

मुद्रक एवं प्रकाशक :

संस्करण : चतुर्थ संस्करण

शिक्षा सत्र : 2026-27

मुद्रित प्रतियों की संख्या :

# शिक्षक संदर्शिका स्कूल रेडीनेस : भूमिका

'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' और निपुण भारत मिशन में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान से जुड़े कौशलों में निपुणता हासिल करने को प्राथमिकता दी गई है। इन बुनियादी कौशलों में महारत हासिल करने के लिए प्रारंभिक कक्षाओं को प्रथम सीढ़ी माना गया है। अनेक मनोवैज्ञानिक और शैक्षिक शोधों से यह भी स्पष्ट है कि शुरूआती 5-6 वर्षों में बच्चों के कुल मस्तिष्क का लगभग 80-85 प्रतिशत तक विकास हो जाता है। इस उम्र में बच्चे तेज गति से सीखते हैं। इसके लिए आवश्यक है कि बच्चों को उपयुक्त शिक्षण रणनीतियों से सिखाया जाए और सीखने के लिए बेहतर वातावरण प्रदान किया जाए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 में बच्चों के कक्षा-1 में प्रवेश से पूर्व आंगनबाड़ी केन्द्रों में जाने और पूर्व प्राथमिक स्तर की दक्षताओं के सीखने-सिखाने की अनुशंसा की गई है। ये दक्षताएं बच्चों को स्कूल में सीखने के लिए बेहतर तरीके से तैयार करती हैं। बच्चों को औपचारिक शिक्षण में प्रवेश करने से पूर्व, विद्यालय पूर्व कौशलों को हासिल करने की आवश्यकता होती है। ये कौशल बच्चों को विभिन्न अवधारणाओं को समझने के लिए आधारभूत क्षमता की तरह कार्य करते हैं। एन.सी.ई.आर.टी. ने कक्षा-1 में प्रवेश करने वाले बच्चों के लिए शुरूआती 12 सप्ताहों के लिए 'विद्या प्रवेश' मॉड्यूल तैयार किया है। यह मॉड्यूल कक्षा-1 में सत्र के शुरूआती 12 सप्ताहों में चलाया जायेगा और इसके द्वारा बच्चों के साथ 'स्कूल की तैयारी' से जुड़े कौशलों के विकास पर भी कार्य किया जायेगा। 12 सप्ताह के इस मॉड्यूल में प्रथम 8 सप्ताह तक बच्चों के साथ विद्या प्रवेश मॉड्यूल में दी गई गतिविधियों के अनुसार शिक्षण कार्य किया जाएगा। सप्ताह 9 से कक्षा-1 हेतु तैयार की गई कार्यपुस्तिका और शिक्षक संदर्शिका में दी गई गतिविधियों और योजना के अनुसार शिक्षण कराया जायेगा। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद-उत्तर प्रदेश ने सहयोगी संस्थाओं (लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन, विक्रमशिला एजुकेशन रिसोर्स सोसाइटी, रूम टू रीड, राकेट लर्निंग और यूनिसेफ की सहायता से इस मॉड्यूल का निर्माण किया है। इस मॉड्यूल को उत्तर प्रदेश की 'स्कूल रेडीनेस' की विभिन्न गतिविधियों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इसके लिए 12 सप्ताह का कैलेण्डर और 8 सप्ताह की शिक्षक संदर्शिका स्कूल रेडीनेस का निर्माण किया गया है। 8 सप्ताह के इस शिक्षक संदर्शिका में प्रतिदिन होने वाली गतिविधियों और उनकी रणनीतियों को पूरे विस्तार से समझाया गया है।

शिक्षक संदर्शिका स्कूल रेडीनेस में गतिविधियाँ दिवसवार दी गई हैं। प्रत्येक दिवस में मुख्य रूप से निम्नलिखित घटक हैं जिनके अंतर्गत अलग-अलग गतिविधियों और उनकी रणनीतियों का विवरण दिया गया है।

- मॉर्निंग सर्कल टाइम
- स्वतंत्र खेल
- भाषा और साक्षरता
- कला
- गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच
- बाहरी खेल

  गुड बाय सर्कल

शिक्षको को 'शिक्षक संदर्शिका स्कूल रेडीनेस' देखकर उक्त भागों में जो गतिविधियाँ दी गई हैं। उनके अनुसार शिक्षण कार्य करना है। सभी भागों में किस प्रकार की गतिविधियों को सम्मिलित किया गया है, उसका संक्षिप्त विवरण नीचे देखा जा सकता है-

- **मॉर्निंग सर्कल टाइमः** कक्षा-1 के बच्चों के दिन की शुरूआत इसी भाग की गतिविधि से होगी। इस भाग में मुख्य रूप से बच्चों को सहज करना, उनका स्वागत करना, उन्हें मुक्त बातचीत के अवसर देना और व्यायाम, स्वास्थ्य जाँच आदि शामिल है। मॉर्निंग सर्कल टाइम के बेहतर क्रियान्वयन से बच्चे दिन भर की गतिविधियों के लिए बेहतर ढंग से तैयार हो सकेंगे।
- **स्वतंत्र खेलः** मॉर्निंग सर्कल टाइम के तुरंत बाद स्वतंत्र खेल की गतिविधियाँ शुरू होंगी। स्वतंत्र खेल की गतिविधियाँ शिक्षक की उपस्थिति में कक्षा-कक्ष के अन्दर कराई जाएँगी। इसके लिए कक्षा के अलग-अलग भागों में निर्माण / जोड़-तोड़, कलाकारी / कहानी आदि के कोने बनाकर बच्चों से उनके मन के अनुसार खेलने का अवसर दिया जायेगा। शिक्षक स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए गतिविधियों पर कार्य करेंगे।

- **भाषा और साक्षरताः** इस भाग में मौखिक भाषा विकास, ध्वनि जागरूकता, सामाजिक और भावनात्मक विकास, लोगोग्राफिक पठन और लेखन जैसी दक्षताओं पर काम किया जायेगा। सप्ताह के 5 दिन क्या-क्या कार्य होगा, इसका पूरा विस्तृत वर्णन इस पुस्तिका में दिया गया है। सप्ताह के छठे दिन अवलोकन के आधार बच्चों के सीखने के स्तर को जानने की योजना दी गई है।
- **कलाः** इसमें बच्चों के उभरते लेखन, अभिव्यक्ति कौशल और मांसपेशियों के विकास और मोटर स्किल के विकास पर कार्य किया जायेगा। सप्ताह के प्रत्येक दिन में क्या-क्या होगा इसका विवरण इस पुस्तिका में विस्तार से दिया गया है।
- **गणित/ईवीएस/ वैज्ञानिक सोचः** इस भाग में गणित की बुनियादी दक्षताओं पर कार्य के साथ-साथ आस-पास के परिवेश की जानकारी भी बच्चों को दी जाएगी।
- **बाहरी खेलः** बच्चों में टीम भावना, मनोरंजन, अभिव्यक्ति आदि के विकास के लिए बाहरी खेल कराए जाएँगे। ये खेल कैसे होंगे, इन खेलों का उद्देश्य क्या है आदि जैसी जरूरी बातों का विवरण इस पुस्तिका में दिया गया है।
- **गुड बाय सर्कलः** इस भाग में दिन भर की गतिविधियों की पुनरावृत्ति, अगले दिन के काम की योजना बनाने, सामाजिक और भावनात्मक विकास के अलग-अलग पहलुओं पर काम किया जायेगा।

**शिक्षको को ध्यान में रखने योग्य बातेंः** आप सभी जानते हैं कि कक्षा-1 में आने वाले बच्चों के लिए विद्यालय और विद्यालय परिवेश नया है। ऐसे में विद्यालय में आना उनके लिए सुखद अनुभव हो इसके लिए कुछ बातों को ध्यान रखना आवश्यक हो जाता है। जैसे-

- बच्चों को विद्यालय में आते ही सहज होने का मौका दें।
- शिक्षक बच्चों से सतत संवाद बनाए रखें।
- नए भाग की गतिविधि शुरू करने के पहले किसी नयी कविता/कहानी/खेल द्वारा बच्चों को सहज करने की कोशिश करें।
- बच्चों के साथ किसी भी गतिविधि को कराते समय स्पष्ट रूप से निर्देश देने चाहिए। अगर लगता है कि बच्चे निर्देश समझ नहीं पा रहे हैं तो उन्हें दोबारा समझाया जाए।
- कक्षा में बच्चों के घर की भाषा के उपयोग के अवसर देने के साथ शिक्षक द्वारा कहानी/कविता आदि सुनाते समय बच्चों की घर की भाषा का उपयोग भी करना चाहिए। किसी भी नई गतिविधि को बच्चों से करवाने से पहले शिक्षक को खुद उसे करके दिखाना चाहिए।
- शिक्षक प्रतिदिन कक्षा-कक्ष में जाने से पहले उस दिन की सम्बन्धित गतिविधियों को पढ़ लें जरूरी शिक्षण सामग्री एकत्र कर लें ताकि कक्षा-कक्ष में बेहतर तरीके से शिक्षण कार्य किया जा सके।
- 08वें सप्ताह के पश्चात 9-12 सप्ताह की गतिविधियाँ आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका के 9-12 सप्ताह की गतिविधयाँ नोडल शिक्षक द्वारा कक्षा 1 में संचालित की जाएंगी। इस प्रकार 12 सप्ताहों के विद्यालय तैयारी माड्यूल के अन्तिम 4 सप्ताह आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका के साथ समेकन के लिए प्रयुक्त होंगे।

# विषय सूची


| सप्ताह | दिवस | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| सप्ताह 0 | दिवस 1-15 | 6 |
| सप्ताह 1 | सोमवार | 7 |
| | मंगलवार | 9 |
| | बुधवार | 11 |
| | बृहस्पतिवार | 13 |
| | शुक्रवार | 15 |
| | शनिवार | 17 |
| सप्ताह 2 | सोमवार | 19 |
| | मंगलवार | 21 |
| | बुधवार | 23 |
| | बृहस्पतिवार | 25 |
| | शुक्रवार | 27 |
| | शनिवार | 29 |
| सप्ताह 3 | सोमवार | 31 |
| | मंगलवार | 33 |
| | बुधवार | 35 |
| | बृहस्पतिवार | 37 |
| | शुक्रवार | 39 |
| | शनिवार | 41 |
| सप्ताह 4 | सोमवार | 43 |
| | मंगलवार | 45 |
| | बुधवार | 47 |
| | बृहस्पतिवार | 49 |
| | शुक्रवार | 51 |
| | शनिवार | 53 |
| सप्ताह 5 | सोमवार | 55 |
| | मंगलवार | 57 |

| सप्ताह | दिवस | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| सप्ताह 5 | बुधवार | 59 |
| | बृहस्पतिवार | 61 |
| | शुक्रवार | 63 |
| | शनिवार | 65 |
| सप्ताह 6 | सोमवार | 67 |
| | मंगलवार | 69 |
| | बुधवार | 71 |
| | बृहस्पतिवार | 73 |
| | शुक्रवार | 75 |
| | शनिवार | 77 |
| सप्ताह 7 | सोमवार | 79 |
| | मंगलवार | 81 |
| | बुधवार | 83 |
| | बृहस्पतिवार | 85 |
| | शुक्रवार | 87 |
| | शनिवार | 89 |
| सप्ताह 8 | सोमवार | 91 |
| | मंगलवार | 93 |
| | बुधवार | 95 |
| | बृहस्पतिवार | 97 |
| | शुक्रवार | 99 |
| | शनिवार | 101 |
| सप्ताह 9 | दिवस 1-6 | 103 |
| सप्ताह 10 | दिवस 1-6 | 109 |
| सप्ताह 11 | दिवस 1-6 | 115 |
| सप्ताह 12 | दिवस 1-6 | 121 |

# 'विद्या प्रवेश' - कक्षा 1 हेतु प्रारंभिक 15 दिवसीय कार्ययोजना

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP 2020) और NIPUN Bharat मिशन के अनुसार, कक्षा-1 के शुरुआती हफ्तों का मुख्य लक्ष्य बच्चों में 'स्कूल के लिए तत्परता' (School Readiness) विकसित करना है। यह इसलिए जरूरी है क्योंकि अधिकांश बच्चे पहली बार औपचारिक शिक्षा के वातावरण में आते हैं। यदि शुरुआत बोझिल या तनावपूर्ण होगी, तो बच्चों में स्कूल के प्रति अरुचि पैदा हो सकती है। शुरुआती 15 दिनों का 'खेल-आधारित' (Play-based) दृष्टिकोण बच्चों के सामाजिक, भावनात्मक और संज्ञानात्मक विकास की नींव रखता है। इससे बच्चों का अपने शिक्षकों और साथियों के साथ विश्वास का रिश्ता बनता है, जिससे आगे चलकर आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता (FLN) के लक्ष्यों को प्राप्त करना आसान हो जाता है।

## शुरुआती 15 दिन में की जाने वाली सुझावात्मक गतिविधियाँ :

| दिन | भाषा (साक्षरता) | कला / सृजनात्मक | गणित / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचय व स्कूल भ्रमण | कागज के गोले बनाना | वस्तुओं का मिलान | स्कूल भ्रमण |
| 2 | नाम की पहचान | मुक्त चित्रकारी | बड़ा-छोटा पहचानना | रेलगाड़ी खेल |
| 3 | हाव-भाव संग कविता | रंग भरना | वस्तुओं को छाँटना | पकड़म-पकड़ाई |
| 4 | मौखिक कहानी और चर्चा | पत्तों का कोलाज | लम्बा और छोटा | संतुलन खेल |
| 5 | तुकांत शब्द खेल | कागज फाड़ना-चिपकाना | पैटर्न बनाना | चिड़िया उड़ |
| 6 | पुनरावृत्ति | पक्षियों तथा जानवरों की आवाज | पहेलियाँ | मनपसंद खेल |
| 7 | चित्र चार्ट पर चर्चा | उंगलियों की छाप | भारी और हल्का | रुमाल झपट्टा |
| 8 | ध्वनियों की पहचान | मिट्टी के खिलौने | ऊपर और नीचे | नमस्ते खेल |
| 9 | कहानी | बिंदुओं को मिलाना | कम-ज्यादा | मेंढक दौड़ |
| 10 | मेरा परिवार चर्चा | कागज की नाव | पास और दूर | पोशम पा |
| 11 | शब्दों में ध्वनि | मुखौटे बनाना | 1 से 5 तक गिनती | गोल-गोल धप्प |
| 12 | पुनरावृत्ति | अभिनय (नाटक) | गणित किट खेल | स्थानीय खेल |
| 13 | चित्र कहानी बनाना | पत्तियों के छापे | क्रम में लगाना | जम्पिंग रेस |
| 14 | शब्दों की अंत्याक्षरी | मुक्त पेंटिंग | वर्गीकरण (रंग) | आँख मिचौली |
| 15 | कहानी | कागज के खिलौने (Origami) | हल्का-भारी | स्वतंत्र खेल |

सप्ताह 1

| | सोमवार | | | |
|---|---|---|---|---|
| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | मेरा परिचय (मौखिक खेल) | बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना एवं उससे जुड़ी चर्चा करना |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | बच्चों द्वारा अपने आप के बारे में बताना | बिगबुक से कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा करना |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | चार्ट पेपर, गोंद और पेन | बिगबुक से कहानी पढ लें और सरल प्रश्नों की सूची बना लें |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और जरूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठकर कोई स्थानीय कविता या कहानी सुनाएँ और उन्हें सहज करें।<br>● गेंद दिखाते हुए कहें- यह गेंद जिसके पास जाएगी, वह अपना नाम बताएगा।<br>● गोल घेरे के बीच में खड़े होकर एक-एक बच्चे को गेंद फेंककर दें और उसे अपना नाम बताने के लिए कहें।<br>● इसी तरह प्रत्येक बच्चे के पास गेंद फेंककर उसे नाम बताने के लिए कहें।<br>● शिक्षक सभी बच्चों का नाम चार्टपेपर पर भी लिखते जाएँ। चार्टपेपर को ऐसी जगह चिपकाएँ, जिसे प्रत्येक बच्चा आसानी से देख पाए। | ● बच्चों को गोल घेरे में बैठाकर सहज करें।<br>● इसके बाद आप किताब का मुख्य पृष्ठ सभी बच्चों को दिखाएँ और कहानी के बारे में अनुमान लगाने के लिए कहें। जैसे- इस चित्र मे आपको क्या दिख रहा है? यह कहानी किसके बारे में है?<br>● अब आप किताब के सभी पृष्ठ को क्रम से पलटते हुए बच्चों को दिखाएँ और कहानी के बारे मे अनुमान लगाने के लिए कहें। साथ ही साथ हाव-भाव से पढ़ें।<br>● आप कहानी का दो बार आदर्श पठन करें।<br>● बच्चों को यह समझने के मौके दें कि किताब को बाईं से दाईं ओर पढ़ा जाता है।<br>● बाद में बच्चों ने जो चित्र देखकर अनुमान लगाया था, उन पर चर्चा करें।<br>● कहानी से कुछ चयनित शब्दों को चार्टपेपर पर लिखकर चिपकाएँ और उन्हें पढ़ने का अभ्यास कराएँ। |

| सप्ताह 1 | सोमवार | | | |
|---|---|---|---|---|
| | **कला संबंधित गतिविधियां** | **गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच** | **बाहरी खेल** | **गुडबाई सर्किल टाइम** |
| **गतिविधि का नाम** | मुक्त चित्रकारी | आस-पास की आवाज़ों को पहचानना | पासे को घुमाएँ और आई हुई संख्या के बराबर कूदें | बातचीत (आज के दिन में सभी बच्चों को सबसे अच्छा क्या लगा?) |
| **उद्देश्य** | बच्चों की छोटी माँसपेशियों का विकास, बौद्धिक विकास | आस-पास की आवाजों को पहचान पाना और उनमें अंतर कर पाना | निर्देश सुनकर समझना | मौखिक अभिव्यक्ति, सुनने की क्षमता और आत्मविश्वास |
| **तैयारी और सामग्री** | पेंसिल, रंग, कागज, चॉक | जानवरों के नाम की सूची जैसे कुत्ता, बिल्ली, गाय, बकरी आदि | पासा (पासा बनाने के लिए चहक टी.एल.एम. सामग्री में दिए गए क्राफ्ट की सामग्री का उपयोग करें ) | एक गेंद |
| **गतिविधि के चरण** | ● बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ और सहज करें।<br>● दी गई सामग्री (पेंसिल, रंग, कागज, चॉक) को कक्षा-कक्ष के बीच में रख दें और बच्चों से अपनी मनपसंद सामग्री उठाकर मनचाहा चित्र बनाने को कहें।<br>● गतिविधि समाप्त होने के बाद बच्चों के द्वारा बनाए गए चित्र के बारे में अपने साथी को बताने को कहें। | ● बच्चों को गोल घेरे में खड़ा करें और कहें कि आज कविता गाते हुए कागज की गेंद को गोले में एक-दूसरे को देते हुए घुमाना है।<br>● कविता रुकने पर जिस बच्चे के पास गेंद होगी, उसे एक जानवर का नाम बोलते हुए उसकी आवाज निकालनी है।<br>● इसी तरह कागज की गेंद को गोल-गोल घुमाते रहें, जब तक कि सभी बच्चे एक से दो बार जानवर की आवाजें न निकाल लें।<br>● यह गतिविधि आप वाहनों, वस्तुओं के आवाज में अंतर के लिए भी करवा सकते हैं। | ● शिक्षक बच्चे को पासे को घुमाने के लिए कहें। घुमाने पर आई हुई बिंदियों की गिनती करें। फिर उन्हें आई हुई संख्या के बराबर कूदने के लिए कहें।<br>● गतिविधि को रोचक बनाने के लिए पासे पर आई हुई संख्या के बराबर जानवरों या फलों के नाम बताने को कहें, जैसे- यदि पासे पर संख्या 3 आती है तो बच्चे को 3 जानवर या 3 फल के नाम बताने होंगे। | ● शिक्षक सभी बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठें और दिन के बातचीत विषय का संक्षिप्त परिचय दें।<br>● शिक्षक पहले स्वयं विषय से संबंधित अपना छोटा अनुभव/विचार साझा करें, ताकि बच्चों को बोलने का तरीका समझ आए।<br>● अब गेंद एक बच्चे को दें। जिस बच्चे के पास गेंद होगी, वही बोलेगा; बाकी बच्चे ध्यान से सुनेंगे।<br>● बच्चे को विषय से जुड़ा अपना अनुभव/विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>● बोलने के बाद बच्चा गेंद अगले बच्चे को दे- यह क्रम तब तक जारी रखें, जब तक सभी बच्चों को अवसर न मिल जाए।<br>● आवश्यकता होने पर शिक्षक सरल प्रश्न पूछकर बच्चों की मदद करें, पर बातचीत का नेतृत्व बच्चों को करने दें।<br>● अंत में, बच्चों के प्रयास की सराहना करें और गतिविधि का सकारात्मक समापन करें। |

## सप्ताह 1

### मंगलवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | बच्चों से अमात्रिक शब्द बोलें और उन्हें इसमें आने वाली ध्वनियों को पहचानने के लिए कहें। शुरुआत में बच्चों को ध्वनि पहचानने में मदद करें। | बिगबुक से बच्चे और शिक्षक मिलकर कहानी को पढ़ें (साझा पठन) और बच्चे अपने शब्दों मे कहानी सुनाएं। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | बच्चों को शब्दों में आने वाली ध्वनियों को पहचान करवाना | • कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा<br>• बिग बुक से साझा पठन के मौके देना |
| तैयारी और सामग्री | | • कला कोना<br>• किताब कोना<br>• ब्लॉक कोना<br>• अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | अमात्रिक शब्दों की सूची | • पिछले दिन प्रयोग की गई बिगबुक को दोबारा पढ़ लें और कहानी से जुड़े सरल प्रश्नों की सूची बना लें। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>• बच्चों का स्वागत<br>• प्रार्थना<br>• स्वच्छता जाँच<br>• बच्चों से संवाद<br>• सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | • बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>• यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाकर, उन्हें कोई छोटी कविता या कहानी सुनाकर सहज करें।<br>• कोई दो वर्णों वाला एक अमात्रिक शब्द बोलें- जैसे फल, जल, रस आदि।<br>• बच्चों को उस शब्द में आने वाली ध्वनियों को पहचानने के लिए कहें। बच्चों को ध्वनि पहचानने में मदद करें।<br>• इसी तरह पहले दो वर्ण और फिर तीन वर्ण वाले शब्द बोलें और बच्चों को उनमें आने वाली ध्वनियों को पहचानने के लिए कहें। | • सभी बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ और सहज करें।<br>• कुछ प्रश्न पूछकर पिछले दिन की चर्चा का दोहराव करें।<br>• कहानी का एक बार हाव-भाव के साथ आदर्श वाचन करें।<br>• इसके बाद बच्चों को किताब दिखाते हुए उंगली रखकर फिर से कहानी पढ़ना शुरू करें। आप कहानी का आधा वाक्य बोलें और बच्चों को उसे पूरा करने के लिए कहें। किताब इस तरह पकड़ें कि सभी बच्चे किताब को देख सकें।<br>• आप बच्चों से कहानी पर बातचीत करें और खुले छोर के प्रश्न पूछें, जैसे इस कहानी में आगे क्या हुआ होगा? इस कहानी के अंत में क्या बदलाव कर सकते हैं।<br>• कुछ बच्चों को बुलाकर कहानी को अपने शब्दों मे सुनाने के लिए कहें।<br>• पिछले दिन चार्ट पेपर पर लिखे शब्दों को पढ़ने के लिए कहें। |

## मंगलवार

**सप्ताह 1**

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/ वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| **गतिविधि का नाम** | मिट्टी/ रेत पर उँगलियों से आकृति बनाना | शिक्षक कक्षा में उपलब्ध वस्तुओं के माध्यम से प्राथमिक, द्वितीयक और सामान्य रंग की पहचान कराएँ | **रस्सी पर चलना (सीधा)** | योगासन : गहरी साँस |
| **उद्देश्य** | छोटी माँसपेशियों का विकास | प्राथमिक, द्वितीय और सामान्य रंग की पहचान करना | शारीरिक विकास | शारीरिक विकास और एकाग्रता |
| **तैयारी और सामग्री** | रेत/मिट्टी | कक्षा में विभिन्न रंगों की वस्तुएँ | रस्सी | |
| **गतिविधि के चरण** | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ और सहज करें।<br>• बच्चों को छोटे-छोटे समूह में बाँटें और बच्चों को कक्षा-कक्ष से बाहर लेकर जाएँ।<br>• बच्चों को रेत/ गीली मिट्टी पर उंगलियों से अपने पसंद की आकृति बनाने को कहें।<br>• गतिविधि समाप्त होने के बाद बच्चों के द्वारा बनाई गई विभिन्न आकृतियों पर आपस में बातचीत करने के लिए प्रोत्साहित करें। | • प्राथमिक द्वितीयक और सामान्य रंग की एक-एक वस्तुएँ लेकर बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठें।<br>• किसी एक रंग (जैसे- लाल) की वस्तु बच्चों को दिखाएँ और उनसे पूछें यह किस रंग की वस्तु है।<br>• बच्चों को सोचने का समय दें। जब जवाब मिल जाए तो उनसे पूछें इस रंग की और कौन-कौन सी वस्तुएँ होती हैं? बच्चों से उनके नाम पूछें ।<br>• इसी तरह एक-एक करके सभी रंग की वस्तुओं को दिखाते हुए बच्चों के साथ चर्चा करें। | • बच्चों को एक पंक्ति में खड़ा करें।<br>• उनके सामने जमीन पर एक मोटी रस्सी रखें और क्रम से उन्हें रस्सी पर सीधा चलने के लिए कहें। | • बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठें।<br>• स्वयं गहरी साँस लेकर और छोड़कर बच्चों को दिखाएँ।<br>• बच्चों से 5 बार गहरी साँस लेने और छोड़ने के लिए कहें। साथ में स्वयं भी करें।<br>• बच्चों को इसके फायदे बताएं, जैसे कि इससे फेफड़े मजबूत होते हैं, आदि। |

सप्ताह 1

| बुधवार | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | तुकांत शब्दों वाली सरल कविता गाना और तुकांत शब्द पहचानना। | बच्चे अपने शब्दों में पढ़ी हुई कहानी दोहराएँ और शिक्षक कहानी को लिखें। (साझा लेखन) |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | कविता से तुकांत शब्द पहचानना और बनाना। | कहानी के बारे में बात करना और अपने शब्दों में कहानी को शिक्षक के साथ मिलकर लिखना। |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | ● तुकांत शब्दों वाली सरल कविता तैयार करके रख लें। | ● बिगबुक |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● बच्चों को छोटी-सी स्थानीय कविता को पूरे हाव-भाव और उतार-चढ़ाव के साथ तुकांत शब्दों पर जोर देते हुए सुनाएँ। कविता कुछ इस तरह की हो सकती है-<br>**बालू में लगे थे आलू,**<br>**लेने उनको पहुँच भालू,**<br>**फँस गया भालू, आलू में**<br>**रह गए आलू बालू में**<br>● फिर आलू, भालू, बालू बोलें और कहें ये तुकांत शब्द हैं। इन शब्दों का अंत एक जैसे होता है, फिर एक बार आलू, भालू, बालू बोलें।<br>● इसी तरह किसी अन्य कविता के माध्यम से तुकांत शब्दों को बताएँ और बच्चों को अभ्यास कराएँ। | ● बच्चों को गोल घेरे में बैठकर सहज करें।<br>● पिछले दिन की चर्चा को दोहराते हुए कहानी से जुड़े सरल प्रश्न पूछें और कहानी की घटनाओं को दोहराएँ।<br>● उंगली रखते हुए कहानी का आदर्श वाचन करें।<br>● इसके बाद बोर्ड पर बोलते हुए कहानी का शीर्षक लिखें और कहें अब हम कहानी को मिलकर अपनी भाषा मे लिखेंगे। प्रत्येक बच्चे को एक-एक लाइन जोड़ने दें।<br>● पूरे कहानी को बोर्ड/चार्ट पेपर पर लिख लें।<br>● अंत में, बच्चों को लिखी कहानी उंगली रखकर पढ़ाएँ। |

सप्ताह 1

| | बुधवार | | | |
|---|---|---|---|---|
| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
| गतिविधि का नाम | अंगूठे की छाप से अलग-अलग आकृतियाँ बनाना | शिक्षक बच्चों को प्राथमिक, द्वितीयक और सामान्य रंग बोलें और बच्चों को उस रंग की वस्तुओं को लाने के लिए कहें। | रस्सी के उपर से कूदना और नीचे से चलना | बातचीत : सभी बच्चों से पूछें कि आज वे घर जाकर क्या-क्या करेंगे? |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी माँसपेशियों का विकास | प्राथमिक, द्वितीयक और सामान्य रंग की पहचान करना | बच्चों का शारीरिक विकास | मौखिक अभिव्यक्ति, सुनने की क्षमता और आत्मविश्वास |
| तैयारी और सामग्री | स्याही / रंग, कागज इत्यादि | कक्षा-कक्ष में प्राथमिक, द्वितीयक और सामान्य रंग की वस्तुएँ | रस्सी | एक गेंद |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ और सहज करें।<br>• बच्चों को छोटे-छोटे समूह में बाँटें और बच्चों को एक-एक कागज़ बाँट दें।<br>• बच्चों को अपने अंगूठे पर स्याही लगाकर कागज़ पर अलग-अलग आकृति की छाप लगाकर दिखाएँ और बच्चों को अपने पीछे दोहराने को कहें।<br>• गतिविधि समाप्त होने के बाद बच्चों के द्वारा बनाई गई विभिन्न आकृतियों पर आपस में बातचीत करने को प्रोत्साहित करें। | • बच्चों के साथ गोल घेरे मे बैठें और प्राथमिक, द्वितीयक और सामान्य रंग के वस्तुओं के नाम बोलें और बच्चों से उस वस्तु का रंग बताने के लिए कहें।<br>• इसी तरह प्राथमिक, द्वितीयक और सामान्य रंग को दोहराएं।<br>• फिर बच्चों को प्राथमिक, द्वितीयक और सामान्य रंग में से कोई एक रंग बोलें और किसी एक बच्चे को उस रंग की वस्तु कक्षा-कक्ष में से लाने के लिए कहें। इसी तरह अलग-अलग रंग बोलते हुए बच्चों को उस रंग की वस्तु उठाने के लिए कहें।<br>• ध्यान रखें प्रत्येक बच्चे को कम से कम एक बार अवसर जरूर दें। | • दो बच्चों को एक-दूसरे से थोड़ी दूरी बनाते हुए आमने-सामने खड़े होने के लिए कहें।<br>• फिर रस्सी के एक-एक छोर दोनों बच्चों को दें और उन्हें रस्सी को जमीन से थोड़ी ही ऊँचाई पर पकड़ने के लिए कहें।<br>• अब अन्य बच्चों को एक-एक करके रस्सी के ऊपर से कूदने के लिए कहें।<br>• धीरे-धीरे खेल के स्तर को कठिन बनाने हेतु, दोनों बच्चों को जमीन से रस्सी की दूरी बढ़ाते हुए, रस्सी को ऊपर उठाने के लिए कहें और अन्य बच्चों को रस्सी के ऊपर से कूदने के लिए कहें।<br>• इसी प्रकार शिक्षक रस्सी के नीचे से जाने का खेल आयोजित करें।<br>• कठिनाई का स्तर बढ़ाने के लिए बच्चों को रस्सी और जमीन के बीच की दूरी कम करने के लिए कहें। | • शिक्षक सभी बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठें और दिन के बातचीत विषय का संक्षिप्त परिचय दें।<br>• शिक्षक पहले स्वयं विषय से संबंधित अपना छोटा अनुभव / विचार साझा करें, ताकि बच्चों को बोलने का तरीका समझ आए।<br>• अब गेंद एक बच्चे को दें। जिस बच्चे के पास गेंद होगी, वही बोलेगा; बाकी बच्चे ध्यान से सुनेंगे।<br>• बच्चे को विषय से जुड़ा अपना अनुभव / विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>• बोलने के बाद बच्चा गेंद अगले बच्चे को दें। यह क्रम तब तक जारी रखें, जब तक सभी बच्चों को अवसर न मिल जाए।<br>• आवश्यकता होने पर शिक्षक सरल प्रश्न पूछकर बच्चों की मदद करें, पर बातचीत का नेतृत्व बच्चों को करने दें।<br>• अंत में, बच्चों के प्रयास की सराहना करें और गतिविधि का सकारात्मक समापन करें। |

## बृहस्पतिवार

सप्ताह 1

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | बच्चों को तुकांत शब्द बोलने के लिए प्रोत्साहित करना- परिवेशीय शब्द। | अपनी भाषा मे परिवेशीय चित्रों पर चर्चा करें (चित्र पर चर्चा) |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण | तुकांत शब्द पहचानना और बनाना | चित्र के बारे में अपनी भाषा मे बात करना |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | कुछ परिवेशीय शब्दों की सूची, जिससे तुकांत शब्द बन सकते हों। | ● चर्चा के लिए उपयुक्त चित्र का चयन करना<br>● चर्चा के लिए खुले और बंद छोर के प्रश्न तैयार करना |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठकर पिछले दिन की गतिविधि को दोहराते हुए तुकांत शब्द की पहचान कराएँ।<br>● फिर परिवेश से जुड़ा कोई शब्द बोलें, जैसे- आम।<br>● बच्चों से इसका तुकांत शब्द बताने के लिए कहें। शुरुआत में तुकांत शब्द बताने में बच्चों की मदद करें जैसे- आम, राम, काम।<br>● इसी तरह अन्य शब्द बोलते हुए एक-एक करके सभी बच्चों को तुकांत शब्द बनाकर बताने के लिए कहें। | ● गतिविधि की शुरुआत किसी छोटी-सी कविता से करें।<br>● फिर बच्चों को चित्र चार्ट दिखाते हुए चित्र चार्ट में दिख रही चीजों/घटनाओं गतिविधियों के बारे में सरल व बंद छोर के प्रश्न पूछें, जैसे यह चित्र कहाँ का है? इस चित्र में क्या हो रहा है? आदि।<br>● प्रत्येक प्रश्न पर 2-3 बच्चों की प्रतिक्रिया लें। यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक बच्चे को कम से कम 2 प्रश्नों का उत्तर देने का मौका मिले।<br>● फिर बच्चों के कुछ खुले छोर के प्रश्न पूछें, जैसे- इनमें से कौन-कौन सी वस्तुएँ आस-पास नजर आती हैं?<br>● फिर आप कुछ और प्रश्न पूछें और बच्चों को जोड़ियों में आपस में चर्चा करने के लिए कहें। |

**सप्ताह 1**

| | **बृहस्पतिवार** | | | |
|---|---|---|---|---|
| | **कला संबंधित गतिविधियां** | **गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच** | **बाहरी खेल** | **गुडबाई सर्किल टाइम** |
| **गतिविधि का नाम** | ग्रीटिंग कार्ड बनाना (कक्षा में जिन बच्चों का जन्मदिन इस माह है, उनके लिए जन्मदिन का | शिक्षक बच्चों को छोटा-बड़ा , लम्बा-छोटा, ऊँचा-छोटा, ठोस वस्तुओं के माध्यम से बताएँ। | गेंद : फेंको-पकड़ो | चर्चा : मेरे पसंद का खेल |
| **उद्देश्य** | छोटी माँसपेशियों का विकास, रचनात्मक अभिव्यक्ति तथा सामाजिक-भावनात्मक विकास | छोटा-बड़ा, लम्बा-छोटा, ऊँचा-छोटा वस्तुओं की पहचान | शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास | मौखिक अभिव्यक्ति, सुनने की क्षमता और आत्मविश्वास |
| **तैयारी और सामग्री** | रंगीन/सादा कागज़ (कार्ड बनाने हेतु)<br>● पेंसिल<br>● रंग : क्रेयॉन/स्केच पेन<br>● गोंद<br>● सजावट हेतु उपलब्ध | छोटी-बड़ी एक रंग की गेंद, लंबा-छोटा एक रंग का धागा, ऊँचा-छोटा एक जैसा पौधा | गेंद | एक गेंद |
| **गतिविधि के चरण** | ● बच्चों को गोल घेरे में बैठाकर गतिविधि का उद्देश्य बताएँ कि वे अपने साथियों के लिए जन्मदिन का ग्रीटिंग कार्ड बनाएंगे।<br>● बच्चों को आवश्यक सामग्री वितरित करें और कार्ड मोड़कर बनाने का तरीका संक्षेप में प्रदर्शित करें।<br>● बच्चों को अपने कार्ड पर चित्र बनाने, रंग भरने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>● गतिविधि के दौरान कक्षा में घूमते रहें, बच्चों की सहायता करें और उनके प्रयासों को सराहें।<br>● कार्ड तैयार होने पर शिक्षक उस माह जन्मदिन वाले बच्चों के नाम संबंधित कार्ड पर लिखें।<br>● जब उस बच्चे का जन्मदिन आए, तो सभी बच्चे मिलकर गीत गाएँ, शुभकामनाएँ दें और वह ग्रीटिंग कार्ड उसे भेंट करें।<br>● इसी प्रकार उस माह जन्मदिन वाले सभी बच्चों के लिए यह प्रक्रिया दोहराएँ। | ● बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठ जाएँ।<br>● बच्चों के सामने एक बड़ी और छोटी गेंद रखें। दोनों गेंद दिखाते हुए किसी एक बच्चे से पूछें इनमें से बड़ी गेंद कौन सी है?<br>● इसी तरह किसी अन्य बच्चे से पूछें, इनमें से छोटी गेंद कौन-सी है? इस गतिविधि को अन्य वस्तुओं के माध्यम से भी कराएँ, जैसे छोटी किताब और बड़ी किताब।<br>● इसी तरह लम्बी-छोटी और ऊँची-छोटी वस्तुओं की भी पहचान कराएँ। | ● बच्चों को एक लाइन/गोले में खड़ा होने के लिए कहें और उन्हें निर्देश दें कि वे अपने बाएं/दाएं तरफ खड़े साथी को दोनों हाथों से गेंद दें।<br>● इस प्रकार बच्चे तब तक अपने साथी को गेंद देंगे, जब तक सभी को गेंद पास करने का अवसर न मिल जाए।<br>● फिर बच्चों से अपने पीछे खड़े बच्चे को अपने सिर के ऊपर से गेंद पास करने के लिए कहें।<br>● फिर बच्चों से अपने पीछे खड़े बच्चे को अपने पैरों के बीच से गेंद पास करने को कहें।<br>● इसी प्रकार लाइन/गोले में खड़े सभी बच्चों को गेंद पास करने का अवसर मिलना चाहिए। | ● शिक्षक सभी बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठें और दिन के बातचीत विषय का संक्षिप्त परिचय दें।<br>● शिक्षक पहले स्वयं विषय से संबंधित अपना छोटा अनुभव/विचार साझा करें, ताकि बच्चों को बोलने का तरीका समझ आए।<br>● अब गेंद एक बच्चे को दें। जिस बच्चे के पास गेंद होगी, वही बोलेगा; बाकी बच्चे ध्यान से सुनेंगे।<br>● बच्चे को विषय से जुड़ा अपना अनुभव/विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>● बोलने के बाद बच्चा गेंद अगले बच्चे को दे, यह क्रम तब तक जारी रखें, जब तक सभी बच्चों को अवसर न मिल जाए।<br>● आवश्यकता होने पर शिक्षक सरल प्रश्न पूछकर बच्चों की मदद करें, पर बातचीत का नेतृत्व बच्चों को करने दें।<br>● अंत में, बच्चों के प्रयास की सराहना करें और गतिविधि का सकारात्मक समापन करें। |

सप्ताह 1

| शुक्रवार | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | सुनाई गई मौखिक कहानी के आधार पर कोई भी चित्र बनाना | शिक्षक बच्चों को बड़ा-उससे बड़ा-छोटा-उससे छोटा, लम्बा-उससे लंबा-छोटा-उससे छोटा, ऊँचा-उससे ऊँचा-छोटा-उससे छोटा ठोस वस्तुओं के माध्यम से बताएं। | योगासन : पेट से साँस | बातचीत : सभी बच्चों से पूछें कि उन्होंने आज अपने मित्र/साथी के साथ कौन-सी गतिविधि की और उनको कैसा लगा? |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी माँसपेशियों एवं कल्पनाशीलता का विकास | बड़ा-उससे बड़ा-छोटा-उससे छोटा, लम्बा-उससे लंबा-छोटा-उससे छोटा, ऊँचा-उससे ऊँचा-छोटा-उससे छोटा की पहचान | शारीरिक विकास और एकाग्रता | मौखिक अभिव्यक्ति, सुनने की क्षमता और आत्मविश्वास |
| तैयारी और सामग्री | ● बच्चों को 4-5 की संख्या के छोटे-छोटे समूहों में बाँटें<br>● चित्र बनाने हेतु काग़ज, पेंसिल, रबर, शार्पनर एवं क्रेयॉन/रंग इत्यादि | बड़ा-उससे बड़ा-छोटा-उससे छोटा, लम्बा-उससे लंबा-छोटा-उससे छोटा, ऊँचा-उससे ऊँचा-छोटा-उससे छोटा वस्तुएँ | | एक गेंद |
| गतिविधि के चरण | ● बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>● बच्चों को छोटे-छोटे समूह में बाँटें और प्रत्येक बच्चे को एक-एक काग़ज, पेंसिल, रबर, शार्पनर एवं क्रेयॉन/रंग इत्यादि उपलब्ध कराएँ।<br>● अब आप बच्चों को सुनाई गई कहानी याद दिलाएँ। इसके बाद बच्चों से कहें कि वे कहानी के किसी भी हिस्से या पात्र के आधार पर अपना चित्र बनाएँ।<br>● बीच-बीच में बच्चों की मदद करते रहें और जब चित्र बन जाए तो उनको किसी दीवार पर लगा दें।<br>● कहानी पर बनाए गए चित्रों को देखकर सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करें। | ● पिछले दिन की गतिविधि को दोहराते हुए छोटे और बड़े की पहचान कराएँ।<br>● फिर बड़ी वस्तु दिखाते हुए कहें- यह बड़ी है और उससे बड़ी वस्तु दिखाते हुए कहें, यह उससे बड़ी है। इसको दोहराएं।<br>● इसी तरह छोटी वस्तु दिखाते हुए कहें, यह छोटी वस्तु है और उससे छोटी वस्तु दिखाते हुए कहें, यह उससे छोटी है। इसको फिर से दोहराएँ।<br>● फिर किसी बच्चे को बुलाकर बड़ी और उससे बड़ी वस्तु निकालकर दिखाने के लिए कहें। इसी तरह किसी ने बच्चे को छोटी और उससे छोटी वस्तु दिखाने के लिए कहें।<br>● इसी तरह लम्बा-उससे लंबा-छोटा-उससे छोटा, ऊँचा-उससे ऊँचा-छोटा-उससे छोटा भी बच्चों को बताएँ। | ● अपना एक हाथ पेट पर और एक हाथ अपनी छाती पर रखें।<br>● 4 बार गहरी साँस लें और छोड़ें।<br>● बच्चों से भी साथ में करने के लिए कहें।<br>● बच्चों से कहें, साँस लेते और छोड़ते समय पेट की क्रिया को महसूस करें। | ● शिक्षक सभी बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठें और दिन के बातचीत विषय का संक्षिप्त परिचय दें।<br>● शिक्षक पहले स्वयं विषय से संबंधित अपना छोटा अनुभव/विचार साझा करें, ताकि बच्चों को बोलने का तरीका समझ आए।<br>● अब गेंद एक बच्चे को दें। जिस बच्चे के पास गेंद होगी, वही बोलेगा; बाकी बच्चे ध्यान से सुनेंगे।<br>● बच्चे को विषय से जुड़ा अपना अनुभव/विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>● बोलने के बाद बच्चा गेंद अगले बच्चे को दे, यह क्रम तब तक जारी रखें, जब तक सभी बच्चों को अवसर न मिल जाए।<br>● आवश्यकता होने पर शिक्षक सरल प्रश्न पूछकर बच्चों की मदद करें, पर बातचीत का नेतृत्व बच्चों को करने दें।<br>● अंत में, बच्चों के प्रयास की सराहना करें और गतिविधि का सकारात्मक समापन करें। |

सप्ताह 1

| | शुक्रवार | | | |
|---|---|---|---|---|
| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | शिक्षक द्वारा हाव-भाव के साथ मौखिक कहानी सुनाना और उससे जुड़ी चर्चा करना। | किताबों के उलटने-पलटने के मौके देना एवं चित्रों को देखकर कहानी का अनुमान लगाना |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा करना | किताबों को उलटना-पलटना और उनमें चित्रों द्वारा कहानी का अनुमान लगाना |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | स्थानीय कहानी<br>आप कहानी पर चर्चा के लिए खुले और बंद छोर के प्रश्न पहले से तैयार रखें | ● बच्चों के स्तर के अनुरूप ऐसी कहानियों का चयन करना, जिनमें चित्र अधिक हों। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए स्थानीय कविता हाव-भाव सहित गाएं।<br>● आप कक्षा के बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ।<br>● आप बच्चों को कोई भी स्थानीय कहानी को अपने शब्दों में स्थानीय भाषा में बच्चों को सुनाएँ।<br>● बच्चों का ध्यान बनाए रखने के लिए बीच-बीच में बच्चों से कहीं से संबंधित 3-4 सरल एवं तथ्यात्मक (बंद छोर) प्रश्न पूछें।<br>● कहानी समाप्त होने के बाद बच्चों से पूछें कि उन्हें कहानी कैसी लगी और क्यों?<br>● बातचीत को समृद्ध बनाने के लिए आप खुले छोर के प्रश्न (कल्पना, अनुभव, अनुमान लगाने से जुड़े) भी प्रश्न पूछ सकते हैं, लेकिन इन प्रश्नों की संख्या सीमित रखें। | ● बच्चों को पुस्तकालय या रीडिंग कॉर्नर से अधिक चित्रों वाली कहानी की किताब दें, उन्हें चित्रों और शब्दों को देखकर पढ़ने का प्रयास करने के लिए कहें। बच्चों को स्वयं से किताब चयन करने का मौका दें।<br>● बच्चों को किताब उलटने-पलटने और आपस में बात करने का मौका दें।<br>● कुछ बच्चों (2-3) बच्चों से उनकी किताब की कहानी को अपनी भाषा मे बताने के लिए कहें।<br>● बच्चे जो भी कहानी बनाएं, उसे स्वीकार करें और कहानी बताने में उनका सहयोग करें। |

## शनिवार

सप्ताह 1

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल |
|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | चलो दोहराएँ - सप्ताह के छठवें दिन, सप्ताह भर की गतिविधियों का दोहराव करवाएँ। शिक्षक अवलोकन या किसी अन्य आयु उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन करें।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करें। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | आवश्यतानुसार गतिविधियों का दोहराव और अवलोकन या किसी अन्य आयु-उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन |
| तैयारी और सामग्री | | • कला कोना<br>• किताब कोना<br>• ब्लॉक कोना<br>• अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | • सप्ताह में कराई गई गतिविधियों में बच्चों के कार्य का अवलोकन करें। बच्चों को पढ़ी हुई कहानी के बारे में चर्चा करने एवं तुकांत शब्दों को पहचानने-बनाने मौके दें।<br>• हर बच्चे का एक पोर्टफोलियो बनाएँ, जिसमें उनकी बनाई वस्तुओं (चित्र, मिट्टी की मूर्तियाँ, क्राफ्ट की वस्तुएँ आदि) को रखें। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>• बच्चों का स्वागत<br>• प्रार्थना<br>• स्वच्छता जाँच<br>• बच्चों से संवाद<br>• सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | • बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>• यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | • गतिविधि की शुरूआत आप छोटी कविता से करें। बच्चों को चलने-फिरने/उठने-बैठने का मौका दें।<br>• सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान करवाएँ। इस सप्ताह में उन गतिविधियों को दोहराएँ, जिसमें बच्चों को पढ़ी हुई कहानी के बारे में चर्चा करने एवं तुकांत शब्दों को पहचानने-बनाने मौके मिलें, जैसे- बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना, साझा पठन करना, लयबद्ध कविता से तुकांत शब्द पहचानना/बनाना आदि।<br>• जब बच्चे इन गतिविधियों में जुड़े हो, उनके कार्य का अवलोकन करें। आप बच्चों से उनके कार्य के बारे में बात भी कर सकते हैं, जैसे- आप क्या बना रहे हो? आपने क्या लिखा है? आज आप क्या खेलोगे? आदि। इस तरह गतिविधियों के दौरान अवलोकन एवं चर्चा के आधार पर बच्चों का आकलन करें।<br>• बच्चों की बनाई वस्तुओं को उनके पोर्टफोलियो में दर्ज करें। पोर्टफ़ोलियो बच्चों के काम का संग्रह है, जो बच्चे की प्रगति, सफलताओं, रचनात्मक विकास आदि का प्रदर्शन है। समय-समय पर बच्चों का पोर्टफोलियो उनके माता-पिता से साझा करें। |

**सप्ताह 1**

| शनिवार | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | चलो दोहराएँ | शिक्षक बच्चों को प्राथमिक, द्वितीयक और सामान्य रंग बोलें और बच्चों को उस रंग की वस्तुओं को लाने के लिए कहें। | बच्चों का मनपसंद खेल | योगासन : कंधा घुमाकर साँस |
| उद्देश्य | सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान एवं शिक्षक द्वारा अवलोकन।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करना। | प्राथमिक, द्वितीयक और सामान्य रंग की पहचान करना | बच्चों में शारीरिक और मानसिक विकास | शारीरिक विकास और एकाग्रता |
| तैयारी और सामग्री | | कक्षा-कक्ष में प्राथमिक, द्वितीयक और सामान्य रंग की वस्तुएँ | | |
| गतिविधि के चरण | • सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान करवाएँ।<br>• बच्चों की बनाई वस्तुओं को उनके पोर्टफोलियो में दर्ज करें। | • बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठें और प्राथमिक, द्वितीयक और सामान्य रंग के वस्तुओं के नाम बोलें और बच्चों से उस वस्तु का रंग बताने के लिए कहें।<br>• इसी तरह प्राथमिक, द्वितीयक और सामान्य रंग को दोहराएँ।<br>• फिर बच्चों को प्राथमिक, द्वितीयक और सामान्य रंग में से कोई एक रंग बोलें और किसी एक बच्चे को उस रंग की वस्तु कक्षा-कक्ष में से लाने के लिए कहें। इसी तरह अलग-अलग रंग बोलते हुए बच्चों को उस रंग की वस्तु उठाने के लिए कहें।<br>• ध्यान रखें, प्रत्येक बच्चे को कम से कम एक बार अवसर जरूर दें। | • बच्चों को अपने साथियों के साथ अपनी पसंद का खेल चुनने और खेलने का अवसर दें। इस दौरान शिक्षक का दायित्व बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सक्रिय रूप से अवलोकन करना होगा। | • बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठकर, साँस अंदर लेते हुए अपने कंधों को कानों की ओर ऊपर उठाएँ।<br>• साँस छोड़ते हुए अपने कंधों को वापस नीचे की ओर झुकाएँ।<br>• कंधे घुमाकर साँस लेने से तनाव दूर होता है।<br>• इस गतिविधि को 4-5 बार करें। |

सप्ताह 2

## सोमवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | शिक्षक बच्चों को विभिन्न अमात्रिक शब्द को बोलें और उसमें आने वाली ध्वनियों की पहचान कराएँ | बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना एवं उससे जुड़ी चर्चा करना |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | शब्दों मे ध्वनियों की पहचान कराना | बिगबुक से कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा करना |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | अमात्रिक शब्दों की सूची बनाकर रख लें | बिगबुक से कहानी पढ लें और सरल प्रश्नों की सूची बना लें |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● बच्चों के साथ गोल घेरे मे बैठें। किसी एक बच्चे को बुलाएँ और उसे किसी परिवेशीय जानवर या पक्षी की तस्वीर दिखाएँ, जैसे बंदर और उससे इसकी आवाज निकालने के लिए कहें। अन्य बच्चों से आवाज पहचानकर जानवर का नाम बताने के लिए कहें।<br>● अब कोई अमात्रिक शब्द बोलें, जैसे- मटर, बच्चों से इस शब्द की पहली ध्वनि को पूछें। बच्चों को ध्वनि पहचानने में मदद करें। इसी तरह बच्चों से शब्द की अंतिम ध्वनि पहचानने के लिए कहें।<br>● इसी तरह अन्य शब्दों को बोलते हुए शब्द की पहली और अंतिम ध्वनि पूछें। | ● बच्चों को गोल घेरे में बैठाकर सहज करें।<br>● इसके बाद आप किताब का मुख्य पृष्ठ सभी बच्चों को दिखाएँ और कहानी के बारे मे अनुमान लगाने के लिए कहें। जैसे- इस चित्र मे आपको क्या दिख रहा है? यह कहानी किसके बारे में है?<br>● अब आप किताब के सभी पृष्ठ को क्रम से पलटते हुए बच्चों को दिखाएँ और कहानी के बारे में अनुमान लगाने के लिए कहें। साथ ही साथ हाव-भाव से पढ़ें।<br>● आप कहानी का दो बार आदर्श पठन करें।<br>● बच्चों को यह समझने का मौके दें कि किताब को बाईं से दाईं ओर पढ़ा जाता है।<br>● बाद में बच्चों ने जो चित्र देखकर अनुमान लगाया था, उन पर चर्चा करें।<br>● कहानी से कुछ चयनित शब्दों को चार्टपेपर पर लिखकर चिपकाएँ और उन्हें पढ़ने का अभ्यास कराएँ। |

सप्ताह 2

**सोमवार**

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | कोलाज बनाना (तितली) (कागज के छोटे-छोटे टुकड़ों को तितली की आकृति में चिपकाना) | शिक्षक बच्चों को दिन, सप्ताह और महीने के बारे मे बताएँ | मेंढक दौड़ | बातचीत : सभी बच्चों से पूछें कि कक्षा में मिल-जुलकर काम करने से कैसा लगता है? |
| उद्देश्य | छोटी माँसपेशियों तथा रचनात्मक अभिव्यक्ति | बच्चों को दिन, सप्ताह और महीने के बारे में बताना | निर्देश सुनकर समझना एवं बच्चों का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास | मौखिक अभिव्यक्ति, सुनने की क्षमता और आत्मविश्वास |
| तैयारी और सामग्री | ● आकृति वाला आधार कागज़ (तितली)<br>● रंगीन कागज़<br>● गोंद | वार्षिक कैलेंडर | | एक गेंद |
| गतिविधि के चरण | ● बच्चों को आराम से बैठाएँ और गतिविधि का उद्देश्य सरल भाषा में बताएँ।<br>● शिक्षक पहले पूरी प्रक्रिया करके दिखाएँ। कागज़ को कैसे फाड़ना है, गोंद कैसे लगाना है, और आकृति के अंदर टुकड़े कैसे चिपकाने हैं।<br>● बच्चों को रंगीन कागज़ दें और उन्हें स्वयं छोटे-छोटे टुकड़े फाड़ने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>● अब बच्चों से कहें कि वे फाड़े हुए कागज़ के टुकड़ों को गोंद की मदद से दी गई आकृति के अंदर चिपकाएँ।<br>● गतिविधि के दौरान बच्चों का अवलोकन करें और आवश्यकता होने पर सहायता प्रदान करें।<br>● गतिविधि पूरी होने पर बच्चों के प्रयासों की सराहना करें और सामग्री को व्यवस्थित रखने के लिए प्रेरित करें। | ● बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठकर वार्षिक कैलेंडर दिखाएँ।<br>● बच्चों से पूछें, यह उन्होंने कहाँ देखा है? इसमें क्या होता है?<br>● कैलेंडर दिखाते हुए बच्चे को तारीख, सप्ताह और महीने के बारे में बताएँ।<br>● आज की तारीख दिखाते हुए दिनों पर चर्चा करें। इसी तरह पूरे सप्ताह के दिनों पर चर्चा करें।<br>● कहें, सात दिन मिलकर एक सप्ताह होता है।<br>● ऐसे ही महीनों के नाम बताएँ और कहें 12 महीने मिलकर एक साल होता है। | ● पर्याप्त दूरी बनाते हुए जमीन पर दो लाइन बनाएँ।<br>● अब बच्चों को जमीन पर बनी हुई एक लाइन पर एक कतार में खड़े होने के लिए कहें।<br>● शिक्षक स्वयं दूसरी लाइन पर खड़े होकर बच्चों से मेंढक की तरह कूदते हुए अपनी ओर आने के लिए कहें। | ● शिक्षक सभी बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठें और दिन के बातचीत विषय का संक्षिप्त परिचय दें।<br>● शिक्षक पहले स्वयं विषय से संबंधित अपना छोटा अनुभव / विचार साझा करें, ताकि बच्चों को बोलने का तरीका समझ आए।<br>● अब गेंद एक बच्चे को दें। जिस बच्चे के पास गेंद होगी, वही बोलेगा; बाकी बच्चे ध्यान से सुनेंगे।<br>● बच्चे को विषय से जुड़ा अपना अनुभव / विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>● बोलने के बाद बच्चा गेंद अगले बच्चे को दे, यह क्रम तब तक जारी रखें, जब तक सभी बच्चों को अवसर न मिल जाए।<br>● आवश्यकता होने पर शिक्षक सरल प्रश्न पूछकर बच्चों की मदद करें, पर बातचीत का नेतृत्व बच्चों को करने दें।<br>● अंत में, बच्चों के प्रयास की सराहना करें और गतिविधि का सकारात्मक समापन करें। |

## सप्ताह 2

### मंगलवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | शिक्षक कक्ष में उपलब्ध संसाधनों (जैसे खिड़की, दरवाजे, खिलौने आदि) पर नाम लिखकर बच्चों को लोगोग्राफिक पठन कराएँ। | बिगबुक से बच्चे और शिक्षक मिलकर कहानी को पढ़ें (साझा पठन) और बच्चे अपने शब्दों में कहानी सुनाएँ। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक- भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | बच्चों से लोगोग्राफिक पठन कराना | ● कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा<br>● बिग बुक से साझा पठन के मौके देना |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | कक्षा में उपलब्ध संसाधनों (खिड़की, दरवाजे, खिलौने आदि) के नाम की पर्ची | ● पिछले दिन प्रयोग की गई बिगबुक को दोबारा पढ़ लें और कहानी से जुड़े सरल प्रश्नों की सूची बना लें। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● कक्षा में उपलब्ध संसाधनों (खिड़की, दरवाजे, खिलौने आदि) के नाम की पर्ची लेकर बच्चों के साथ बैठें।<br>● कोई एक पर्ची उठाकर (जैसे खिड़की) बच्चों को दिखाएँ, कहें यह खिड़की लिखा है, इसको खिड़की पर चिपका देंगे।<br>● फिर बच्चों से पूछें कि यह क्या लिखा है और जब बच्चे दोहरा लें, तब किसी एक बच्चे को पर्ची देते हुए उसे खिड़की पर चिपकाने के लिए कहें।<br>● इसी तरह अन्य संसाधनों के नाम के साथ भी गतिविधि करें। | ● सभी बच्चों को गोल घेरे मे बैठाएँ और सहज करें।<br>● कुछ प्रश्न पूछकर पिछले दिन की चर्चा का दोहराव करें।<br>● कहानी का एक बार हाव-भाव के साथ आदर्श वाचन करें।<br>● इसके बाद बच्चों को किताब दिखाते हुए उंगली रखकर फिर से कहानी पढ़ना शुरू करें। आप कहानी का आधा वाक्य बोलें और बच्चों को उसे पूरा करने के लिए कहें। किताब इस तरह पकड़ें कि सभी बच्चे किताब को देख सकें।<br>● आप बच्चों से कहानी पर बातचीत करें और खुले छोर के प्रश्न पूछें, जैसे- इस कहानी में आगे क्या हुआ होगा? इस कहानी के अंत में क्या बदलाव कर सकते हैं।<br>● कुछ बच्चों को बुलाकर कहानी को अपने शब्दों में सुनाने के लिए कहें।<br>● पिछले दिन चार्टपेपर पर लिखे शब्दों को पढ़ने के लिए कहें। |

## सप्ताह 2

### मंगलवार

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | क्रम्बल करना (मोड़-तोड़कर कागज़ की बड़ी गेंद बनाना) | शिक्षक बच्चों को विभिन्न खाद्य पदार्थ के माध्यम से उसके स्वाद और महक के बारे में बताएँ। | गेंद को लुढ़काकर लक्ष्य तक पहुँचाना | योगासन : ताड़ासन |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी माँसपेशियों का विकास | बच्चों को स्वाद और महक के बारे में बताना | स्थूल मोटर कौशल तथा निर्देशों का पालन करने की क्षमता | शारीरिक विकास और एकाग्रता |
| तैयारी और सामग्री | बड़े आकार के पुराने अखबार/कागज | 7-8 अलग-अलग खाने वाली वस्तुओं के चित्र कार्ड | ● 1 गेंद<br>● लक्ष्य चिन्हित करने के लिए कोई वस्तु (जैसे- बाल्टी, डिब्बा या जमीन पर बनाया गया निशान) | |
| गतिविधि के चरण | ● बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ और सहज करें।<br>● बच्चों को छोटे-छोटे समूह में बाँटें और बड़े आकार के कागज/अखबार दें।<br>● बच्चों को कागज के बड़े टुकड़े को हाथ से मोड़कर एक बड़े आकार का गेंद बनाकर दिखाएँ और उन्हें आपके पीछे-पीछे दोहराने को कहें।<br>● गतिविधि समाप्त होने के बाद बच्चों की प्रसंशा करें। | ● बच्चों से पूछें, आज उन्होंने क्या खाया है? उसका स्वाद कैसा था? कहें, स्वाद हमें जीभ से पता चलता है।<br>● फिर बच्चों को विभिन्न खाद्य वस्तुओं के चित्र कार्ड दिखाएँ और एक-एक बच्चे से उसके स्वाद के बारे में पूछें।<br>● जरूरत के अनुसार बच्चों की मदद करें।<br>● कहें, जिस तरह से जीभ से स्वाद का पता चलता है, उसी तरह नाक से किसी चीज के महक का पता चलता है, कुछ महक अच्छी होती है जिसे हम खुशबू कहते हैं। जैसे- फूल की खुशबू।<br>● इसी तरह कुछ महक खराब होती हैं, जिसे हम बदबू कहते हैं, जैसे- दूध का जलना, कूड़े का जलना आदि।<br>● फिर बच्चों के साथ गोले में खड़े हो जाएँ और कहें जब खुशबू वाली चीज का नाम बोलेंगे, तब सबको पास आना है और जब बदबू वाली चीज का नाम लेंगे, तब सभी को दूर जाना है, फिर खेल कराएँ। | ● बच्चों को खुले स्थान में एक पंक्ति या छोटे समूहों में खड़ा करें।<br>● जमीन पर एक लक्ष्य तय करें और बच्चों को दिखाएँ कि गेंद को कैसे धीरे-धीरे लुढ़काकर लक्ष्य तक पहुँचाना है। शिक्षक पहले स्वयं करके दिखाएँ।<br>● अब एक-एक करके बच्चों को गेंद लुढ़काने का अवसर दें।<br>● बच्चों को निर्देश दें कि वे गेंद को नियंत्रित तरीके से लक्ष्य की ओर लुढ़काएँ।<br>● सभी बच्चों को बारी-बारी से अवसर दें और अंत में उनके प्रयासों की सराहना करें। | ● बच्चों को खड़ा करें। दोनों हाथ ऊपर उठाकर, हाथ की उंगलियों को एक-दूसरे में फँसाने के लिए कहें। अब पैर की एड़ी ऊपर उठाकर पंजों के सहारे खड़े होने के लिए कहें।<br>● गहरी साँस लेते हुए 20-30 सेकंड तक बड़े होने (खींचने) के लिए कहें। साँस छोड़ते हुए वापस सामान्य स्थिति में आने के लिए कहें। यह प्रक्रिया 3-4 बार दोहराएँ। |

सप्ताह 2

## बुधवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| **गतिविधि का नाम** | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | बच्चों को स्वतंत्र रूप से चित्र बनाने के लिए कहें और फिर उसके बारे में बच्चों को बताने के लिए कहें। | बच्चे अपने शब्दों में पढ़ी हुई कहानी दोहराएँ और शिक्षक कहानी को लिखें (साझा लेखन) |
| **उद्देश्य** | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | चित्र बनाकर उसके बारे में बताना | कहानी के बारे में बात करना और अपने शब्दों में कहानी को शिक्षक के साथ मिलकर लिखना |
| **तैयारी और सामग्री** | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | प्रत्येक बच्चे के लिए सफेद कागज और रंग | बिगबुक |
| **गतिविधि के चरण** | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● चार-चार बच्चों के समूह बनाएँ। प्रत्येक समूह में बच्चों को कागज और रंग दें।<br>● कहें, अपने मन से कागज पर कोई चित्र बनाएँ।<br>● जब बच्चे बना लें, तब एक-एक करके बच्चों से पूछें, उन्होंने जो बनाया है, उसके बारे में बताएँ। जैसे- यह क्या है? इसमें यह रंग क्यों भरा है? इसको आपने कहाँ देखा है? | ● बच्चों को गोल घेरे में बैठ कर सहज करें।<br>● पिछले दिन की चर्चा को दोहराते हुए कहानी से जुड़े सरल प्रश्न पूछें और कहानी के घटनाओं को दोहराएँ।<br>● उंगली रखते हुए कहानी का आदर्श वाचन करें।<br>● इसके बाद बोर्ड पर बोलते हुए कहानी का शीर्षक लिखें और कहें, अब हम कहानी को मिलकर अपनी भाषा में लिखेंगे। प्रत्येक बच्चे को एक-एक लाइन जोड़ने दें।<br>● पूरे कहानी को बोर्ड/चार्ट पेपर पर लिख लें।<br>● अंत में, बच्चों को लिखी कहानी उंगली रखकर पढ़ाएँ। |

**सप्ताह 2**

## बुधवार

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | बच्चों द्वारा रोज़मर्रा के घर के कामों का अभिनय करना। | शिक्षक बच्चों को विभिन्न वस्तुओं के माध्यम से चिकना और खुरदरा के बारे मे बताएँ। | रस्सी पर चलना (उल्टा) | बातचीत : सभी बच्चों से पूछें कि आपको स्कूल का कौन-सा दिन अच्छा लगता है और क्यों? |
| उद्देश्य | बच्चों में अभिनय करने की क्षमता का विकास | बच्चों को चिकना और खुरदुरा बटन | शारीरिक विकास | मौखिक अभिव्यक्ति, सुनने की क्षमता और आत्मविश्वास |
| तैयारी और सामग्री | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाऐ<br>• कुछ मुखौटे, गमछा इत्यादि | 7-8 चिकनी और खुरदुरी सतह वाली वस्तुएँ | रस्सी | एक गेंद |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों से बातचीत करके उनको सहज कर लें।<br>• बच्चों से कहें कि वे उनको छोटे-छोटे कामों के अभिनय करके दिखाने हैं और एक-दो कामों जैसे झाड़ू लगाना, कुएँ से पानी भरना, पापा के साथ मेला घूमना आदि के अभिनय करके बच्चों को दिखा दें।<br>• बच्चों के दो समूह बना दें, एक समूह घर का कोई काम बोलेगा और दूसरा समूह उस पर अभिनय करके दिखाएगा।<br>• दोनों समूह बारी-बारी से बोलने और अभिनय का काम करते जाएँ। | • चिकनी और खुरदरी सतह वाली वस्तुएँ लेकर बच्चों के साथ गोले घेरे मे बैठ जाएँ।<br>• चिकनी सतह वाली एक वस्तु निकालें और उसके सतह को छूते हुए कहें यह चिकनी है। फिर एक-एक करके सभी बच्चों को भी छूने का मौका दें और कहें कि छूते हुए कहें कि यह चिकना है।<br>• इसी तरह खुरदरी वस्तु के साथ भी गतिविधि करें।<br>• एक टोकरी में चिकनी और खुरदरी वस्तुएँ रखें और क्रम से एक-एक बच्चे को बुलाएँ और उनसे कोई एक चिकनी/खुरदरी वस्तु निकालने के लिए कहें। | • बच्चों को एक पंक्ति में खड़ा करें।<br>• एक मोटी रस्सी जमीन पर बिछाएँ और बच्चों को क्रम से उस पर उल्टा चलने के लिए कहें।<br>• रस्सी पर चलने में बच्चों की मदद करें। | • शिक्षक सभी बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठें और दिन के बातचीत विषय का संक्षिप्त परिचय दें।<br>• शिक्षक पहले स्वयं विषय से संबंधित अपना छोटा अनुभव/विचार साझा करें, ताकि बच्चों को बोलने का तरीका समझ आए।<br>• अब गेंद एक बच्चे को दें। जिस बच्चे के पास गेंद होगी, वही बोलेगा; बाकी बच्चे ध्यान से सुनेंगे।<br>• बच्चे को विषय से जुड़ा अपना अनुभव/विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>• बोलने के बाद बच्चा गेंद अगले बच्चे को दे, यह क्रम तब तक जारी रखें, जब तक सभी बच्चों को अवसर न मिल जाए।<br>• आवश्यकता होने पर शिक्षक सरल प्रश्न पूछकर बच्चों की मदद करें, पर बातचीत का नेतृत्व बच्चों को करने दें।<br>• अंत में, बच्चों के प्रयास की सराहना करें और गतिविधि का सकारात्मक समापन करें। |

## बृहस्पतिवार

सप्ताह 2

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | अंगूठे की छाप से अलग-अलग आकृतियाँ बनाना | शिक्षक विभिन्न वस्तुओं के आकार के माध्यम से बढ़ता और घटता क्रम बताएँ | गोले के अंदर-बाहर कूदना | योगासन : गहरी साँस |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी माँसपेशियों का विकास | बच्चों को बढ़ता और घटता क्रम बताना | शारीरिक और मानसिक विकास | शारीरिक विकास और एकाग्रता |
| तैयारी और सामग्री | स्याही / रंग, कागज इत्यादि | छह अलग-अलग लंबाई के ऊन के टुकड़े | तीन अलग-अलग लंबाई के ऊन के टुकड़े | |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ और सहज करें।<br>• बच्चों को छोटे-छोटे समूह में बाँटें और बच्चों को एक-एक कागज़ बाँट दें।<br>• बच्चों को अपने अंगूठे पर स्याही लगाकर कागज़ पर अलग-अलग आकृति की छाप लगाकर दिखाएँ और बच्चों को अपने पीछे दोहराने को कहें।<br>• गतिविधि समाप्त होने के बाद बच्चों के द्वारा बनाई गई विभिन्न आकृतियों पर आपस में बातचीत करने को प्रोत्साहित करें। | • दो अलग-अलग लंबाई के ऊन लेकर लंबा और छोटा बताएँ, फिर लंबे ऊन से और लंबा ऊन रखें और कहें यह उससे लंबा है। इसी तरह और लंबा ऊन रखकर कहें यह सबसे लंबा है।<br>• फिर क्रम से उंगली से दिखाते हुए कहें, यह लंबा है, यह उससे लंबा है और यह सबसे लंबा है, यह लंबाई का बढ़ता क्रम है।<br>• इसी तरह ऊन के माध्यम से घटते क्रम को भी समझाएँ। | • आप सभी बच्चों को गोल घेरे में बैठा दें। आज की गतिविधि के बारे में बताएँ। अब आप जमीन पर दो गोले बनाएँ, एक गोले में ठंडा और दूसरे गोले में गरम लिखें।<br>• फिर बच्चों को समझाएँ कि गरम कौन-सी चीजें होती हैं और ठंडी कौन-सी चीजें होती हैं, जैसे चाय, आग, तेज धूप आदि गर्म होती हैं और बर्फ, आइसक्रीम आदि ठंडी होती हैं। फिर बच्चों को दोनों गोलों के बीच में खड़े होने को कहें।<br>• फिर उनसे कहें कि जब आप किसी ठंडी चीज जैसे बर्फ, आइसक्रीम आदि कहेंगे तो उनको ठंडे वाले गोले में कूदना है और जब आप किसी गरम चीज का नाम लें, जैसे चाय तो बच्चे को गरम वाले गोले में कूदना है। इस गतिविधि को पहले आप स्वयं करके दिखाएँ, फिर बच्चों को करने के लिए कहें। | • बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठें।<br>• स्वयं गहरी साँस लेकर और छोड़कर बच्चों को दिखाएँ।<br>• बच्चों से 5 बार गहरी साँस लेने और छोड़ने के लिए कहें। साथ में स्वयं भी करें।<br>• बच्चों को इसके फायदे बताएं, जैसे कि इससे फेफड़े मजबूत होते हैं आदि। |

## बृहस्पतिवार

**सप्ताह 2**

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | वर्णन करना | अपनी भाषा में परिवेशीय चित्रों पर चर्चा करें (चित्र पर चर्चा) |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | किसी एक वस्तु के बारे में बताना | चित्र के बारे में अपनी भाषा में बात करना |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | कोई वस्तु/खाद्य पदार्थ का चित्र | ● चर्चा के लिए उपयुक्त चित्र का चयन करना<br>● चर्चा के लिए खुले और बंद छोर के प्रश्न तैयार करना |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● बच्चों को किसी खाद्य पदार्थ (जैसे गोभी) का चित्र दिखाएँ।<br>● यह किसका चित्र है? यह किस रंग का है? इसका क्या करते हैं?<br>● इसी तरह अन्य वस्तुओं का भी चित्र दिखाकर उनसे चर्चा करेंगे।<br>● सभी बच्चों को प्रतिभाग करने का मौका दें। | ● गतिविधि की शुरुआत किसी छोटी-सी कविता से करें।<br>● फिर बच्चों को चित्र चार्ट दिखाते हुए चित्र चार्ट मे दिख रही चीजों/घटनाओं गतिविधियों के बारे में सरल व बंद छोर के प्रश्न पूछें, जैसे- यह चित्र कहाँ का है? इस चित्र में क्या हो रहा है? आदि।<br>● प्रत्येक प्रश्न पर 2-3 बच्चों की प्रतिक्रिया लें। यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक बच्चे को कम से कम 2 प्रश्नों का उत्तर देने का मौका मिले।<br>● फिर बच्चों से कुछ खुले छोर के प्रश्न पूछें, जैसे- इनमें से कौन-कौन सी वस्तुएँ आस-पास नजर आती हैं?<br>● फिर आप कुछ और प्रश्न पूछें और बच्चों को जोड़ियों मे आपस में चर्चा करने के लिए कहें। |

| सप्ताह 2 — शुक्रवार | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | शिक्षक द्वारा हाव-भाव के साथ मौखिक कहानी सुनाना और उससे जुड़ी चर्चा करना। | किताबों के उलटने-पलटने के मौके देना एवं चित्रों को देखकर कहानी का अनुमान लगाना |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा करना | किताबों को उलटना-पलटना और उनमें चित्रों द्वारा कहानी का अनुमान लगाना |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | स्थानीय कहानी<br>आप कहानी पर चर्चा के लिए खुले और बन्द छोर के प्रश्न पहले से तैयार रखें | ● बच्चों के स्तर के अनुरूप ऐसी कहानियों का चयन करना जिनमें चित्र अधिक हों। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए स्थानीय कविता हाव-भाव सहित गाएँ।<br>● आप कक्षा के बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ।<br>● आप बच्चों को कोई भी स्थानीय कहानी को अपने शब्दों स्थानीय भाषा में बच्चों को सुनाएँ।<br>● बच्चों का ध्यान बनाए रखने के लिए बीच-बीच में बच्चों से कहीं से संबंधित 3-4 सरल एवं तथ्यात्मक (बंद छोर) प्रश्न पूछें।<br>● कहानी समाप्त होने के बाद बच्चों से पूछें कि उन्हें कहानी कैसी लगी और क्यों?<br>● बातचीत को समृद्ध बनाने के लिए आप खुले छोर के प्रश्न (कल्पना, अनुभव, अनुमान लगाने से जुड़े) भी प्रश्न पूछ सकते हैं, लेकिन इन प्रश्नों की संख्या सीमित रखें। | ● बच्चों को पुस्तकालय या रीडिंग कॉर्नर से अधिक चित्रों वाली कहानी की किताब दें, उन्हें चित्रों और शब्दों को देखकर पढ़ने का प्रयास करने के लिए कहें। बच्चों को स्वयं से किताब चयन करने का मौका दें।<br>● बच्चों को किताब उलटने-पलटने और आपस में बात करने का मौका दें।<br>● कुछ बच्चों (2-3) बच्चों से उनकी किताब की कहानी को अपनी भाषा में बताने के लिए कहें।<br>● बच्चे जो भी कहानी बनाएँ, उसे स्वीकार करें और कहानी बताने में उनका सहयोग करें। |

सप्ताह 2

| | शुक्रवार | | | |
|---|---|---|---|---|
| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
| गतिविधि का नाम | सुनाई गई मौखिक कहानी के आधार पर कोई भी चित्र बनाना | शिक्षक बच्चों को किसी ठोस वस्तु (जैसे किताब) के माध्यम से ऊपर और नीचे बताएँ। जैसे- कुर्सी के ऊपर किताब और नीचे किताब। | पासे को घुमाएँ और आई हुई संख्या के बराबर कूदें। | बातचीत : सभी बच्चों से पूछें कि आज आपको कक्षा में कौन-सा काम थोड़ा मुश्किल लगा? |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी माँसपेशियों एवं कल्पनाशीलता का विकास | बच्चों को ऊपर और नीचे बताना | निर्देश सुनकर समझना | मौखिक अभिव्यक्ति, सुनने की क्षमता और आत्मविश्वास |
| तैयारी और सामग्री | • बच्चों को 4-5 की संख्या के छोटे- छोटे समूहों में बाँटे<br>• चित्र बनाने हेतु काग़ज, पेंसिल, रबर, शार्पनर एवं क्रेयॉन/रंग इत्यादि। | किताब, गेंद आदि | पासा (पासा बनाने के लिए चहक टी.एल.एम. सामग्री में दिए गए क्राफ्ट की सामग्री का उपयोग करें) | एक गेंद |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ और सहज करें।<br>• बच्चों को छोटे-छोटे समूह में बाँटें और प्रत्येक बच्चे को एक-एक काग़ज, पेंसिल, रबर, शार्पनर एवं क्रेयॉन/रंग इत्यादि उपलब्ध कराएँ।<br>• अब आप बच्चों को सुनाई गई कहानी याद दिलाएँ। इसके बाद बच्चों से कहें कि वे कहानी के किसी भी हिस्से या पात्र के आधार पर अपना चित्र बनाएँ।<br>• बीच-बीच में बच्चों की मदद करते रहें और जब चित्र बन जाए तो उनको किसी दीवार पर लगा दें।<br>• कहानी पर बनाए गए चित्रों को देखकर सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करें। | • दो किताब लें, एक मेज के ऊपर रखें और एक मेज के नीचे रखें।<br>• ऊपर रखी किताब दिखाते हुए कहें यह किताब मेज के ऊपर रखी है। बच्चों से इसे दोहराने के लिए कहें।<br>• इसी तरह नीचे रखी किताब दिखाते हुए कहें, यह किताब मेज के नीचे रखी है। बच्चों को इसे दोहराने के लिए कहें।<br>• फिर क्रम से एक-एक बच्चे को बुलाकर कुछ बच्चों को गेंद को मेज के ऊपर और कुछ बच्चों को गेंद को मेज के नीचे रखने के लिए कहें।<br>• यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों की भागीदारी हो। | • शिक्षक बच्चे को पासे को घुमाने के लिए कहें। घुमाने पर आई हुई बिंदियों की गिनती करें। फिर उन्हें आई हुई संख्या के बराबर कूदने के लिए कहें।<br>• गतिविधि को रोचक बनाने के लिए पासे पर आई हुई संख्या के बराबर जानवरों या फलों के नाम बताने को कहें, जैसे- यदि पासे पर संख्या 3 आती है तो बच्चे को 3 जानवर या 3 फल के नाम बताने होंगे। | • शिक्षक सभी बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठें और दिन के बातचीत विषय का संक्षिप्त परिचय दें।<br>• शिक्षक पहले स्वयं विषय से संबंधित अपना छोटा अनुभव/विचार साझा करें, ताकि बच्चों को बोलने का तरीका समझ आए।<br>• अब गेंद एक बच्चे को दें। जिस बच्चे के पास गेंद होगी, वही बोलेगा; बाकी बच्चे ध्यान से सुनेंगे।<br>• बच्चे को विषय से जुड़ा अपना अनुभव/विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>• बोलने के बाद बच्चा गेंद अगले बच्चे को दे। यह क्रम तब तक जारी रखें, जब तक सभी बच्चों को अवसर न मिल जाए।<br>• आवश्यकता होने पर शिक्षक सरल प्रश्न पूछकर बच्चों की मदद करें, पर बातचीत का नेतृत्व बच्चों को करने दें।<br>• अंत में, बच्चों के प्रयास की सराहना करें और गतिविधि का सकारात्मक समापन करें। |

सप्ताह 2

| शनिवार | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल |
| --- | --- | --- | --- |
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | चलो दोहराएँ - सप्ताह के छठवें दिन, सप्ताह भर की गतिविधियों का दोहराव करवाएँ। शिक्षक अवलोकन या किसी अन्य आयु उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन करें।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करें। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | आवश्यकतानुसार गतिविधियों का दोहराव और अवलोकन या किसी अन्य आयु-उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | ● सप्ताह में कराई गई गतिविधियों में बच्चों के कार्य का अवलोकन करें। बच्चों को पढ़ी हुई कहानी के बारे में चर्चा करने एवं तुकांत शब्दों को पहचानने-बनाने मौके दें।<br>● हर बच्चे का एक पोर्टफोलियो बनाएँ, जिसमें उनकी बनाई वस्तुओ (चित्र, मिट्टी की मूर्तियाँ, क्राफ्ट की वस्तुएँ आदि) को रखें। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● गतिविधि की शुरूआत आप छोटी कविता से करें। बच्चों को चलने-फिरने / उठने-बैठने का मौका दें।<br>● सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान करवाएँ। इस सप्ताह में उन गतिविधियों को दोहराएँ, जिसमें बच्चों को पढ़ी हुई कहानी के बारे में चर्चा करने एवं तुकांत शब्दों को पहचानने-बनाने के मौके मिलें, जैसे- बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना, साझा पठन करना, लयबद्ध कविता से तुकांत शब्द पहचानना / बनाना आदि।<br>● जब बच्चे इन गतिविधियों में जुड़े हों, उनके कार्य का अवलोकन करें। आप बच्चों से उनके कार्य के बारे में बात भी कर सकते हैं, जैसे- आप क्या बना रहे हो? आपने क्या लिखा है? आज आप क्या खेलोगे? आदि। इस तरह गतिविधियों के दौरान अवलोकन एवं चर्चा के आधार पर बच्चों का आकलन करें।<br>● बच्चों की बनाई वस्तुओं को उनके पोर्टफोलियो में दर्ज करें। पोर्टफ़ोलियो बच्चों के काम का संग्रह है, जो बच्चे की प्रगति, सफलताओं, रचनात्मक विकास आदि का प्रदर्शन है। समय-समय पर बच्चों का पोर्टफोलियो उनके माता-पिता से साझा करें। |

## शनिवार

**सप्ताह 2**

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | चलो दोहराएँ | शिक्षक बच्चों को दिन, सप्ताह और महीने के बारे में बताएँ | बच्चों का मनपसंद खेल | योगासन : पेट से साँस |
| उद्देश्य | सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान एवं शिक्षक द्वारा अवलोकन।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करना। | बच्चों को दिन, सप्ताह और महीने के बारे में बताना | बच्चों में शारीरिक और मानसिक विकास | शारीरिक विकास और एकाग्रता |
| तैयारी और सामग्री | | वार्षिक कैलेंडर | | |
| गतिविधि के चरण | • सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान करवाएँ।<br>• बच्चों की बनाई वस्तुओं को उनके पोर्टफोलियो में दर्ज करें। | • बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठकर वार्षिक कैलेंडर दिखाएँ।<br>• बच्चों से पूछें, यह उन्होंने कहाँ देखा है? इसमे क्या होता है?<br>• कैलेंडर दिखाते हुए बच्चे को तारीख , सप्ताह और महीने के बारे में बताएँ।<br>• आज की तारीख दिखाते हुए दिनों पर चर्चा करें। इसी तरह पूरे सप्ताह के दिनों पर चर्चा करें।<br>• कहें, सात दिन मिलकर एक सप्ताह होता है।<br>• ऐसे ही महीनों के नाम बताएं और कहें- 12 महीने मिलकर एक साल होता है। | बच्चों को अपने साथियों के साथ अपनी पसंद का खेल चुनने और खेलने का अवसर दें। इस दौरान शिक्षक का दायित्व बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सक्रिय रूप से अवलोकन करना होगा। | • अपना एक हाथ पेट पर और एक हाथ अपनी छाती पर रखें।<br>• 4 बार गहरी साँस लें और छोड़ें।<br>• बच्चों से भी साथ में करने के लिए कहें।<br>• बच्चों से कहें : साँस लेते और छोड़ते समय पेट की क्रिया को महसूस करें। |

सप्ताह 3

| | सोमवार | | | |
|---|---|---|---|---|
| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | परिचित शब्दों से प्रथम ध्वनि को पहचानना (ट, ड) और ट, ड से शुरू होने वाले अन्य शब्द बताना | बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना एवं उससे जुड़ी चर्चा करना। साथ ही ट, ड से शुरू होने वाले शब्दों को पहचानना |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | 'ट' और 'ड' वर्ण की ध्वनि पहचानना | बिगबुक से कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा करना |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | 'ट' और 'ड' वर्ण कार्ड | बिगबुक से कहानी पढ़ लें और सरल प्रश्नों की सूची बना लें |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● 'ट' और 'ड' से शुरू होने वाले परिचित शब्दों को बोलें।<br>● बच्चों से पहली ध्वनि पहचानने के लिए कहें। पहली ध्वनि पहचानने में बच्चों की मदद करें।<br>● जब बच्चे ध्वनि पहचानने लगें, उनसे 'ट' और 'ड' वर्ण से शुरू होने वाले अन्य शब्द बताने के लिए कहें।<br>● अंत में, बच्चों को 'ट' और 'ड' वर्ण का वर्ण कार्ड दिखाएँ और 'ट' और 'ड' वर्ण को बोर्ड पर लिखकर उसकी आकृति दिखाएँ। | ● बच्चों को गोल घेरे में बैठाकर सहज करें।<br>● इसके बाद आप किताब का मुख्य पृष्ठ सभी बच्चों को दिखाएँ और कहानी के बारे में अनुमान लगाने के लिए कहें। जैसे- इस चित्र में आपको क्या दिख रहा है? यह कहानी किसके बारे में है?<br>● अब आप किताब के सभी पृष्ठ को क्रम से पलटते हुए बच्चों को दिखाएँ और कहानी के बारे में अनुमान लगाने के लिए कहें। साथ ही साथ हाव-भाव से पढ़ें।<br>● आप कहानी का दो बार आदर्श पठन करें।<br>● बच्चों को यह समझने का मौके दें कि किताब को बाईं से दाईं ओर पढ़ा जाता है।<br>● बाद में बच्चों ने जो चित्र देखकर अनुमान लगाया था, उन पर चर्चा करें।<br>● कहानी से 'ट' और 'ड' वर्ण से शुरू होने वाले शब्दों को चार्टपेपर पर लिखकर चिपकाएँ और उन्हें पढ़ने का अभ्यास कराएँ। |

## सप्ताह 3

### सोमवार

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | मुक्त चित्रकारी | 7 (सात) वस्तुओं के माध्यम से अंक '7' की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए अंक '7' की पहचान कराएँ। | हम बाजार जाएंगे | बातचीत : सभी बच्चों से पूछें कि साफ रहने से हमें कैसा लगता है? |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी माँसपेशियों का विकास, बौद्धिक विकास | 1-7 तक की वस्तुओं को गिनकर संख्या से मिलाएंगे | निर्देश सुनकर समझना एवं बच्चों का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास | मौखिक अभिव्यक्ति, सुनने की क्षमता और आत्मविश्वास |
| तैयारी और सामग्री | पेंसिल, रंग, कागज, चॉक | 8-10 बटन, 7 का संख्या कार्ड | | एक गेंद |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ और सहज करें।<br>• दी गई सामग्री (पेंसिल, रंग, कागज, चॉक) को कक्षा-कक्ष के बीच में रख दें और बच्चों से अपनी मन पसंद सामग्री उठाकर मनचाहा चित्र बनाने को कहें।<br>• गतिविधि समाप्त होने के बाद बच्चों के द्वारा बनाए गए चित्र के बारे में अपने साथी को बताने को कहें। | • एक-एक करके गिनते हुए सात बटन रखें, कहें यह सात है।<br>• एक-एक करके कुछ बच्चों को बुलाकर गिनने के लिए कहें।<br>• फिर 7 का संख्या कार्ड दिखाएँ और कहें यह '7' है, इसे ऐसे लिखते है।<br>• फिर बच्चों को 4-4 के समूह मे बाँट दें। प्रत्येक समूह को 8-9 बटन दें और 7 के संख्या कार्ड के साथ कुछ अन्य संख्या कार्ड दें।<br>• बच्चों से कहें, सात बटन गिनकर अलग करें और 7 का संख्या कार्ड भी रखें। | • शिक्षक बच्चों को गोले में खड़ा करके एक के पीछे एक दौड़ने के लिए कहें।<br>• बच्चे जब दौड़ रहे हों, तब शिक्षक बोलें- 'हम बाजार जाएंगे' और बच्चे कहेंगे- 'ढेर जलेबी खाएंगे'।<br>• फिर शिक्षक एक संख्या बोलें, जैसे- 2 या 5 और बच्चों को उतने ही संख्या का दल बनाना होगा। | • शिक्षक सभी बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठें और दिन के बातचीत विषय का संक्षिप्त परिचय दें।<br>• शिक्षक पहले स्वयं विषय से संबंधित अपना छोटा अनुभव / विचार साझा करें, ताकि बच्चों को बोलने का तरीका समझ आए।<br>• अब गेंद एक बच्चे को दें। जिस बच्चे के पास गेंद होगी, वही बोलेगा; बाकी बच्चे ध्यान से सुनेंगे।<br>• बच्चे को विषय से जुड़ा अपना अनुभव / विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>• बोलने के बाद बच्चा गेंद अगले बच्चे को दे। यह क्रम तब तक जारी रखें, जब तक सभी बच्चों को अवसर न मिल जाए।<br>• आवश्यकता होने पर शिक्षक सरल प्रश्न पूछकर बच्चों की मदद करें, पर बातचीत का नेतृत्व बच्चों को करने दें।<br>• अंत में, बच्चों के प्रयास की सराहना करें और गतिविधि का सकारात्मक समापन करें। |

सप्ताह 3

| मंगलवार | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | ट, ड वर्ण को पहचानना जैसे वर्णों को आकृति से मिलाना / ट, ड वर्ण से शुरू होने वाले चित्रों को छाँटना | शिक्षक और बच्चे मिलकर कहानी को पढ़ें (साझा पठन) परिचित शब्दों को पहचानना (लोगोग्राफिक पठन) ट, ड वर्ण पहचान कर अपने साथी को बताना। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | 'ट' और 'ड' वर्ण से शुरू होने वाले चित्रों के चित्र कार्ड, कुछ अन्य वर्णों से शुरू होने वाले चित्रों के चित्र कार्ड | • कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा<br>• बिग बुक से साझा पठन के मौके देना |
| तैयारी और सामग्री | | • कला कोना<br>• किताब कोना<br>• ब्लॉक कोना<br>• अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | 'ट' और 'ड' वर्ण की पहचान | • पिछले दिन प्रयोग की गई बिगबुक को दोबारा पढ़ लें और कहानी से जुड़े सरल प्रश्नों की सूची बना लें। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>• बच्चों का स्वागत<br>• प्रार्थना<br>• स्वच्छता जाँच<br>• बच्चों से संवाद<br>• सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | • बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>• यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | • पिछले दिन की गतिविधि को बच्चों के साथ फिर से दोहराएं<br>• 'ट' और 'ड' वर्ण का वर्ण कार्ड दिखाते हुए वर्ण की पहचान कराएँ।<br>• बच्चों को छोटे-छोटे समूह में बाँटे और उन्हें 'ट' और 'ड' वर्ण से शुरू होने वाले चित्रों के चित्र कार्ड और कुछ अन्य चित्र कार्ड दें।<br>• बच्चों को 'ट' और 'ड' वर्ण से शुरू होने वाले चित्रों के कार्ड को अलग करने के लिए कहें। जरूरत के अनुसार कार्ड छाँटने मे बच्चों की मदद करें। | • सभी बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ और सहज करें।<br>• कुछ प्रश्न पूछकर पिछले दिन की चर्चा का दोहराव करें।<br>• कहानी का एक बार हाव-भाव के साथ आदर्श वाचन करें।<br>• इसके बाद बच्चों को किताब दिखाते हुए उंगली रखकर फिर से कहानी पढ़ना शुरू करें। आप कहानी का आधा वाक्य बोलें और बच्चों को उसे पूरा करने के लिए कहें। किताब इस तरह पकड़ें कि सभी बच्चे किताब को देख सकें।<br>• आप बच्चों से कहानी पर बातचीत करें और खुले छोर के प्रश्न पूछें, जैसे- इस कहानी मे आगे क्या हुआ होगा? इस कहानी के अंत मे क्या बदलाव कर सकते हैं।<br>• कुछ बच्चों को बुलाकर कहानी को अपने शब्दों में सुनाने के लिए कहें।<br>• पिछले दिन चार्ट पेपर पर लिखे शब्दों को पढ़ने के लिए कहें।<br>• बच्चों को कहानी से 'ट' और 'ड' वर्ण को ढूँढकर अपने साथी को दिखाने के लिए कहें। |

**सप्ताह 3**

| मंगलवार | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | रोल प्ले करना (डॉक्टर, टीचर, नाई) | अंक '7' को ठोस वस्तुओं के साथ मिलवाएं | पासे को घुमाएँ और आई हुई संख्या के बराबर कूदें | योगासन : कंधा घुमाकर साँस |
| उद्देश्य | मौखिक अभिव्यक्ति, कल्पनाशीलता | अंक 7 को ठोस वस्तुओं के साथ मिलाना | निर्देश सुनकर समझना | शारीरिक विकास और एकाग्रता |
| तैयारी और सामग्री | रोल प्ले से संबंधित सरल सामग्री | अंक 7 का संख्या कार्ड, 8-10 बटन | पासा (पासा बनाने के लिए चहक टी.एल.एम. सामग्री में दिए गए क्राफ्ट की सामग्री का उपयोग करें) | |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाकर गतिविधि का परिचय दें।<br>• शिक्षक पहले एक छोटी भूमिका निभाकर मॉडल करें कि कैसे बातचीत करनी है या अभिनय करना है।<br>• बच्चों को छोटे-छोटे समूहों में बाँटें और उन्हें भूमिका चुनने या सौंपने का अवसर दें।<br>• बच्चों को अपनी भूमिका के अनुसार अभिनय करने, संवाद बोलने और एक-दूसरे के साथ बातचीत करने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>• सभी समूहों को बारी-बारी से भूमिका निभाने का अवसर दें। | • बटन के साथ पिछले दिन की गतिविधि को दोहराएँ।<br>• बच्चों को कक्षा से कोई 7 वस्तु लाकर उसे 7 के संख्या कार्ड के सामने रखें के लिए कहें।<br>• ध्यान रखें सभी बच्चों को गतिविधि करने का मौका मिले। | • शिक्षक बच्चे को पासे को घुमाने के लिए कहें। घुमाने पर आई हुई बिंदियों की गिनती करें। फिर उन्हें आई हुई संख्या के बराबर कूदने के लिए कहें।<br>• गतिविधि को रोचक बनाने के लिए पासे पर आई हुई संख्या के बराबर जानवरों या फलों के नाम बताने को कहें, जैसे- यदि पासे पर संख्या 3 आती है तो बच्चे को 3 जानवर या 3 फल के नाम बताने होंगे। | • बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठकर, साँस अंदर लेते हुए अपने कंधों को कानों की ओर ऊपर उठाएँ।<br>• साँस छोड़ते हुए अपने कंधों को वापस नीचे की ओर झुकाएँ।<br>• कंधे घुमाकर साँस लेने से तनाव दूर होता है।<br>• इस गतिविधि को 4-5 बार करें। |

## बुधवार

**सप्ताह 3**

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | अलग-अलग वस्तुओं को बजाकर धुन बनाना/निकालना | अंक '7' को लिखने का अभ्यास करवाएँ। जैसे बिंदुओं को मिलाकर अंकों को लिखना। | रस्सी कूदना | बातचीत : सभी बच्चों से पूछें कि आपको अपने बारे में क्या-क्या अच्छा लगता हैं? |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी माँसपेशियों का विकास, सुनने की क्षमता का विकास | अंक 7 लिखना | स्थूल मोटर कौशल, संतुलन | मौखिक अभिव्यक्ति, सुनने की क्षमता और आत्मविश्वास |
| तैयारी और सामग्री | अलग-अलग तरह के बर्तन एवं वस्तुएँ, जिन पर चोट करने से कोई सुरीली आवाज निकले | अंक 7 लिखने के लिए बिंदुओं वाले कार्यपत्रक प्रत्येक बच्चे के लिए पहले से तैयार करके रख लें | कूदने वाली रस्सी | एक गेंद |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ और सहज करें।<br>• बच्चों को 4-4 के छोटे समूहों में बाँटें और प्रत्येक बच्चे को कोई एक वस्तु बजाने के लिए दें जैसे कप और चम्मच। ध्यान रहे कि सभी समूहों के पास अलग-अलग चीजें हों। जैसे- थाली, कटोरी, किसी वस्तु में फँसी रबर बैंड इत्यादि।<br>• बारी-बारी से प्रत्येक समूह के हर बच्चे को दी गई वस्तु बजाकर आवाज निकालने को कहें।<br>• बच्चों को प्रत्येक समूह द्वारा अलग-अलग वस्तुओं से निकाली गई ध्वनियों को सुनने एवं अंतर कर पाने का मौका दें। | • पिछले दिन की गतिविधि को ठोस वस्तुओं के साथ दोहराएँ।<br>• बोर्ड पर 7 लिखकर बच्चों को बताएं, कहें कि 7 को ऐसे लिखते हैं।<br>• बच्चों को कार्यपत्रक दें और कहें, बिंदुओं को मिलाकर अंक 7 लिखें।<br>• जरूरत के अनुसार बच्चों की मदद करें। | • बच्चों को खुले और सुरक्षित स्थान पर एक पंक्ति या छोटे समूहों में खड़ा करें।<br>• शिक्षक पहले स्वयं रस्सी पकड़कर कूदने का तरीका करके दिखाएँ- कैसे रस्सी घुमानी है और कब कूदना है।<br>• एक-एक करके बच्चों को रस्सी कूदने का अवसर दें।<br>• बच्चों को अपनी गति के अनुसार कूदने के लिए प्रोत्साहित करें; जल्दी करने का दबाव न डालें।<br>• सभी बच्चों को बारी-बारी से अवसर दें और उनके प्रयासों की सराहना करें। | • शिक्षक सभी बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठें और दिन के बातचीत विषय का संक्षिप्त परिचय दें।<br>• शिक्षक पहले स्वयं विषय से संबंधित अपना छोटा अनुभव/विचार साझा करें, ताकि बच्चों को बोलने का तरीका समझ आए।<br>• अब गेंद एक बच्चे को दें। जिस बच्चे के पास गेंद होगी, वही बोलेगा; बाकी बच्चे ध्यान से सुनेंगे।<br>• बच्चे को विषय से जुड़ा अपना अनुभव/विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>• बोलने के बाद बच्चा गेंद अगले बच्चे को दे- यह क्रम तब तक जारी रखें, जब तक सभी बच्चों को अवसर न मिल जाए।<br>• आवश्यकता होने पर शिक्षक सरल प्रश्न पूछकर बच्चों की मदद करें, पर बातचीत का नेतृत्व बच्चों को करने दें।<br>• अंत में, बच्चों के प्रयास की सराहना करें और गतिविधि का सकारात्मक समापन करें। |

## बुधवार

सप्ताह 3

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | ट, ड वर्ण को लिखना जैसे बिंदुओं को मिलाकर वर्णों को लिखना। | ट, ड वर्ण की आकृति को उंगली से हवा / मिट्टी / पीठ / पानी पर बनाने का अभ्यास करना। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | बिंदुओं के माध्यम से 'ट' और 'ड' वर्ण लिखना | वर्णों की आकृति बनाना |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | 'ट' और 'ड' वर्ण का चित्र कार्ड, 'ट' और 'ड' वर्ण को लिखने के लिए बिंदुओं वाले कार्यपत्रक | संबंधित वर्ण से शुरू होने वाले परिवेशीय शब्दों की सूची बना लें<br>मिट्टी / बोर्ड |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● 'ट' और 'ड' वर्ण के वर्ण कार्ड को दिखाते हुए बच्चों को पुनः वर्ण की पहचान कराएँ।<br>● श्यामपट्ट पर 'ट' और 'ड' वर्ण लिखकर बच्चों को दिखाएं।<br>● बिंदुओं को मिलाकर 'ट' और 'ड' वर्ण को लिखने के अभ्यास के लिए कार्यपत्रक बनाकर बच्चों को दें।<br>● बच्चों से बिंदुओं को मिलाकर 'ट' और 'ड' वर्ण लिखने के लिए कहें। जरूरत के अनुसार बच्चों की मदद करें। | ● बच्चों को गोल घेरे में खड़ा करें 'ट' और 'ड' वर्ण से शुरू होने वाले शब्दों को बोलने के लिए कहें।<br>● इसके बाद हवा में 'ट' और 'ड' वर्ण को लिखें और बच्चों को पहचानने के लिए कहें। फिर बच्चों को भी हवा में 'ट' और 'ड' वर्ण बनाने के लिए कहें।<br>● बच्चों को एक-दूसरे की पीठ पर 'ट' और 'ड' वर्ण उंगली से बनाने के लिए कहें।<br>● बच्चों को पानी, मिट्टी आदि में 'ट' और 'ड' वर्ण बनाने के लिए कहें। यदि बच्चे हरी पट्टी पर लिखने के लिए कहें, तो लिखने दें। |

सप्ताह 3

| बृहस्पतिवार | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | अब तक सीखे गए वर्णों (क, ग, च, ज, ट, ड) को मिलाकर नए शब्द बनाना और लिखना | किताबें उलटने-पलटने का मौका देना एवं चित्रों को देखकर कहानी का अनुमान लगाना। अब तक सीखे गए वर्णों (क, ग, च, ज, ट, ड) को/वर्णों से बने शब्दों को |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | सीखे वर्णों को मिलाकर अमात्रिक शब्द बनाना | किताबों को उलटना-पलटना और उनमें चित्रों द्वारा कहानी का अनुमान लगाना |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | अब तक सीखे गए वर्णों ('क', 'ग', 'च', 'ज', 'ट', 'ड') के वर्ण कार्ड | ● बच्चों के स्तर के अनुरूप ऐसी कहानियों का चयन करना, जिनमें चित्र अधिक हों। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● बच्चों को अब तक सिखाए गए वर्णों ('क', 'ग', 'च', 'ज', 'ट', 'ड') के वर्ण कार्ड से 2 वर्णों वाले अमात्रिक शब्द बनाकर दिखाएँ और बच्चों से भी शब्द बनाने के लिए कहें।<br>● बच्चों को छोटे-छोटे समूह में बाँटें और उन्हें सिखाए गए वर्णों ('क', 'ग', 'च', 'ज', 'ट', 'ड') के वर्ण कार्ड दें और अमात्रिक शब्द बनाने और कॉपी पर लिखने के लिए कहें। जरूरत के अनुसार समूह में जाकर बच्चों की मदद करें। | ● बच्चों को पुस्तकालय या रीडिंग कॉर्नर से अधिक चित्रों वाली कहानी की किताब दें, उन्हें चित्रों और शब्दों को देखकर पढ़ने का प्रयास करने के लिए कहें। बच्चों को स्वयं से किताब चयन करने का मौका दें।<br>● बच्चों को किताब उलटने-पलटने और आपस में बात करने का मौका दें।<br>● कुछ बच्चों (2-3) बच्चों से उनकी किताब की कहानी को अपनी भाषा में बताने के लिए कहें।<br>● बच्चे जो भी कहानी बनाएँ, उसे स्वीकार करें और कहानी बताने में उनका सहयोग करें।<br>● कहानी से अब तक सीखे गए वर्णों (क, ग, च, ज, ट, ड) को/वर्णों से बने शब्दों को ढूँढने के लिए कहें। |

सप्ताह 3

| | बृहस्पतिवार | | | |
|---|---|---|---|---|
| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
| गतिविधि का नाम | मिट्टी से आकृतियाँ बनाना | अब तक सीखे गए अंकों (1-7) का ठोस वस्तुओं के माध्यम से दोहराव करें | गेंद को लुढ़काकर लक्ष्य तक पहुँचाना | योगासन : ताड़ासन |
| उद्देश्य | रचनात्मकता तथा ध्यान केंद्रित करने की क्षमता | 1-7 तक के अंकों का दोहराव | स्थूल मोटर कौशल तथा निर्देशों का पालन करने की क्षमता | शारीरिक विकास और एकाग्रता |
| तैयारी और सामग्री | मिट्टी | प्रत्येक बच्चे के लिए 8 बटन और 1-7 तक के संख्या कार्ड | • 1 गेंद<br>• लक्ष्य चिन्हित करने के लिए कोई वस्तु (जैसे- बाल्टी, डिब्बा या जमीन पर बनाया गया निशान) | |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ।<br>• शिक्षक पहले स्वयं मिट्टी को दबाकर, रोल करके या आकार देकर करके दिखाएँ कि आकृति कैसे बनाई जाती है।<br>• बच्चों को मिट्टी दें और उन्हें अपनी पसंद की आकृतियाँ (जैसे- गेंद, साँप, फूल आदि) बनाने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>• गतिविधि पूरी होने पर बच्चों के प्रयासों की सराहना करें और सामग्री को व्यवस्थित रखने तथा हाथ साफ करने के लिए कहें। | • बच्चों को 4-4 के समूह में बाँटें।<br>• प्रत्येक बच्चे को 8 बटन और 1-7 तक का संख्या कार्ड दें।<br>• फिर 1-7 के बीच का कोई एक अंक बोलें और बच्चों को उतने बटन और उस अंक का संख्या कार्ड दिखाने के लिए कहें।<br>• सभी बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करें और बच्चों को गतिविधि को पूरा करने के लिए भरपूर समय दें। | • बच्चों को खुले स्थान में एक पंक्ति या छोटे समूहों में खड़ा करें।<br>• जमीन पर एक लक्ष्य तय करें और बच्चों को दिखाएँ कि गेंद को कैसे धीरे-धीरे लुढ़काकर लक्ष्य तक पहुँचाना है। शिक्षक पहले स्वयं करके दिखाएँ।<br>• अब एक-एक करके बच्चों को गेंद लुढ़काने का अवसर दें।<br>• बच्चों को निर्देश दें कि वे गेंद को नियंत्रित तरीके से लक्ष्य की ओर लुढ़काएँ।<br>• सभी बच्चों को बारी-बारी से अवसर दें और अंत में उनके प्रयासों की सराहना करें। | • बच्चों को खड़ा करें। दोनों हाथ ऊपर उठाकर, हाथ की उंगलियों को एक-दूसरे में फँसाने के लिए कहें। अब पैर की एड़ी ऊपर उठाकर पंजों के सहारे खड़े होने के लिए कहें।<br>• गहरी साँस लेते हुए 20-30 सेकंड तक बड़े होने (खींचने) के लिए कहें। साँस छोड़ते हुए वापस सामान्य स्थिति में आने के लिए कहें। यह प्रक्रिया 3-4 बार दोहराएँ। |

**सप्ताह 3**

## शुक्रवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | शिक्षक द्वारा हाव-भाव के साथ मौखिक कहानी सुनाना और उससे जुड़ी चर्चा करना। | अपनी भाषा मे परिवेशीय चित्रों पर चर्चा करना। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा करना | चित्र के बारे में अपनी भाषा में बात करना |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | स्थानीय कहानी<br>आप कहानी पर चर्चा के लिए खुले और बंद छोर के प्रश्न पहले से तैयार रखें | ● चर्चा के लिए उपयुक्त चित्र का चयन करना<br>● चर्चा के लिए खुले और बंद छोर के प्रश्न तैयार करना |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए स्थानीय कविता हाव-भाव सहित गाएँ।<br>● आप कक्षा के बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ।<br>● आप बच्चों को कोई भी स्थानीय कहानी को अपने शब्दों स्थानीय भाषा में बच्चों को सुनाएँ।<br>● बच्चों का ध्यान बनाए रखने के लिए बीच-बीच में बच्चों से कहीं से संबंधित 3-4 सरल एवं तथ्यात्मक (बंद छोर) प्रश्न पूछें।<br>● कहानी समाप्त होने के बाद बच्चों से पूछें कि उन्हें कहानी कैसी लगी और क्यों?<br>● बातचीत को समृद्ध बनाने के लिए आप खुले छोर के प्रश्न (कल्पना, अनुभव, अनुमान लगाने से जुड़े) भी प्रश्न पूछ सकते हैं, लेकिन इन प्रश्नों की संख्या सीमित रखें। | ● गतिविधि की शुरुआत किसी छोटी-सी कविता से करें।<br>● फिर बच्चों को चित्र चार्ट दिखाते हुए चित्र चार्ट मे दिख रही चीजों / घटनाओं गतिविधियों के बारे में सरल व बंद छोर के प्रश्न पूछें, जैसे- यह चित्र कहाँ का है? इस चित्र में क्या हो रहा है? आदि।<br>● प्रत्येक प्रश्न पर 2-3 बच्चों की प्रतिक्रिया लें। यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक बच्चे को कम से कम 2 प्रश्नों का उत्तर देने का मौका मिले।<br>● फिर बच्चों के कुछ खुले छोर के प्रश्न पूछें, जैसे इनमें से कौन-कौन सी वस्तुएँ आस-पास नजर आती हैं?<br>● फिर आप कुछ और प्रश्न पूछें और बच्चों को जोड़ियों में आपस में चर्चा करने के लिए कहें। |

## सप्ताह 3

### शुक्रवार

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | सुनाई गई मौखिक कहानी के आधार पर कोई भी चित्र बनाना | पैटर्न (ABB, ABC) का अलग-अलग वस्तुओं के साथ दोहराव करें। | स्टापू<br>(आठ खानों में अलग-अलग आकृति बनाकर निर्देशानुसार उस पर कूदने की गतिविधि) | बातचीत : सभी बच्चों से पूछें कि आपको घर में कौन-सा काम करना अच्छा लगता हैं? |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी माँसपेशियों एवं कल्पनाशीलता का विकास | अलग-अलग रंग की वस्तुओं से पैटर्न बनाना | शारीरिक और मानसिक विकास | मौखिक अभिव्यक्ति, सुनने की क्षमता और आत्मविश्वास |
| तैयारी और सामग्री | • बच्चों को 4-5 की संख्या के छोटे-छोटे समूहों में बाँटें<br>• चित्र बनाने हेतु कागज़, पेंसिल, रबर, शार्पनर एवं क्रेयॉन/रंग इत्यादि | 2-3 रंग की वस्तुएँ | चॉक, पत्थर | एक गेंद |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ और सहज करें।<br>• बच्चों को छोटे-छोटे समूह में बाँटें और प्रत्येक बच्चे को एक-एक कागज़, पेंसिल, रबर, शार्पनर एवं क्रेयॉन/रंग इत्यादि उपलब्ध कराएँ।<br>• अब आप बच्चों को सुनाई गई कहानी याद दिलाएँ। इसके बाद बच्चों से कहें कि वे कहानी के किसी भी हिस्से या पात्र के आधार पर अपना चित्र बनाएँ।<br>• बीच-बीच में बच्चों की मदद करते रहें और जब चित्र बन जाए तो उनको किसी दीवार पर लगा दें।<br>• कहानी पर बनाए गए चित्रों को देखकर सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करें। | • बच्चों के सामने दो अलग-अलग रंग (लाल, हरा) की वस्तुएँ रखें, पहले लाल रंग की वस्तु रखें, फिर हरे रंग की वस्तु रखें, इसी तरह से ABAB पैटर्न बनाकर बच्चों को दिखाएँ।<br>• फिर प्रत्येक बच्चे को दो-दो रंग की वस्तुएँ दें और उन्हें भी ABAB पैटर्न बनाने के लिए कहें। जरूरत के अनुसार बच्चों की मदद करें।<br>• इसी तरह से बच्चों को ABC पैटर्न भी दोहराएँ। | • आप जमीन पर स्टापू बनाकर संख्या लिख दें।<br>• बच्चों को स्टापू के नियमों को समझा दें। बच्चों को पत्थर को ऐसे फेंकने के लिए कहें, जिससे वो बने हुए खाने में गिरें। अब खाने के अन्दर बच्चों को एक पैर से कूदने को कहें।<br>• कूदते हुए पैरों से पत्थर को खानों से बाहर निकालना होगा।<br>• ऐसे ही सभी बच्चों को खेलने का मौका दें। खेल के दौरान बच्चों की सुरक्षा का ध्यान रखें। | • शिक्षक सभी बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठें और दिन के बातचीत विषय का संक्षिप्त परिचय दें।<br>• शिक्षक पहले स्वयं विषय से संबंधित अपना छोटा अनुभव/विचार साझा करें, ताकि बच्चों को बोलने का तरीका समझ आए।<br>• अब गेंद एक बच्चे को दें। जिस बच्चे के पास गेंद होगी, वही बोलेगा; बाकी बच्चे ध्यान से सुनेंगे।<br>• बच्चे को विषय से जुड़ा अपना अनुभव/विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>• बोलने के बाद बच्चा गेंद अगले बच्चे को दे- यह क्रम तब तक जारी रखें, जब तक सभी बच्चों को अवसर न मिल जाए।<br>• आवश्यकता होने पर शिक्षक सरल प्रश्न पूछकर बच्चों की मदद करें, पर बातचीत का नेतृत्व बच्चों को करने दें।<br>• अंत में, बच्चों के प्रयास की सराहना करें और गतिविधि का सकारात्मक समापन करें। |

## शनिवार

**सप्ताह 3**

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल |
|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | चलो दोहराएँ - सप्ताह के छठवें दिन, सप्ताह भर की गतिविधियों का दोहराव करवाएँ। शिक्षक अवलोकन या किसी अन्य आयु उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन करें।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करें। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | आवश्यतानुसार गतिविधियों का दोहराव और अवलोकन या किसी अन्य आयु-उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | ● सप्ताह में कराई गई गतिविधियों में बच्चों के कार्य का अवलोकन करें। बच्चों को पढ़ी हुई कहानी के बारे में चर्चा करने एवं तुकांत शब्दों को पहचानने-बनाने मौके दें।<br>● हर बच्चे का एक पोर्टफोलियो बनाएँ, जिसमें उनकी बनाई वस्तुओं (चित्र, मिट्टी की मूर्तियाँ, क्राफ्ट की वस्तुएँ आदि) को रखें। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● गतिविधि की शुरूआत आप छोटी कविता से करें। बच्चों को चलने-फिरने / उठने-बैठने का मौका दें।<br>● सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान करवाएँ। इस सप्ताह में उन गतिविधियों को दोहराएँ, जिसमें बच्चों को पढ़ी हुई कहानी के बारे में चर्चा करने एवं तुकांत शब्दों को पहचानने-बनाने के मौके मिलें, जैसे- बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना, साझा पठन करना, लयबद्ध कविता से तुकांत शब्द पहचानना / बनाना आदि।<br>● जब बच्चे इन गतिविधियों में जुड़े हो, उनके कार्य का अवलोकन करें। आप बच्चों से उनके कार्य के बारे में बात भी कर सकते हैं, जैसे- आप क्या बना रहे हो? आपने क्या लिखा है? आज आप क्या खेलोगे? आदि। इस तरह गतिविधियों के दौरान अवलोकन एवं चर्चा के आधार पर बच्चों का आकलन करें।<br>● बच्चों की बनाई वस्तुओं को उनके पोर्टफोलियो में दर्ज करें। पोर्टफ़ोलियो बच्चों के काम का संग्रह है, जो बच्चे की प्रगति, सफलताओं, रचनात्मक विकास आदि का प्रदर्शन है। समय-समय पर बच्चों का पोर्टफोलियो उनके माता-पिता से साझा करें। |

## शनिवार

**सप्ताह 3**

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | चलो दोहराएँ | साप्ताहिक पुनरावृत्ति | बच्चों का मनपसंद खेल | योगासन : गहरी साँस |
| उद्देश्य | सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान एवं शिक्षक द्वारा अवलोकन।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करना। | शिक्षक इस सप्ताह कराई गई सभी गतिविधियों की पुनरावृत्ति बच्चों से करवाएँ।<br>● अंक '7' की अवधारणा<br>● अंक '7' को लिखने का अभ्यास<br>● सीखे गए अंकों (1-7) का ठोस वस्तुओं के माध्यम से दोहराव<br>● पैटर्न (ABB, ABC) | बच्चों में शारीरिक और मानसिक विकास | शारीरिक विकास और एकाग्रता |
| तैयारी और सामग्री | | गतिविधियों के अनुसार समग्रियों की व्यवस्था व तैयारी करें। | | |
| गतिविधि के चरण | ● सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान करवाएँ।<br>● बच्चों की बनाई वस्तुओं को उनके पोर्टफोलियो में दर्ज करें। | बच्चों को गतिविधियों की अनुसार सरल भाषा में निर्देश दें व आवश्यकतानुसार उनकी सहायता करें। | बच्चों को अपने साथियों के साथ अपनी पसंद का खेल चुनने और खेलने का अवसर दें। इस दौरान शिक्षक का दायित्व बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सक्रिय रूप से अवलोकन करना होगा। | ● बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठें।<br>● स्वयं गहरी साँस लेकर और छोड़कर बच्चों को दिखाएँ।<br>● बच्चों से 5 बार गहरी साँस लेने और छोड़ने के लिए कहें। साथ में स्वयं भी करें।<br>● बच्चों को इसके फायदे बताएँ, जैसे कि इससे फेफड़े मजबूत होते हैं, आदि। |

सप्ताह 4

| सोमवार | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | परिचित शब्दों से प्रथम ध्वनि को पहचानना (त, द) और त, द से शुरू होने वाले अन्य शब्द बताना। | बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना एवं उससे जुड़ी चर्चा करना। साथ ही, त, द से शुरू होने वाले शब्दों को पहचानना |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | 'त' और 'द' वर्ण की ध्वनि पहचानना | बिगबुक से कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा करना |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | 'त' और 'द' वर्ण कार्ड | बिगबुक से कहानी पढ लें और सरल प्रश्नों की सूची बना लें |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● 'त' और 'द' से शुरू होने वाले परिचित शब्दों को बोलें।<br>● बच्चों से पहली ध्वनि पहचानने के लिए कहें। पहली ध्वनि पहचानने में बच्चों की मदद करें।<br>● जब बच्चे ध्वनि पहचानने लगें, उनसे 'त' और 'द' वर्ण से शुरू होने वाले अन्य शब्द बताने के लिए कहें।<br>● अंत में, बच्चों को 'त' और 'द' वर्ण का वर्ण कार्ड दिखाएँ और 'त' और 'द' वर्ण को बोर्ड पर लिखकर उसकी आकृति दिखाएँ। | ● बच्चों को गोल घेरे में बैठाकर सहज करें।<br>● इसके बाद आप किताब का मुख्य पृष्ठ सभी बच्चों को दिखाएँ और कहानी के बारे में अनुमान लगाने के लिए कहें। जैसे- इस चित्र में आपको क्या दिख रहा है? यह कहानी किसके बारे में है?<br>● अब आप किताब के सभी पृष्ठ को क्रम से पलटते हुए बच्चों को दिखाएँ और कहानी के बारें मे अनुमान लगाने के लिए कहें। साथ ही साथ हाव-भाव से पढ़ें।<br>● आप कहानी का दो बार आदर्श पठन करें।<br>● बच्चों को यह समझने का मौके दें कि किताब को बाईं से दाईं ओर पढ़ा जाता है।<br>● बाद में बच्चों ने जो चित्र देखकर अनुमान लगाया था, उन पर चर्चा करें।<br>● कहानी से 'त' और 'द' वर्ण से शुरू होने वाले शब्दों को चार्टपेपर पर लिखकर चिपकाएँ और उन्हें पढ़ने का अभ्यास कराएँ। |

## सप्ताह 4

### सोमवार

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | ओरिगामी (चौकोर पेपर से नाव बनाना) | 8 (आठ) वस्तुओं के माध्यम से अंक '8' की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए अंक '8' की पहचान कराएँ। | गेंद : फेंको-पकड़ो | बातचीत : सभी बच्चों से पूछें कि गर्मी में हम क्या-क्या करते हैं? |
| उद्देश्य | छोटी माँसपेशियों तथा रचनात्मक अभिव्यक्ति | 1-8 तक की वस्तुओं को गिनकर संख्या से मिलाएंगे | शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास | मौखिक अभिव्यक्ति, सुनने की क्षमता और आत्मविश्वास |
| तैयारी और सामग्री | चौकोर आकार के रंगीन कागज़/पुराने अखबार (प्रत्येक बच्चे के लिए) | 8-10 बटन, 8 का संख्या कार्ड | गेंद | एक गेंद |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों को आराम से बैठाएँ और गतिविधि का उद्देश्य सरल भाषा में बताएँ।<br>• शिक्षक पहले पूरी प्रक्रिया धीरे-धीरे करके दिखाएँ और हर मोड़ के साथ स्पष्ट निर्देश दें।<br>• चौकोर कागज़ को आधा मोड़कर आयत बनाएँ।<br>• ऊपर के दोनों कोनों को अंदर की ओर मोड़कर त्रिकोण बनाएँ।<br>• नीचे की पट्टी को ऊपर मोड़ें।<br>• दोनों ओर से पकड़कर धीरे खोलें और नाव का आकार दें।<br>• गतिविधि के दौरान बच्चों कि आवश्यकता अनुसार सहायता करें। | • एक-एक करके गिनते हुए आठ बटन रखें, कहें- यह आठ है।<br>• एक-एक करके कुछ बच्चों को बुलाकर गिनने के लिए कहें।<br>• फिर 8 का संख्या कार्ड दिखाएँ और कहें- यह '8' है, इसे ऐसे लिखते हैं।<br>• फिर बच्चों को 4-4 के समूह में बाँट दें। प्रत्येक समूह को 8-9 बटन दें और 8 के संख्या कार्ड के साथ कुछ अन्य संख्या कार्ड दें।<br>• बच्चों से कहें- आठ बटन गिनकर अलग करें और 8 का संख्या कार्ड भी रखें। | • बच्चों को एक लाइन/गोले में खड़ा होने के लिए कहें और उन्हें निर्देश दें कि वे अपने बाएं/दाएं तरफ खड़े साथी को दोनों हाथों से गेंद दें।<br>• इस प्रकार बच्चे तब तक अपने साथी को गेंद देंगे, जब तक सभी को गेंद पास करने का अवसर न मिल जाए।<br>• फिर बच्चों से अपने पीछे खड़े बच्चे को अपने सिर के ऊपर से गेंद पास करने के लिए कहें।<br>• फिर बच्चों से अपने पीछे खड़े बच्चे को अपने पैरों के बीच से गेंद पास करने को कहें।<br>• इसी प्रकार लाइन/गोले में खड़े सभी बच्चों को गेंद पास करने का अवसर मिलना चाहिए। | • शिक्षक सभी बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठें और दिन के बातचीत विषय का संक्षिप्त परिचय दें।<br>• शिक्षक पहले स्वयं विषय से संबंधित अपना छोटा अनुभव/विचार साझा करें, ताकि बच्चों को बोलने का तरीका समझ आए।<br>• अब गेंद एक बच्चे को दें। जिस बच्चे के पास गेंद होगी, वही बोलेगा; बाकी बच्चे ध्यान से सुनेंगे।<br>• बच्चे को विषय से जुड़ा अपना अनुभव/विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>• बोलने के बाद बच्चा गेंद अगले बच्चे को दे- यह क्रम तब तक जारी रखें, जब तक सभी बच्चों को अवसर न मिल जाए।<br>• आवश्यकता होने पर शिक्षक सरल प्रश्न पूछकर बच्चों की मदद करें, पर बातचीत का नेतृत्व बच्चों को करने दें।<br>• अंत में, बच्चों के प्रयास की सराहना करें और गतिविधि का सकारात्मक समापन करें। |

## सप्ताह 4

### मंगलवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | त, द वर्ण को पहचानना जैसे वर्णों को आकृति से मिलाना/ त, द वर्ण से शुरू होने वाले चित्रों को छाँटना | शिक्षक और बच्चे मिलकर कहानी को पढ़ें (साझा पठन) परिचित शब्दों को पहचानना (लोगोग्राफिक पठन) त, द वर्ण पहचान कर अपने साथी को बताना। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | 'त' और 'द' वर्ण से शुरू होने वाले चित्रों के चित्र कार्ड, कुछ अन्य वर्णों से शुरू होने वाले चित्रों के चित्र कार्ड | ● कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा<br>● बिग बुक से साझा पठन के मौके देना |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | 'त' और 'द' वर्ण की पहचान | ● पिछले दिन प्रयोग की गई बिगबुक को दोबारा पढ़ लें और कहानी से जुड़े सरल प्रश्नों की सूची बना लें। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● पिछले दिन की गतिविधि को बच्चों के साथ फिर से दोहराएँ।<br>● 'त' और 'द' वर्ण का वर्ण कार्ड दिखाते हुए वर्ण की पहचान कराएँ।<br>● बच्चों को छोटे-छोटे समूह में बाँटें और उन्हें 'त' और 'द' वर्ण से शुरू होने वाले चित्रों के चित्र कार्ड और कुछ अन्य चित्र कार्ड दें।<br>● बच्चों को 'त' और 'द' वर्ण से शुरू होने वाले चित्रों के कार्ड को अलग करने के लिए कहें। जरूरत के अनुसार कार्ड छाँटने में बच्चों की मदद करें। | ● सभी बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ और सहज करें।<br>● कुछ प्रश्न पूछकर पिछले दिन की चर्चा का दोहराव करें।<br>● कहानी का एक बार हाव-भाव के साथ आदर्श वाचन करें।<br>● इसके बाद बच्चों को किताब दिखाते हुए उंगली रखकर फिर से कहानी पढ़ना शुरू करें। आप कहानी का आधा वाक्य बोलें और बच्चों को उसे पूरा करने के लिए कहें। किताब इस तरह पकड़ें कि सभी बच्चे किताब को देख सकें।<br>● आप बच्चों से कहानी पर बातचीत करें और खुले छोर के प्रश्न पूछें, जैसे इस कहानी में आगे क्या हुआ होगा? इस कहानी के अंत मे क्या बदलाव कर सकते हैं।<br>● कुछ बच्चों को बुलाकर कहानी को अपने शब्दों मे सुनाने के लिए कहें।<br>● पिछले दिन चार्ट पेपर पर लिखे शब्दों को पढ़ने के लिए कहें।<br>● बच्चों को कहानी से 'त' और 'द' वर्ण को ढूँढकर अपने साथी को दिखाने के लिए कहें। |

सप्ताह 4

| मंगलवार | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | अलग-अलग जानवरों के मुखौटे बनाना | अंक '8' को ठोस वस्तुओं के साथ मिलवाएँ | किताब का संतुलन (हाथ से) | योगासन : पेट से साँस |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी माँसपेशियों का विकास और सृजनशीलता का विकास | अंक 8 को ठोस वस्तुओं के साथ मिलाना | शारीरिक विकास | शारीरिक विकास और एकाग्रता |
| तैयारी और सामग्री | पेपर प्लेट, रस्सी, गोंद, पेंसिल, रंग, कागज, कैंची | अंक 8 का संख्या कार्ड, 8-10 बटन | कुछ किताबें | |
| गतिविधि के चरण | ● बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ और सहज करें।<br>● सभी को 4-5 के समूह में विभाजित करके मुखौटे बनाने का सामान दें तथा किसी जानवर का मुखौटा बनाने की प्रक्रिया शिक्षक करते जाएँ और बच्चे उसे देखते जाएँ।<br>● बच्चे को एक-एक कागज दें, जिसमें अलग-अलग जानवरों की आकृतियाँ बनी हों।<br>● पहले सभी बच्चों से कागज़ में बनी आकृति में रंग भरवाएँ, फिर उनको कैंची की सहायता से कटवा लें।<br>● काटी गई आकृतियों को एक लकड़ी की डंडी पर चिपकवा दें और बच्चों से एक-दूसरे के मुखौटों को देखने को कहें। | ● बटन के साथ पिछले दिन की गतिविधि को दोहराएँ।<br>● बच्चों को कक्षा से कोई 8 वस्तु लाकर उसे 8 के संख्या कार्ड के सामने रखें के लिए कहें।<br>● ध्यान रखें, सभी बच्चों को गतिविधि करने का मौका मिले। | ● एक सीधी रेखा खींचें।<br>● क्रम से बच्चों की दोनों हथेलियों पर एक-एक किताब रखें।<br>● बिना किताब गिराए हुए संतुलन बनाकर रेखा पर चलने के लिए कहें। | ● अपना एक हाथ पेट पर और एक हाथ अपनी छाती पर रखें।<br>● 4 बार गहरी साँस लें और छोड़ें।<br>● बच्चों से भी साथ में करने के लिए कहें।<br>● बच्चों से कहें : साँस लेते और छोड़ते समय पेट की क्रिया को महसूस करें। |

बाल वाटिका

## सप्ताह 4

### बुधवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | त, द वर्ण को लिखना जैसे बिंदुओं को मिलाकर वर्णों को लिखना। | त, द वर्ण की आकृति को उंगली से हवा/मिट्टी/पीठ/पानी पर बनाने का अभ्यास करना। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | बिंदुओं के माध्यम से 'त' और 'द' वर्ण लिखना | वर्णों की आकृति बनाना |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | 'त' और 'द' वर्ण का चित्र कार्ड, 'त' और 'द' वर्ण को लिखने के लिए बिंदुओं वाले कार्यपत्रक | संबंधित वर्ण से शुरू होने वाले परिवेशीय शब्दों की सूची बना लें<br>मिट्टी/बोर्ड |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● 'त' और 'द' वर्ण के वर्ण कार्ड को दिखाते हुए बच्चों को पुनः वर्ण की पहचान कराएँ।<br>● श्यामपट्ट पर 'त' और 'द' वर्ण लिखकर बच्चों को दिखाएँ।<br>● बिंदुओं को मिलाकर 'त' और 'द' वर्ण को लिखने के अभ्यास के लिए कार्यपत्रक बनाकर बच्चों को दें।<br>● बच्चों से बिंदुओं को मिलाकर 'त' और 'द' वर्ण लिखने के लिए कहें। जरूरत के अनुसार बच्चों की मदद करें। | ● बच्चों को गोल घेरे मे खड़ा करें। 'त' और 'द' वर्ण से शुरू होने वाले शब्दों को बोलने के लिए कहें।<br>● इसके बाद हवा में 'त' और 'द' वर्ण को लिखें और बच्चों को पहचानने के लिए कहें। फिर बच्चों को भी हवा में 'त' और 'द' वर्ण बनाने के लिए कहें।<br>● बच्चों को एक-दूसरे की पीठ पर 'त' और 'द' वर्ण उंगली से बनाने के लिए कहें।<br>● बच्चों को पानी, मिट्टी आदि में 'त' और 'द' वर्ण बनाने के लिए कहें। यदि बच्चे हरी पट्टी पर लिखने के लिए कहें तो लिखने दें। |

**सप्ताह 4**

**बुधवार**

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| **गतिविधि का नाम** | अलग-अलग जानवरों के मुखौटों से अभिनय करना | अंक '8' को लिखने का अभ्यास करवाएँ। जैसे- बिंदुओं को मिलाकर अंकों को लिखना | रेलगाड़ी | बातचीत : सभी बच्चों से पूछें कि क्या आज कोई ऐसी बात थी, जो आपको अच्छी नहीं लगी? |
| **उद्देश्य** | अभिनय करने की क्षमता का विकास | अंक 8 लिखना | मोटर स्किल और संज्ञानात्मक विकास | मौखिक अभिव्यक्ति, सुनने की क्षमता और आत्मविश्वास |
| **तैयारी और सामग्री** | मुखौटे | अंक 8 लिखने के लिए बिंदुओं वाले कार्यपत्रक प्रत्येक बच्चे के लिए पहले से तैयार करके रख लें | | एक गेंद |
| **गतिविधि के चरण** | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ और सहज करें।<br>• सभी को 4-5 के समूह में विभाजित करें। सभी समूहों में मुखौटे बाँट दें।<br>• इसके बाद सभी बच्चों को मुखौटों की सहायता से अपने-अपने समूहों में अभिनय करने का अभ्यास करने को कहें।<br>• इसके बाद बच्चों को एक-एक करके सामने बुलाते हुए मुखौटो के साथ अभिनय करने को कहें। | • पिछले दिन की गतिविधि को ठोस वस्तुओं के साथ दोहराएं।<br>• बोर्ड पर 8 लिखकर बच्चों को बताएँ, कहें कि 8 को ऐसे लिखते हैं।<br>• बच्चों को कार्यपत्रक दें और कहें बिंदुओं को मिलाकर अंक 8 लिखें।<br>• जरूरत के अनुसार बच्चों की मदद करें। | • रेलगाड़ी की तरह अपने आगे वाले बच्चे के कंधे पर हाथ रखकर धीरे-धीरे आगे चलने को कहें। साथ ही यह भी बोलते जाएँ। रेलगाड़ी मेरा नाम, छुक-छुक करना मेरा काम- आप बच्चों को रेलगाड़ी के बारे में अपने अनुभव बताएँ और उनके अनुभव के बारे में बातचीत करें, जैसे- किस-किस ने रेलगाड़ी देखी है?<br>• कौन-कौन बच्चे रेलगाड़ी में बैठे हैं? इत्यादि। फिर आप सभी बच्चों को छोटे से बड़े के क्रम में खड़े होने को कहें और बाहरी खेल बच्चे कविता के साथ-साथ छुक-छुक, छुक-छुक बोलते जाएँ। | • शिक्षक सभी बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठें और दिन के बातचीत विषय का संक्षिप्त परिचय दें।<br>• शिक्षक पहले स्वयं विषय से संबंधित अपना छोटा अनुभव/विचार साझा करें, ताकि बच्चों को बोलने का तरीका समझ आए।<br>• अब गेंद एक बच्चे को दें। जिस बच्चे के पास गेंद होगी, वही बोलेगा; बाकी बच्चे ध्यान से सुनेंगे।<br>• बच्चे को विषय से जुड़ा अपना अनुभव/विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>• बोलने के बाद बच्चा गेंद अगले बच्चे को दे- यह क्रम तब तक जारी रखें, जब तक सभी बच्चों को अवसर न मिल जाए।<br>• आवश्यकता होने पर शिक्षक सरल प्रश्न पूछकर बच्चों की मदद करें, पर बातचीत का नेतृत्व बच्चों को करने दें।<br>• अंत में, बच्चों के प्रयास की सराहना करें और गतिविधि का सकारात्मक समापन करें। |

## बृहस्पतिवार

**सप्ताह 4**

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| **गतिविधि का नाम** | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | अब तक सीखे गए वर्णों (क, ग, च, ज, ट, ड, त, द) को मिलाकर नए शब्द बनाना और लिखना | किताबें उलटने-पलटने का मौका देना एवं चित्रों को देखकर कहानी का अनुमान लगाना। अब तक सीखे गए वर्णों (क, ग, च, ज, ट, ड, त, द) को/वर्णों से बने शब्दों को ढूँढना |
| **उद्देश्य** | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | सीखे वर्णों को मिलाकर अमात्रिक शब्द बनाना | किताबों को उलटना-पलटना और उनमें चित्रों द्वारा कहानी का अनुमान लगाना |
| **तैयारी और सामग्री** | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | अब तक सीखे गए वर्णों ('क', 'ग', 'च', 'ज', 'ट', 'ड', 'त', 'द') के वर्ण कार्ड | ● बच्चों के स्तर के अनुरूप ऐसी कहानियों का चयन करना, जिनमें चित्र अधिक हों। |
| **गतिविधि के चरण** | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● बच्चों को अब तक सिखाए गए वर्णों ('क', 'ग', 'च', 'ज', 'ट', 'ड', 'त', 'द') के वर्ण कार्ड से 2 वर्णों वाले अमात्रिक शब्द बनाकर दिखाएँ और बच्चों से भी शब्द बनाने के लिए कहें।<br>● बच्चों को छोटे-छोटे समूह में बाँटें और उन्हें सिखाए गए वर्णों ('क', 'ग', 'च', 'ज', 'ट', 'ड', 'त', 'द') के वर्ण कार्ड दें और अमात्रिक शब्द बनाने और कॉपी पर लिखने के लिए कहें। जरूरत के अनुसार समूह में जाकर बच्चों की मदद करें। | ● बच्चों को पुस्तकालय या रीडिंग कॉर्नर से अधिक चित्रों वाली कहानी की किताब दें, उन्हें चित्रों और शब्दों को देखकर पढ़ने का प्रयास करने के लिए कहें। बच्चों को स्वयं से किताब चयन करने का मौका दें।<br>● बच्चों को किताब उलटने-पलटने और आपस में बात करने का मौका दें।<br>● कुछ बच्चों (2-3) बच्चों से उनकी किताब की कहानी को अपनी भाषा में बताने के लिए कहें।<br>● बच्चे जो भी कहानी बनाएँ, उसे स्वीकार करें और कहानी बताने में उनका सहयोग करें।<br>● कहानी से अब तक सीखे गए वर्णों (क, ग, च, ज, ट, ड, त, द) को/वर्णों से बने शब्दों को ढूँढने के लिए कहें। |

सप्ताह 4

## बृहस्पतिवार

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | कोलाज बनाना (पेड़) (कागज के छोटे-छोटे टुकड़ो को पेड़ की आकृति में चिपकाना) | अब तक सीखे गए अंकों (1-8) का ठोस वस्तुओं के माध्यम से दोहराव करें | पहाड़ी में आग | योगासन : कंधा घुमाकर साँस |
| उद्देश्य | छोटी माँसपेशियों तथा रचनात्मक अभिव्यक्ति | 1-8 तक के अंकों का दोहराव | संज्ञानात्मक और मोटर स्किल को विकसित करने के लिए | शारीरिक विकास और एकाग्रता |
| तैयारी और सामग्री | • आकृति वाला आधार कागज़ (पेड़)<br>• रंगीन कागज़<br>• गोंद | प्रत्येक बच्चे के लिए 9 बटन और 1-8 तक के संख्या कार्ड | बच्चों के दौड़ने की पर्याप्त जगह होनी चाहिए। | |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों को आराम से बैठाएँ और गतिविधि का उद्देश्य सरल भाषा में बताएँ।<br>• शिक्षक पहले पूरी प्रक्रिया करके दिखाएँ– कागज़ को कैसे फाड़ना है, गोंद कैसे लगाना है, और आकृति के अंदर टुकड़े कैसे चिपकाने हैं।<br>• बच्चों को रंगीन कागज़ दें और उन्हें स्वयं छोटे-छोटे टुकड़े फाड़ने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>• अब बच्चों से कहें कि वे फाड़े हुए कागज़ के टुकड़ों को गोंद की मदद से दी गई आकृति के अंदर चिपकाएँ।<br>• गतिविधि के दौरान बच्चों का अवलोकन करें और आवश्यकता होने पर सहायता प्रदान करें।<br>• गतिविधि पूरी होने पर बच्चों के प्रयासों की सराहना करें और सामग्री को व्यवस्थित रखने के लिए प्रेरित करें। | • बच्चों को 4-4 के समूह में बाँटें।<br>• प्रत्येक बच्चे को 9 बटन और 1-8 तक का संख्या कार्ड दें।<br>• फिर 1-8 के बीच का कोई एक अंक बोलें और बच्चों को उतने बटन और उस अंक का संख्या कार्ड दिखाने के लिए कहें।<br>• सभी बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करें और बच्चों को गतिविधि को पूरा करने के लिए भरपूर समय दें। | • आप सभी बच्चों को गोल घेरे में बैठा दें। आज की गतिविधि के बारे में बताएँ। अब आप जमीन पर दो गोले बनाएँ, एक गोले में ठंडा और दूसरे गोले में गरम लिखें। फिर बच्चों को समझाएँ कि गरम कौन-सी चीजें होती हैं और ठंडी कौन-सी चीजें होती हैं, जैसे चाय, आग, तेज धूप आदि गर्म होती हैं और बर्फ, आइसक्रीम आदि ठंडी होती हैं।<br>• फिर बच्चों को दोनों गोलों के बीच में खड़े होने को कहें। फिर उनसे कहें कि जब आप किसी ठंडी चीज जैसे बर्फ, आइसक्रीम आदि कहेंगे तो उनको ठंडे वाले गोले में कूदना है और जब आप किसी गरम चीज का नाम लें, जैसे चाय तो बच्चे को गरम वाले गोले में कूदना है।<br>• इस गतिविधि को पहले आप स्वयं करके दिखाएँ, फिर बच्चों को करने के लिए कहें। आप इस बात का ध्यान रखें कि सभी बच्चे खेल रहे हों। | • बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठकर, साँस अंदर लेते हुए अपने कंधों को कानों की ओर ऊपर उठाएँ।<br>• साँस छोड़ते हुए अपने कंधों को वापस नीचे की ओर झुकाएँ।<br>• कंधे घुमाकर साँस लेने से तनाव दूर होता है।<br>• इस गतिविधि को 4-5 बार करें। |

सप्ताह 4

| शुक्रवार | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | शिक्षक द्वारा हाव-भाव के साथ मौखिक कहानी सुनाना और उससे जुड़ी चर्चा करना। | अपनी भाषा मे परिवेशीय चित्रों पर चर्चा करना। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा करना | चित्र के बारे में अपनी भाषा में बात करना |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | स्थानीय कहानी<br>आप कहानी पर चर्चा के लिए खुले और बंद छोर के प्रश्न पहले से तैयार रखें | ● चर्चा के लिए उपयुक्त चित्र का चयन करना<br>● चर्चा के लिए खुले और बंद छोर के प्रश्न तैयार करना |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए स्थानीय कविता हाव-भाव सहित गाएँ।<br>● आप कक्षा के बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ।<br>● आप बच्चों को कोई भी स्थानीय कहानी को अपने शब्दों स्थानीय भाषा में बच्चों को सुनाएँ।<br>● बच्चों का ध्यान बनाए रखने के लिए बीच-बीच में बच्चों से कहीं से संबंधित 3-4 सरल एवं तथ्यात्मक (बंद छोर) प्रश्न पूछें।<br>● कहानी समाप्त होने के बाद बच्चों से पूछें कि उन्हें कहानी कैसी लगी और क्यों?<br>● बातचीत को समृद्ध बनाने के लिए आप खुले छोर के प्रश्न (कल्पना, अनुभव, अनुमान लगाने से जुड़े) भी प्रश्न पूछ सकते हैं, लेकिन इन प्रश्नों की संख्या सीमित रखें। | ● गतिविधि की शुरुआत किसी छोटी-सी कविता से करें।<br>● फिर बच्चों को चित्र चार्ट दिखाते हुए चित्र चार्ट में दिख रही चीजों/घटनाओं गतिविधियों के बारे में सरल व बंद छोर के प्रश्न पूछें, जैसे यह चित्र कहाँ का है? इस चित्र में क्या हो रहा है? आदि।<br>● प्रत्येक प्रश्न पर 2-3 बच्चों की प्रतिक्रिया लें। यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक बच्चे को कम से कम 2 प्रश्नों का उत्तर देने का मौका मिले।<br>● फिर बच्चों से कुछ खुले छोर के प्रश्न पूछें, जैसे इनमें से कौन-कौन सी वस्तुएँ आस पास नजर आती हैं?<br>● फिर आप कुछ और प्रश्न पूछें और बच्चों को जोड़ियों में आपस में चर्चा करने के लिए कहें। |

**सप्ताह 4**

## शुक्रवार

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| **गतिविधि का नाम** | सुनाई गई मौखिक कहानी के आधार पर कोई भी चित्र बनाना | 1-8 तक के ठोस वस्तुओं के माध्यम से कम और अधिक की तुलना करें। | स्टैच्यू | बातचीत : सभी बच्चों से पूछें कि आपकी मनपसंद सभी कौन-सी हैं? |
| **उद्देश्य** | बच्चों की छोटी माँसपेशियों एवं कल्पनाशीलता का विकास | 8 तक की वस्तुओं से कम और अधिक की तुलना करना | शारीरिक विकास | मौखिक अभिव्यक्ति, सुनने की क्षमता और आत्मविश्वास |
| **तैयारी और सामग्री** | • बच्चों को 4-5 की संख्या के छोटे-छोटे समूहों में बाँटें<br>• चित्र बनाने हेतु कागज़, पेंसिल, रबर, शार्पनर एवं क्रेयॉन/रंग | 8 बटन | | एक गेंद |
| **गतिविधि के चरण** | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ और सहज करें।<br>• बच्चों को छोटे-छोटे समूह में बाँटें और प्रत्येक बच्चे को एक-एक कागज़, पेंसिल, रबर, शार्पनर एवं क्रेयॉन/रंग इत्यादि उपलब्ध कराएँ।<br>• अब आप बच्चों को सुनाई गई कहानी याद दिलाएँ। इसके बाद बच्चों से कहें कि वे कहानी के किसी भी हिस्से या पात्र के आधार पर अपना चित्र बनाएँ।<br>• बीच-बीच में बच्चों की मदद करते रहें और जब चित्र बन जाए तो उनको किसी दीवार पर लगा दें।<br>• कहानी पर बनाए गए चित्रों को देखकर सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करें। | • बच्चों के सामने बटन के दो ढेर रखें। एक में 5 बटन और एक में 3 बटन रखें।<br>• एक बच्चे को बुलाएँ और पूछें- इनमें कौन अधिक है और कौन ढेर कम है।<br>• जब बच्चा बता दे तो उससे पूछें, क्यों कम और ज्यादा है। बच्चे को गिनकर बताने के लिए कहें।<br>• इसी तरह 8 तक के वस्तुओं के दो अलग-अलग ढेर बनाकर अलग-अलग बच्चों को बुलाकर काम और ज्यादा पूछें। | • एक बच्चे को आगे बुलाएँ। कहें, 'आप सभी को दौड़ना है और ये सभी को पकड़ेंगे। जिसे यह छुएगा, वह जिस स्थिति में है, स्टैच्यू बनकर खड़ा हो जाएगा।'<br>• बच्चे से कहें, 'आपको सभी बच्चों को छूकर स्टैच्यू बनाना है।'<br>• जो बच्चा स्टैच्यू बनकर हिलेगा, वह खेल से बाहर हो जाएगा।<br>• जब सभी बच्चे स्टैच्यू बन जाएँ, तो सबसे पहले जो बच्चा स्टैच्यू बना था, वह सबको छुएगा। | • शिक्षक सभी बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठें और दिन के बातचीत विषय का संक्षिप्त परिचय दें।<br>• शिक्षक पहले स्वयं विषय से संबंधित अपना छोटा अनुभव/विचार साझा करें, ताकि बच्चों को बोलने का तरीका समझ आए।<br>• अब गेंद एक बच्चे को दें। जिस बच्चे के पास गेंद होगी, वही बोलेगा; बाकी बच्चे ध्यान से सुनेंगे।<br>• बच्चे को विषय से जुड़ा अपना अनुभव/विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>• बोलने के बाद बच्चा गेंद अगले बच्चे को दे- यह क्रम तब तक जारी रखें, जब तक सभी बच्चों को अवसर न मिल जाए।<br>• आवश्यकता होने पर शिक्षक सरल प्रश्न पूछकर बच्चों की मदद करें, पर बातचीत का नेतृत्व बच्चों को करने दें।<br>• अंत में, बच्चों के प्रयास की सराहना करें और गतिविधि का सकारात्मक समापन करें। |

## सप्ताह 4 — शनिवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल |
|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | चलो दोहराएँ - सप्ताह के छठवें दिन, सप्ताह भर की गतिविधियों का दोहराव करवाएँ। शिक्षक अवलोकन या किसी अन्य आयु उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन करें।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करें। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | आवश्यतानुसार गतिविधियों का दोहराव और अवलोकन या किसी अन्य आयु-उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | ● सप्ताह में कराई गई गतिविधियों में बच्चों के कार्य का अवलोकन करें। बच्चों को पढ़ी हुई कहानी के बारे में चर्चा करने एवं तुकांत शब्दों को पहचानने एवं बनाने के मौके दें।<br>● हर बच्चे का एक पोर्टफोलियो बनाएँ, जिसमें उनकी बनाई वस्तुओं (चित्र, मिट्टी की मूर्तियाँ, क्राफ्ट की वस्तुए आदि) को रखें। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● गतिविधि की शुरूआत आप छोटी कविता से करें। बच्चों को चलने-फिरने/उठने-बैठने का मौका दें।<br>● सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान करवाएँ। इस सप्ताह में उन गतिविधियों को दोहराएँ, जिसमें बच्चों को पढ़ी हुई कहानी के बारे में चर्चा करने एवं तुकांत शब्दों को पहचानने-बनाने के मौके मिलें, जैसे- बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना, साझा पठन करना, लयबद्ध कविता से तुकांत शब्द पहचानना/बनाना आदि।<br>● जब बच्चे इन गतिविधियों में जुड़े हो, उनके कार्य का अवलोकन करें। आप बच्चों से उनके कार्य के बारे में बात भी कर सकते हैं, जैसे- आप क्या बना रहे हो? आपने क्या लिखा है? आज आप क्या खेलोगे? आदि। इस तरह गतिविधियों के दौरान अवलोकन एवं चर्चा के आधार पर बच्चों का आकलन करें।<br>● बच्चों की बनाई वस्तुओं को उनके पोर्टफोलियो में दर्ज करें। पोर्टफ़ोलियो बच्चों के काम का संग्रह है, जो बच्चे की प्रगति, सफलताओं, रचनात्मक विकास आदि का प्रदर्शन है। समय-समय पर बच्चों का पोर्टफोलियो उनके माता-पिता से साझा करें। |

## सप्ताह 4

## शनिवार

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | चलो दोहराएँ | साप्ताहिक पुनरावृत्ति | बच्चों का मनपसंद खेल | योगासन : ताड़ासन |
| उद्देश्य | सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान एवं शिक्षक द्वारा अवलोकन।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करना। | शिक्षक इस सप्ताह कराई गई सभी गतिविधियों की पुनरावृति बच्चों से करवाएँ।<br>● अंक '8' की अवधारणा<br>● अंक '8' को लिखने का अभ्यास<br>● सीखे गए अंकों (1-8) का ठोस वस्तुओं के माध्यम से दोहराव<br>● 1-8 तक के ठोस वस्तुओं के माध्यम से कम और अधिक की तुलना | बच्चों में शारीरिक और मानसिक विकास | शारीरिक विकास और एकाग्रता |
| तैयारी और सामग्री | | गतिविधियों के अनुसार सामग्रियों की व्यवस्था व तैयारी करें। | | |
| गतिविधि के चरण | ● सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान करवाएँ।<br>● बच्चों की बनाई वस्तुओं को उनके पोर्टफोलियो में दर्ज करें। | बच्चों को गतिविधियों की अनुसार सरल भाषा में निर्देश दें व आवश्यकता अनुसार उनकी सहायता करें। | बच्चों को अपने साथियों के साथ अपनी पसंद का खेल चुनने और खेलने का अवसर दें। इस दौरान शिक्षक का दायित्व बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सक्रिय रूप से अवलोकन करना होगा। | ● बच्चों को खड़ा करें। दोनों हाथ ऊपर उठाकर, हाथ की उंगलियों को एक-दूसरे में फँसाने के लिए कहें। अब पैर की एड़ी ऊपर उठाकर पंजों के सहारे खड़े होने के लिए कहें।<br>● गहरी साँस लेते हुए 20-30 सेकंड तक बड़े होने (खींचने) के लिए कहें। साँस छोड़ते हुए वापस सामान्य स्थिति में आने के लिए कहें। यह प्रक्रिया 3-4 बार दोहराएँ। |

## सप्ताह 5

### सोमवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | परिचित शब्दों से प्रथम ध्वनि को पहचानना (न, प) और न, प से शुरू होने वाले अन्य शब्द बताना। | बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना एवं उससे जुड़ी चर्चा करना। साथ ही, न, प से शुरू होने वाले शब्दों को पहचानना |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | 'न' और 'प' वर्ण की ध्वनि पहचानना | बिगबुक से कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा करना |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | 'न' और 'प' वर्ण कार्ड | बिगबुक से कहानी पढ़ लें और सरल प्रश्नों की सूची बना लें |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● 'न' और 'प' से शुरू होने वाले परिचित शब्दों को बोलें।<br>● बच्चों से पहली ध्वनि पहचानने के लिए कहें। पहली ध्वनि पहचानने मे बच्चों की मदद करें।<br>● जब बच्चे ध्वनि पहचानने लगें, उनसे 'न' और 'प' वर्ण से शुरू होने वाले अन्य शब्द बताने के लिए कहें।<br>● अंत में, बच्चों को 'न' और 'प' वर्ण का वर्ण कार्ड दिखाएँ और 'न' और 'प' वर्ण को बोर्ड पर लिखकर उसकी आकृति दिखाएँ। | ● बच्चों को गोल घेरे में बैठाकर सहज करें।<br>● इसके बाद आप किताब का मुख्य पृष्ठ सभी बच्चों को दिखाएँ और कहानी के बारे में अनुमान लगाने के लिए कहें। जैसे- इस चित्र में आपको क्या दिख रहा है? यह कहानी किसके बारे में है?<br>● अब आप किताब के सभी पृष्ठ को क्रम से पलटते हुए बच्चों को दिखाएँ और कहानी के बारे में अनुमान लगाने के लिए कहें। साथ ही, साथ हाव-भाव से पढ़ें।<br>● आप कहानी का दो बार आदर्श पठन करें।<br>● बच्चों को यह समझने का मौके दें कि किताब को बाईं से दाईं ओर पढ़ा जाता है।<br>● बाद में बच्चों ने जो चित्र देखकर अनुमान लगाया था, उन पर चर्चा करें।<br>● कहानी से 'न' और 'प' वर्ण से शुरू होने वाले शब्दों को चार्टपेपर पर लिखकर चिपकाएँ और उन्हें पढ़ने का अभ्यास कराएँ। |

**सप्ताह 5**

## सोमवार

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| **गतिविधि का नाम** | ग्रीटिंग कार्ड बनाना (कक्षा में जिन बच्चों का जन्मदिन इस माह है, उनके लिए जन्मदिन का ग्रीटिंग कार्ड बनाना।) | 9 (नौ) वस्तुओं के माध्यम से अंक '9' की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए अंक '9' की पहचान कराएँ। | • Body Parts Song<br>• रस्सी पर चलना (सीधा) | बातचीत : सभी बच्चों से पूछें कि पेड़ों को पानी देना क्यों जरूरी है? |
| **उद्देश्य** | छोटी माँसपेशियों का विकास, रचनात्मक अभिव्यक्ति तथा सामाजिक- भावनात्मक विकास | 1-9 तक की वस्तुओं को गिनकर संख्या से मिलाएंगे | • अंग्रेजी भाषा का विकास<br>• शारीरिक विकास | मौखिक अभिव्यक्ति, सुनने की क्षमता और आत्मविश्वास |
| **तैयारी और सामग्री** | • रंगीन / सादा कागज़ (कार्ड बनाने हेतु)<br>• पेंसिल<br>• रंग : क्रेयॉन / स्केच पेन<br>• गोंद<br>• सजावट हेतु उपलब्ध सामग्री (स्टिकर / कटआउट आदि- यदि उपलब्ध हों) | 9-10 बटन, 9 का संख्या कार्ड | https://drive.google.com/file/d/1_slR2HCJbD7CktAFCSGkJ76Jxq4snOcH/view<br>• ब्लूटूथ स्पीकर<br>• शरीर के अंगों के फ्लैश कार्ड<br>• रस्सी | एक गेंद |
| **गतिविधि के चरण** | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाकर गतिविधि का उद्देश्य बताएँ कि वे अपने साथियों के लिए जन्मदिन का ग्रीटिंग कार्ड बनाएंगे।<br>• बच्चों को आवश्यक सामग्री वितरित करें और कार्ड मोड़कर बनाने का तरीका संक्षेप में प्रदर्शित करें।<br>• बच्चों को अपने कार्ड पर चित्र बनाने, रंग भरने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>• गतिविधि के दौरान कक्षा में घूमते रहें, बच्चों की सहायता करें और उनके प्रयासों को सराहें।<br>• कार्ड तैयार होने पर शिक्षक उस माह जन्मदिन वाले बच्चों के नाम संबंधित कार्ड पर लिखें।<br>• जब उस बच्चे का जन्मदिन आए, तो सभी बच्चे मिलकर गीत गाएँ, शुभकामनाएँ दें और वह ग्रीटिंग कार्ड उसे भेंट करें।<br>• इसी प्रकार उस माह जन्मदिन वाले सभी बच्चों के लिए यह प्रक्रिया दोहराएँ। | • एक-एक करके गिनते हुए नौ बटन रखें, कहें यह नौ है।<br>• एक-एक करके कुछ बच्चों को बुलाकर गिनने के लिए कहें।<br>• फिर 9 का संख्या कार्ड दिखाएँ और कहें- यह '9' है, इसे ऐसे लिखते हैं।<br>• फिर बच्चों को 4-4 के समूह में बाँट दें। प्रत्येक समूह को 9-10 बटन दें और 9 के संख्या कार्ड के साथ कुछ अन्य संख्या कार्ड दें।<br>• बच्चों से कहें- नौ बटन गिनकर अलग करें और 9 का संख्या कार्ड भी रखें। | **Body Parts Song**<br>• आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर शरीर के अंगों के फ्लैश कार्ड दिखाते हुए उनके नाम पूछें और चर्चा करें।<br>• फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर गीत को बजाकर फ्लैश कार्ड दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**रस्सी पर चलना (सीधा)**<br>• बच्चों को एक पंक्ति में खड़ा करें।<br>• उनके सामने जमीन पर एक मोटी रस्सी रखें और क्रम से उन्हें रस्सी पर सीधा चलने के लिए कहें। | • शिक्षक सभी बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठें और दिन के बातचीत विषय का संक्षिप्त परिचय दें।<br>• शिक्षक पहले स्वयं विषय से संबंधित अपना छोटा अनुभव / विचार साझा करें, ताकि बच्चों को बोलने का तरीका समझ आए।<br>• अब गेंद एक बच्चे को दें। जिस बच्चे के पास गेंद होगी, वही बोलेगा; बाकी बच्चे ध्यान से सुनेंगे।<br>• बच्चे को विषय से जुड़ा अपना अनुभव / विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>• बोलने के बाद बच्चा गेंद अगले बच्चे को दे- यह क्रम तब तक जारी रखें, जब तक सभी बच्चों को अवसर न मिल जाए।<br>• आवश्यकता होने पर शिक्षक सरल प्रश्न पूछकर बच्चों की मदद करें, पर बातचीत का नेतृत्व बच्चों को करने दें।<br>• अंत में, बच्चों के प्रयास की सराहना करें और गतिविधि का सकारात्मक समापन करें। |

सप्ताह 5

| | मंगलवार | | | |
|---|---|---|---|---|
| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | न, प वर्ण को पहचानना जैसे वर्णों को आकृति से मिलाना/ न, प वर्ण से शुरू होने वाले चित्रों को छाँटना | शिक्षक और बच्चे मिलकर कहानी को पढ़ें (साझा पठन) परिचित शब्दों को पहचानना (लोगोग्राफिक पठन) न, प वर्ण पहचान कर अपने साथी को बताना। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | 'न' और 'प' वर्ण से शुरू होने वाले चित्रों के चित्र कार्ड, कुछ अन्य वर्णों से शुरू होने वाले चित्रों के चित्र कार्ड | • कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा<br>• बिग बुक से साझा पठन के मौके देना |
| तैयारी और सामग्री | | • कला कोना<br>• किताब कोना<br>• ब्लॉक कोना<br>• अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | 'न' और 'प' वर्ण की पहचान | • पिछले दिन प्रयोग की गई बिगबुक को दोबारा पढ़ लें और कहानी से जुड़े सरल प्रश्नों की सूची बना लें। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>• बच्चों का स्वागत<br>• प्रार्थना<br>• स्वच्छता जाँच<br>• बच्चों से संवाद<br>• सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | • बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>• यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | • पिछले दिन की गतिविधि को बच्चों के साथ फिर से दोहराएँ।<br>• 'न' और 'प' वर्ण का वर्ण कार्ड दिखाते हुए वर्ण की पहचान कराएँ।<br>• बच्चों को छोटे-छोटे समूह में बाँटे और उन्हें 'न' और 'प' वर्ण से शुरू होने वाले चित्रों के चित्र कार्ड और कुछ अन्य चित्र कार्ड दें।<br>• बच्चों को 'न' और 'प' वर्ण से शुरू होने वाले चित्रों के कार्ड को अलग करने के लिए कहें। जरूरत के अनुसार कार्ड छाँटने में बच्चों की मदद करें। | • सभी बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ और सहज करें।<br>• कुछ प्रश्न पूछकर पिछले दिन की चर्चा का दोहराव करें।<br>• कहानी का एक बार हाव-भाव के साथ आदर्श वाचन करें।<br>• इसके बाद बच्चों को किताब दिखाते हुए उंगली रखकर फिर से कहानी पढ़ना शुरू करें। आप कहानी का आधा वाक्य बोलें और बच्चों को उसे पूरा करने के लिए कहें। किताब इस तरह पकड़ें कि सभी बच्चे किताब को देख सकें।<br>• आप बच्चों से कहानी पर बातचीत करें और खुले छोर के प्रश्न पूछें, जैसे- इस कहानी में आगे क्या हुआ होगा? इस कहानी के अंत में क्या बदलाव कर सकते हैं?<br>• कुछ बच्चों को बुलाकर कहानी को अपने शब्दों में सुनाने के लिए कहें।<br>• पिछले दिन चार्टपेपर पर लिखे शब्दों को पढ़ने के लिए कहें।<br>• बच्चों को कहानी से 'न' और 'प' वर्ण को ढूँढकर अपने साथी को दिखाने के लिए कहें। |

## मंगलवार

सप्ताह 5

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | रोल प्ले करना (दूधवाला, सब्जीवाला, दुकानदार) | अंक '9' को ठोस वस्तुओं के साथ मिलवाएँ | ● Body Parts Song<br>● स्टैच्यू | योगासन : गहरी साँस |
| उद्देश्य | मौखिक अभिव्यक्ति, कल्पनाशीलता | अंक 9 को ठोस वस्तुओं के साथ मिलाना | ● अंग्रेजी भाषा का विकास<br>● शारीरिक विकास | शारीरिक विकास और एकाग्रता |
| तैयारी और सामग्री | रोल प्ले से संबंधित सरल सामग्री | अंक 9 का संख्या कार्ड, 9-10 बटन | https://drive.google.com/file/d/1_sIR2HCJbD7CktAFCSGkJ76Jxq4snOcH/view<br>● ब्लूटूथ स्पीकर<br>● शरीर के अंगों के फ्लैश कार्ड | |
| गतिविधि के चरण | ● बच्चों को गोल घेरे में बैठाकर गतिविधि का परिचय दें।<br>● शिक्षक पहले एक छोटी भूमिका निभाकर मॉडल करें कि कैसे बातचीत करनी है या अभिनय करना है।<br>● बच्चों को छोटे-छोटे समूहों में बाँटें और उन्हें भूमिका चुनने या सौंपने का अवसर दें।<br>● बच्चों को अपनी भूमिका के अनुसार अभिनय करने, संवाद बोलने और एक-दूसरे के साथ बातचीत करने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>● सभी समूहों को बारी-बारी से भूमिका निभाने का अवसर दें। | ● बटन के साथ पिछले दिन की गतिविधि को दोहराएँ।<br>● बच्चों को कक्षा से कोई 9 वस्तु लाकर उसे 9 के संख्या कार्ड के सामने रखें के लिए कहें।<br>● ध्यान रखें सभी बच्चों को गतिविधि करने का मौका मिले। | **Body Parts Song**<br>● आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर शरीर के अंगों के फ्लैश कार्ड दिखाते हुए उनके नाम पूछें और चर्चा करें।<br>● फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर गीत को बजाकर फ्लैश कार्ड दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**स्टैच्यू**<br>● एक बच्चे को आगे बुलाएँ। कहें, 'आप सभी को दौड़ना है और ये सभी को पकड़ेंगे। जिसे यह छुएगा, वह जिस स्थिति में है, स्टैच्यू बनकर खड़ा हो जाएगा।'<br>● बच्चे से कहें, 'आपको सभी बच्चों को छूकर स्टैच्यू बनाना है।'<br>● जो बच्चा स्टैच्यू बनकर हिलेगा, वह खेल से बाहर हो जाएगा।<br>● जब सभी बच्चे स्टैच्यू बन जाएँ, तो सबसे पहले जो बच्चा स्टैच्यू बना था, वह सबको छुएगा। | ● बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठें।<br>● स्वयं गहरी साँस लेकर और छोड़कर बच्चों को दिखाएँ।<br>● बच्चों से 5 बार गहरी साँस लेने और छोड़ने के लिए कहें। साथ में स्वयं भी करें।<br>● बच्चों को इसके फायदे बताएं, जैसे कि इससे फेफड़े मजबूत होते हैं आदि। |

सप्ताह 5

## बुधवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | न, प वर्ण को लिखना जैसे बिंदुओं को मिलाकर वर्णों को लिखना। | न, प वर्ण की आकृति को उंगली से हवा/मिट्टी/पीठ/पानी पर बनाने का अभ्यास करना। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | बिंदुओं के माध्यम से 'न' और 'प' वर्ण लिखना | वर्णों की आकृति बनाना |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | 'न' और 'प' वर्ण का चित्र कार्ड, 'न' और 'प' वर्ण को लिखने के लिए बिंदुओं वाले कार्यपत्रक | संबंधित वर्ण से शुरू होने वाले परिवेशीय शब्दों की सूची बना लें<br>मिट्टी/बोर्ड |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● 'न' और 'प' वर्ण के वर्ण कार्ड को दिखाते हुए बच्चों को पुनः वर्ण की पहचान कराएँ।<br>● श्यामपट्ट पर 'न' और 'प' वर्ण लिखकर बच्चों को दिखाएँ।<br>● बिंदुओं को मिलाकर 'न' और 'प' वर्ण को लिखने के अभ्यास के लिए कार्यपत्रक बनाकर बच्चों को दें।<br>● बच्चों से बिंदुओं को मिलाकर 'न' और 'प' वर्ण लिखने के लिए कहें। जरूरत के अनुसार बच्चों की मदद करें। | ● बच्चों को गोल घेरे में खड़ा करें। 'न' और 'प' वर्ण से शुरू होने वाले शब्दों को बोलने के लिए कहें।<br>● इसके बाद हवा में 'न' और 'प' वर्ण को लिखें और बच्चों को पहचानने के लिए कहें। फिर बच्चों को भी हवा में 'न' और 'प' वर्ण बनाने के लिए कहें।<br>● बच्चों को एक-दूसरे की पीठ पर 'न' और 'प' वर्ण उंगली से बनाने के लिए कहें।<br>● बच्चों को पानी, मिट्टी आदि में 'न' और 'प' वर्ण बनाने के लिए कहें। यदि बच्चे हरी पट्टी पर लिखने के लिए कहें तो लिखने दें। |

सप्ताह 5

## बुधवार

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | मुक्त चित्रकारी | अंक '9' को लिखने का अभ्यास करवाएँ। जैसे बिंदुओं को मिलाकर अंकों को लिखना | ● Body Parts Song<br>● गोले के अन्दर-बाहर कूदना | बातचीत : सभी बच्चों से पूछें कि वे घर पर अपनी माताजी/पिताजी/अभिभावकों के साथ क्या-क्या गतिविधियाँ करते हैं? |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी माँसपेशियों का विकास, बौद्धिक विकास | अंक 9 लिखना | ● अंग्रेजी भाषा का विकास<br>● शारीरिक और मानसिक विकास | मौखिक अभिव्यक्ति, सुनने की क्षमता और आत्मविश्वास |
| तैयारी और सामग्री | पेंसिल, रंग, कागज, चॉक | अंक 9 लिखने के लिए बिंदुओं वाले कार्यपत्रक, प्रत्येक बच्चे के लिए पहले से तैयार करके रख लें। | https://drive.google.com/file/d/1_slR2HCJbD7CktAFCSGkJ76Jxq4snOcH/view<br>● ब्लूटूथ स्पीकर<br>● शरीर के अंगों के फ्लैश कार्ड | एक गेंद |
| गतिविधि के चरण | ● बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ और सहज करें।<br>● दी गई सामग्री (पेंसिल, रंग, कागज, चॉक) को कक्षा-कक्ष के बीच में रख दें और बच्चों से अपनी मनपसंद सामग्री उठाकर मनचाहा चित्र बनाने को कहें।<br>● गतिविधि समाप्त होने के बाद बच्चों के द्वारा बनाए गए चित्र के बारे में अपने साथी को बताने को कहें। | ● पिछले दिन की गतिविधि को ठोस वस्तुओं के साथ दोहराएँ।<br>● बोर्ड पर 9 लिखकर बच्चों को बताएं, कहें कि 9 को ऐसे लिखते हैं।<br>● बच्चों को कार्यपत्रक दें और कहें- बिंदुओं को मिलकर अंक 9 लिखें।<br>● जरूरत के अनुसार बच्चों की मदद करें। | **Body Parts Song**<br>● आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर शरीर के अंगों के फ्लैश कार्ड दिखाते हुए उनके नाम पूछें और चर्चा करें।<br>● फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर गीत को बजाकर फ्लैश कार्ड दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**गोले के अंदर-बाहर कूदना**<br>● आप सभी बच्चों को गोल घेरे में बैठा दें। आज की गतिविधि के बारे में बताएँ। अब आप जमीन पर दो गोले बनाएँ, एक गोले में ठंडा और दूसरे में गरम लिखें।<br>● फिर बच्चों को समझाएँ कि गरम कौन-सी चीजें होती हैं और ठंडी कौन-सी चीजें होती हैं, जैसे चाय, आग, तेज धूप आदि गर्म होती हैं और बर्फ, आइसक्रीम आदि ठंडी होती हैं। फिर बच्चों को दोनों गोलों के बीच में खड़े होने को कहें।<br>● फिर उनसे कहें कि जब आप किसी ठंडी चीज जैसे बर्फ, आइसक्रीम आदि कहेंगे तो उनको ठंडे वाले गोले में कूदना है और जब आप किसी गरम चीज का नाम लें, जैसे चाय तो बच्चे को गरम वाले गोले में कूदना है। इस गतिविधि को पहले आप करके दिखाएँ, फिर बच्चों को करने के लिए कहें। | ● शिक्षक सभी बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठें और दिन के बातचीत विषय का संक्षिप्त परिचय दें।<br>● शिक्षक पहले स्वयं विषय से संबंधित अपना छोटा अनुभव/विचार साझा करें, ताकि बच्चों को बोलने का तरीका समझ आए।<br>● अब गेंद एक बच्चे को दें। जिस बच्चे के पास गेंद होगी, वही बोलेगा; बाकी बच्चे ध्यान से सुनेंगे।<br>● बच्चे को विषय से जुड़ा अपना अनुभव/विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>● बोलने के बाद बच्चा गेंद अगले बच्चे को दे- यह क्रम तब तक जारी रखें, जब तक सभी बच्चों को अवसर न मिल जाए।<br>● आवश्यकता होने पर शिक्षक सरल प्रश्न पूछकर बच्चों की मदद करें, पर बातचीत का नेतृत्व बच्चों को करने दें।<br>● अंत में, बच्चों के प्रयास की सराहना करें और गतिविधि का सकारात्मक समापन करें। |

## सप्ताह 5

### बृहस्पतिवार

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | अपने परिवार का चित्र बनाना और उसके बारे में बातचीत करना | अब तक सीखे गए अंकों (1-9) का ठोस वस्तुओं के माध्यम से दोहराव करें | ● Family Song<br>● बाधा दौड़ | योगासन : पेट से साँस |
| उद्देश्य | रचनात्मक अभिव्यक्ति, मौखिक भाषा कौशल | 1-9 तक के अंकों का दोहराव | ● अंग्रेजी भाषा का विकास<br>● शारीरिक विकास | शारीरिक विकास और एकाग्रता |
| तैयारी और सामग्री | ● कागज़<br>● पेंसिल<br>● क्रेयॉन/रंग | प्रत्येक बच्चे के लिए 10 बटन और 1-9 तक के संख्या कार्ड | https://drive.google.com/file/d/18Xxh4of6RF07E6XfPxPlJXgjw_T6h2Tb/view<br>● ब्लूटूथ स्पीकर<br>● परिवार के सदस्यों की Finger Cap<br>● कुछ बोतल, टेबल, कुर्सी और कन्नी या कोई भी कपड़ा | |
| गतिविधि के चरण | ● बच्चों को गोल घेरे में बैठाकर गतिविधि का उद्देश्य सरल भाषा में बताएँ कि वे अपने परिवार का चित्र बनाएँगे।<br>● बच्चों को कागज़ और रंग वितरित करें और उन्हें अपने परिवार के सदस्यों का चित्र बनाने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>● गतिविधि के दौरान बच्चों का अवलोकन करें और आवश्यकता होने पर सहयोग दें, पर चित्र बनाने में स्वतंत्रता दें।<br>● चित्र पूरा होने पर सभी बच्चों को अपने चित्र के बारे में सरल शब्दों में बताने के लिए प्रोत्साहित करें, जैसे- परिवार में कौन-कौन हैं? | ● बच्चों को 4-4 के समूह में बाँटें।<br>● प्रत्येक बच्चे को 10 बटन और 1-9 तक का संख्या कार्ड दें।<br>● फिर 1-9 के बीच का कोई एक अंक बोलें और बच्चों को उतने बटन और उस अंक का संख्या कार्ड दिखाने के लिए कहें।<br>● सभी बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करें और बच्चों को गतिविधि को पूरा करने के लिए भरपूर समय दें। | **Family Song**<br>● आप चार्टपेपर से अपनी अंगुली के नाप का कागज काटकर उस पर परिवार के सदस्यों का नाम लिख लें।<br>● अब आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर अपनी अंगुलियो को दिखाते हुए परिवार के सदस्यो से परिचित करवाएँ।<br>● फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर गीत को बजाकर अपनी अंगुलियो को दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव- भाव से Action Song कराएँ।<br>**बाधा दौड़**<br>● बच्चों को एक लाइन में खड़ा होने को कहें और सहज करें।<br>● फिर आप बच्चों को आज के खेल के बारे में बताएँ और उन्हें निर्देशित करें।<br>● अब आप सारी वस्तुओं को इस तरह से लगा दें कि बच्चे उनको पार करके आगे बढ़ सकें।<br>● फिर आप बच्चों को रखे हुए सामान को एक-एक करके पार करने को कहें और उनको बताएँ कि प्रत्येक वस्तु को कैसे पार करना है, जैसे- टेबल पर चढ़कर पार करना है, कुर्सी के नीचे से जाना है, कपड़े के गोल घेरे पर गोल चक्कर लगाकर पार करना आदि।<br>● इसी तरह से सारी वस्तुओं को पार करते हुए आगे बढ़ने को बोलना है।<br>● इसी तरह बारी-बारी से एक-एक बच्चे को यह कार्य करने का मौका दें।<br>● सभी बच्चों को कम से कम एक बार मौका मिले, आप इस बात का ध्यान रखें। | ● अपना एक हाथ पेट पर और एक हाथ अपनी छाती पर रखें।<br>● 4 बार गहरी साँस लें और छोड़ें।<br>● बच्चों से भी साथ में करने के लिए कहें।<br>● बच्चों से कहें : साँस लेते और छोड़ते समय पेट की क्रिया को महसूस करें। |

सप्ताह 5

| | बृहस्पतिवार | | | |
|---|---|---|---|---|
| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | अब तक सीखे गए वर्णों (क, ग, च, ज, ट, ड, त, द, न, प) को मिलाकर नए शब्द बनाना और लिखना | किताबें उलटने-पलटने का मौका देना एवं चित्रों को देखकर कहानी का अनुमान लगाना। अब तक सीखे गए वर्णों (क, ग, च, ज, ट, ड, त, द, न, प) को/वर्णों से बने शब्दों को ढूँढना |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | सीखे वर्णों को मिलाकर अमात्रिक शब्द बनाना | किताबों को उलटना-पलटना और उनमें चित्रों द्वारा कहानी का अनुमान लगाना |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | अब तक सीखे गए वर्णों ('क', 'ग', 'च', 'ज', 'ट', 'ड', 'त', 'द', 'न', 'प') के वर्ण कार्ड | ● बच्चों के स्तर के अनुरूप ऐसी कहानियों का चयन करना, जिनमें चित्र अधिक हों। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● बच्चों को अब तक सिखाए गए वर्णों ('क', 'ग', 'च', 'ज', 'ट', 'ड', 'त', 'द', 'न', 'प') के वर्ण कार्ड से 2 वर्णों वाले अमात्रिक शब्द बनाकर दिखाएँ और बच्चों से भी शब्द बनाने के लिए कहें।<br>● बच्चों को छोटे-छोटे समूह में बाँटें और उन्हें सिखाए गए वर्णों ('क', 'ग', 'च', 'ज', 'ट', 'ड', 'त', 'द', 'न', 'प') के वर्ण कार्ड दें और अमात्रिक शब्द बनाने और कॉपी पर लिखने के लिए कहें। जरूरत के अनुसार समूह में जाकर बच्चों की मदद करें। | ● बच्चों को पुस्तकालय या रीडिंग कॉर्नर से अधिक चित्रों वाली कहानी की किताब दें, उन्हें चित्रों और शब्दों को देखकर पढ़ने का प्रयास करने के लिए कहें। बच्चों को स्वयं से किताब चयन करने का मौका दें।<br>● बच्चों को किताब उलटने-पलटने और आपस में बात करने का मौका दें।<br>● कुछ बच्चों (2-3) बच्चों से उनकी किताब की कहानी को अपनी भाषा में बताने के लिए कहें।<br>● बच्चे जो भी कहानी बनाएँ, उसे स्वीकार करें और कहानी बताने में उनका सहयोग करें।<br>● कहानी से अब तक सीखे गए वर्णों (क, ग, च, ज, ट, ड, त, द, न, प) को/वर्णों से बने शब्दों को ढूँढने के लिए कहें। |

सप्ताह 5

| शुक्रवार | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | सुनाई गई मौखिक कहानी के आधार पर कोई भी चित्र बनाना | 1-9 तक के अंकों को क्रम से और फिर उलटी गिनती सिखाएँ | ● Family Song<br>● पकड़म-पकड़ाई | बातचीत : सभी बच्चों से पूछें कि आज वे घर जाकर क्या-क्या करेंगे? |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी माँसपेशियों एवं कल्पनाशीलता का विकास | 1-9 तक के अंकों को क्रम से और उल्टी गिनती सीखना | ● अंग्रेजी भाषा का विकास<br>● शारीरिक विकास | मौखिक अभिव्यक्ति, सुनने की क्षमता और आत्मविश्वास |
| तैयारी और सामग्री | ● बच्चों को 4-5 की संख्या के छोटे-छोटे समूहों में बाँटें<br>● चित्र बनाने हेतु कागज़, पेंसिल, रबर, शार्पनर एवं क्रेयॉन/रंग इत्यादि। | एक जैसी नौ (9) वस्तुएँ | https://drive.google.com/file/d/18Xxh4of6RF07E6XfPxPlJXgjw_T6h2Tb/view<br>● ब्लूटूथ स्पीकर<br>● परिवार के सदस्यों की Finger Cap | एक गेंद |
| गतिविधि के चरण | ● बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ और सहज करें।<br>● बच्चों को छोटे-छोटे समूह में बाँटें और प्रत्येक बच्चे को एक-एक कागज, पेंसिल, रबर, शार्पनर एवं क्रेयॉन/रंग इत्यादि उपलब्ध कराएँ।<br>● अब आप बच्चों को सुनाई गई कहानी याद दिलाएँ। इसके बाद बच्चों से कहें कि वे कहानी के किसी भी हिस्से या पात्र के आधार पर अपना चित्र बनाएँ।<br>● बीच-बीच में बच्चों की मदद करते रहें और जब चित्र बन जाए तो उनको किसी दीवार पर लगा दें।<br>● कहानी पर बनाए गए चित्रों को देखकर सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करें। | ● एक जैसी 9 वस्तुओं को थोड़ी-थोड़ी दूरी पर क्रम से रखें।<br>● कहें, 1-9 तक गिनते हुए एक से दूसरे वस्तु पर कूदना है।<br>● क्रम से सभी बच्चों को कूदने के लिए कहें।<br>● जब सभी बच्चे कूद लें, तब कहें अब हम उल्टा गिनेंगे।<br>● फिर आप वस्तुओं पर 9-1 उल्टा गिनते हुए कूदें।<br>● फिर एक-एक करके बच्चों को भी उल्टा गिनते हुए कूदने के लिए कहें। | **Family Song**<br>● आप चार्टपेपर से अपनी अंगुली के नाप का कागज काटकर उस पर परिवार के सदस्यों का नाम लिख लें।<br>● अब आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर अपनी अंगुलियो को दिखाते हुए परिवार के सदस्यों से परिचित करवाएँ।<br>● फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर गीत को बजाकर अपनी अंगुलियों को दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**पकड़म-पकड़ाई**<br>● आप सभी बच्चों को गोल घेरे में बैठा दें। आज की गतिविधि के बारे में बताएँ।<br>● इस खेल के लिए सभी बच्चे आपके द्वारा निर्देशित क्षेत्र में दौड़ेंगे और केवल एक बच्चा सभी बच्चों को छूने का प्रयास करेगा।<br>● यदि बच्चा दूसरे किसी भी बच्चे को छूने में सफल हो जाता है तो उस दूसरे बच्चे को यही प्रक्रिया फिर से दोहरानी होगी।<br>● आप इस बात का ध्यान रखें कि सभी बच्चों को खेलने का मौका मिले। | ● शिक्षक सभी बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठें और दिन के बातचीत विषय का संक्षिप्त परिचय दें।<br>● शिक्षक पहले स्वयं विषय से संबंधित अपना छोटा अनुभव/विचार साझा करें, ताकि बच्चों को बोलने का तरीका समझ आए।<br>● अब गेंद एक बच्चे को दें। जिस बच्चे के पास गेंद होगी, वही बोलेगा; बाकी बच्चे ध्यान से सुनेंगे।<br>● बच्चे को विषय से जुड़ा अपना अनुभव/विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>● बोलने के बाद बच्चा गेंद अगले बच्चे को दे- यह क्रम तब तक जारी रखें, जब तक सभी बच्चों को अवसर न मिल जाए।<br>● आवश्यकता होने पर शिक्षक सरल प्रश्न पूछकर बच्चों की मदद करें, पर बातचीत का नेतृत्व बच्चों को करने दें।<br>● अंत में, बच्चों के प्रयास की सराहना करें और गतिविधि का सकारात्मक समापन करें। |

सप्ताह 5

## शुक्रवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | शिक्षक द्वारा हाव-भाव के साथ मौखिक कहानी सुनाना और उससे जुड़ी चर्चा करना। | अपनी भाषा में परिवेशीय चित्रों पर चर्चा करना। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा करना | चित्र के बारे में अपनी भाषा में बात करना |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | स्थानीय कहानी<br>आप कहानी पर चर्चा के लिए खुले और बंद छोर के प्रश्न पहले से तैयार रखें | ● चर्चा के लिए उपयुक्त चित्र का चयन करना<br>● चर्चा के लिए खुले और बंद छोर के प्रश्न तैयार करना |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए स्थानीय कविता हाव-भाव सहित गाएँ।<br>● आप कक्षा के बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ।<br>● आप बच्चों को कोई भी स्थानीय कहानी को अपने शब्दों में स्थानीय भाषा मे बच्चों को सुनाएँ।<br>● बच्चों का ध्यान बनाए रखने के लिए बीच-बीच में बच्चों से कहीं से संबंधित 3-4 सरल एवं तथ्यात्मक (बंद छोर) प्रश्न पूछें।<br>● कहानी समाप्त होने के बाद बच्चों से पूछें कि उन्हें कहानी कैसी लगी और क्यों?<br>● बातचीत को समृद्ध बनाने के लिए आप खुले छोर के प्रश्न (कल्पना, अनुभव, अनुमान लगाने से जुड़े) भी प्रश्न पूछ सकते हैं, लेकिन इन प्रश्नों की संख्या सीमित रखें। | ● गतिविधि की शुरुआत किसी छोटी-सी कविता से करें।<br>● फिर बच्चों को चित्र चार्ट दिखाते हुए चित्र चार्ट में दिख रही चीजों/ घटनाओं गतिविधियों के बारे में सरल व बंद छोर के प्रश्न पूछें, जैसे- यह चित्र कहाँ का है? इस चित्र में क्या हो रहा है? आदि।<br>● प्रत्येक प्रश्न पर 2-3 बच्चों की प्रतिक्रिया लें। यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक बच्चे को कम से कम 2 प्रश्नों का उत्तर देने का मौका मिले।<br>● फिर बच्चों के कुछ खुले छोर के प्रश्न पूछें, जैसे- इनमें से कौन-कौन सी वस्तुएँ आस-पास नजर आती है?<br>● फिर आप कुछ और प्रश्न पूछें और बच्चों को जोड़ियों में आपस में चर्चा करने के लिए कहें। |

## सप्ताह 5

| शनिवार | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल |
|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | चलो दोहराएँ- सप्ताह के छठवें दिन, सप्ताह भर की गतिविधियों का दोहराव करवाएँ। शिक्षक अवलोकन या किसी अन्य आयु उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन करें।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करें। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | आवश्यकतानुसार गतिविधियों का दोहराव और अवलोकन या किसी अन्य आयु-उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | ● सप्ताह में कराई गई गतिविधियों में बच्चों के कार्य का अवलोकन करें। बच्चों को पढ़ी हुई कहानी के बारे में चर्चा करने एवं तुकांत शब्दों को पहचानने-बनाने के मौके दें।<br>● हर बच्चे का एक पोर्टफोलियो बनाएँ, जिसमें उनकी बनाई वस्तुओं (चित्र, मिट्टी की मूर्तियाँ, क्राफ्ट की वस्तुएँ आदि) को रखें। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● गतिविधि की शुरूआत आप छोटी कविता से करें। बच्चों को चलने-फिरने/उठने-बैठने का मौका दें।<br>● सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान करवाएँ। इस सप्ताह में उन गतिविधियों को दोहराएँ, जिसमें बच्चों को पढ़ी हुई कहानी के बारे में चर्चा करने एवं तुकांत शब्दों को पहचानने-बनाने के मौके मिलें जैसे- बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना, साझा पठन करना, लयबद्ध कविता से तुकांत शब्द पहचानना/बनाना आदि।<br>● जब बच्चे इन गतिविधियों में जुड़े हो, उनके कार्य का अवलोकन करें। आप बच्चों से उनके कार्य के बारे में बात भी कर सकते हैं, जैसे- आप क्या बना रहे हो? आपने क्या लिखा है? आज आप क्या खेलोगे? आदि। इस तरह गतिविधियों के दौरान अवलोकन एवं चर्चा के आधार पर बच्चों का आकलन करें।<br>● बच्चों की बनाई वस्तुओं को उनके पोर्टफोलियो में दर्ज करें। पोर्टफ़ोलियो में बच्चों के काम का संग्रह है जो बच्चे की प्रगति, सफलताओं, रचनात्मक विकास आदि का प्रदर्शन है। समय-समय पर बच्चों का पोर्टफोलियो उनके माता-पिता से साझा करें। |

| सप्ताह 5 | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| | **शनिवार** | | | |
| गतिविधि का नाम | चलो दोहराएँ | साप्ताहिक पुनरावृत्ति | ● Family Song<br>● बच्चों का मनपसंद खेल | योगासन : कंधा घुमाकर साँस |
| उद्देश्य | सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान एवं शिक्षक द्वारा अवलोकन।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करना। | शिक्षक इस सप्ताह कराई गई सभी गतिविधियों की पुनरावृत्ति बच्चों से करवाएँ। | ● अंग्रेजी भाषा का विकास<br>● शारीरिक और मानसिक विकास | शारीरिक विकास और एकाग्रता |
| तैयारी और सामग्री | | गतिविधियों के अनुसार सामग्रियों की व्यवस्था व तैयारी करें। | https://drive.google.com/file/d/18Xxh4of6RF07E6XfPxPlJXgjw_T6h2Tb/view<br>● ब्लूटूथ स्पीकर<br>● परिवार के सदस्यों की Finger Cap | |
| गतिविधि के चरण | ● सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकता अनुसार दोहरान करवाएँ।<br>● बच्चों की बनाई वस्तुओं को उनके पोर्टफोलियो में दर्ज करें। | बच्चों को गतिविधियों के अनुसार सरल भाषा में निर्देश दें व आवश्यकतानुसार उनकी सहायता करें। | **Family Song**<br>● आप चार्टपेपर से अपनी अंगुली के नाप का कागज काटकर उस पर परिवार के सदस्यों का नाम लिख लें।<br>● अब आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर अपनी अंगुलियो को दिखाते हुए परिवार के सदस्यो से परिचित करवाएँ।<br>● फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर गीत को बजाकर अपनी अंगुलियो को दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**बच्चों का मनपसंद खेल**<br>● बच्चों को अपने साथियों के साथ अपनी पसंद का खेल चुनने और खेलने का अवसर दें। इस दौरान शिक्षक का दायित्व बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सक्रिय रूप से अवलोकन करना होगा। | ● बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठकर, साँस अंदर लेते हुए अपने कंधों को कानों की ओर ऊपर उठाएँ।<br>● साँस छोड़ते हुए अपने कंधों को वापस नीचे की ओर झुकाएँ।<br>● कंधे घुमाकर साँस लेने से तनाव दूर होता है।<br>● इस गतिविधि को 4-5 बार करें। |

सप्ताह 6

| | **सोमवार** | | | |
|---|---|---|---|---|
| | **मॉर्निंग सर्किल टाइम** | **स्वतंत्र खेल** | **भाषा और साक्षरता कौशल** | |
| **गतिविधि का नाम** | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | परिचित शब्दों से प्रथम ध्वनि को पहचानना (ब, म) और ब, म से शुरू होने वाले अन्य शब्द बताना। | बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना एवं उससे जुड़ी चर्चा करना। साथ ही, ब, म से शुरू होने वाले शब्दों को पहचानना |
| **उद्देश्य** | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | 'ब' और 'म' वर्ण की ध्वनि पहचानना | बिगबुक से कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा करना |
| **तैयारी और सामग्री** | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | 'ब' और 'म' वर्ण कार्ड | बिगबुक से कहानी पढ लें और सरल प्रश्नों की सूची बना लें |
| **गतिविधि के चरण** | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● 'ब' और 'म' से शुरू होने वाले परिचित शब्दों को बोलें।<br>● बच्चों से पहली ध्वनि पहचानने के लिए कहें। पहली ध्वनि पहचानने में बच्चों की मदद करें।<br>● जब बच्चे ध्वनि पहचानने लगें, उनसे 'ब' और 'म' वर्ण से शुरू होने वाले अन्य शब्द बताने के लिए कहें।<br>● अंत में, बच्चों को 'ब' और 'म' वर्ण का वर्ण कार्ड दिखाएँ और 'ब' और 'म' वर्ण को बोर्ड पर लिखकर उसकी आकृति दिखाएँ। | ● बच्चों को गोल घेरे में बैठाकर सहज करें।<br>● इसके बाद आप किताब का मुख्य पृष्ठ सभी बच्चों को दिखाएँ और कहानी के बारे में अनुमान लगाने के लिए कहें। जैसे- इस चित्र में आपको क्या दिख रहा है? यह कहानी किसके बारे में है?<br>● अब आप किताब के सभी पृष्ठ को क्रम से पलटते हुए बच्चों को दिखाएँ और कहानी के बारे में अनुमान लगाने के लिए कहें। साथ ही साथ हाव-भाव से पढ़ें।<br>● आप कहानी का दो बार आदर्श पठन करें।<br>● बच्चों को यह समझने का मौका दें कि किताब को बाईं से दाईं ओर पढ़ा जाता है।<br>● बाद में बच्चों ने जो चित्र देखकर अनुमान लगाया था, उन पर चर्चा करें।<br>● कहानी से 'ब' और 'म' वर्ण से शुरू होने वाले शब्दों को चार्टपेपर पर लिखकर चिपकाएँ और उन्हें पढ़ने का अभ्यास कराएँ। |

## सप्ताह 6

### सोमवार

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | अलग-अलग जानवरों के मुखौटों से अभिनय करना | 9 वस्तुएँ रखें और उसे बच्चों को क्रम से गिनने के लिए कहें, जोड़ते समय बच्चों को 'एक और जोड़ा' बोलने के लिए कहें। | ● My Dadaji Song<br>● रस्सी पर चलना (उल्टा) | बातचीत : सभी बच्चों से पूछें कि आज आपने किसकी मदद की और कैसे? |
| उद्देश्य | अभिनय करने की क्षमता का विकास | 1-1 जोड़ते हुए 9 तक गिनना | ● अंग्रेजी भाषा का विकास<br>● शारीरिक विकास | मौखिक अभिव्यक्ति, सुनने की क्षमता और आत्मविश्वास |
| तैयारी और सामग्री | मुखौटे | | https://drive.google.com/file/d/18MOEzHIGjaurdEi_KFEDwpdiW0CyqvGt/view<br>● ब्लूटूथ स्पीकर<br>● भिन्न-भिन्न जानवरों के फ्लैश कार्ड<br>● रस्सी | एक गेंद |
| गतिविधि के चरण | ● बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ और सहज करें।<br>● सभी को 4-5 के समूह में विभाजित करें। सभी समूहों में मुखौटे बाँट दें।<br>● इसके बाद सभी बच्चों को मुखौटों की सहायता से अपने-अपने समूहों में अभिनय करने का अभ्यास करने को कहें।<br>● इसके बाद बच्चों को एक-एक करके सामने बुलाते हुए मुखौटो के साथ अभिनय करने को कहें। | ● एक बच्चे को खड़ा करें। कहें यह एक है, फिर एक बच्चे को खड़ा करें और कहें एक बच्चा और जुड़ गया, दो हो गए।<br>● इसी तरह एक-एक बच्चे को खड़ा करते हुए 9 तक बताएँ।<br>● फिर इस गतिविधि को ठोस वस्तु के माध्यम से करके दिखाएँ।<br>● एक कंकड़ रखें, फिर एक कंकड़ रखते हुए कहें- एक और जुड़ गया कुल 2 हो गए। इसको दो बार दोहराएँ।<br>● फिर क्रम से बच्चों को बुलाकर एक कंकड़ जोड़कर बोलते हुए गिनने के लिए कहें। ध्यान रखें कुल संख्या 9 से ज्यादा न हो। | **My Dadaji Song**<br>● आप बच्चों के साथ गोल घेरे मे खड़े होकर भिन्न-भिन्न जानवरों के फ्लैश कार्ड दिखाते हुए उनके नाम पूछें और उनकी आवाजों पर चर्चा करें।<br>● फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर गीत को बजाकर फ्लैश कार्ड दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**रस्सी पर चलना (उल्टा)**<br>● बच्चों को एक पंक्ति में खड़ा करें।<br>● एक मोटी रस्सी जमीन पर बिछाएँ और बच्चों को क्रम से उस पर उल्टा चलने के लिए कहें।<br>● रस्सी पर चलने में बच्चों की मदद करें। | ● शिक्षक सभी बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठें और दिन के बातचीत विषय का संक्षिप्त परिचय दें।<br>● शिक्षक पहले स्वयं विषय से संबंधित अपना छोटा अनुभव/विचार साझा करें, ताकि बच्चों को बोलने का तरीका समझ आए।<br>● अब गेंद एक बच्चे को दें। जिस बच्चे के पास गेंद होगी, वही बोलेगा; बाकी बच्चे ध्यान से सुनेंगे।<br>● बच्चे को विषय से जुड़ा अपना अनुभव/विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>● बोलने के बाद बच्चा गेंद अगले बच्चे को दे- यह क्रम तब तक जारी रखें, जब तक सभी बच्चों को अवसर न मिल जाए।<br>● आवश्यकता होने पर शिक्षक सरल प्रश्न पूछकर बच्चों की मदद करें, पर बातचीत का नेतृत्व बच्चों को करने दें।<br>● अंत में, बच्चों के प्रयास की सराहना करें और गतिविधि का सकारात्मक समापन करें। |

सप्ताह 6

| मंगलवार | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | ब, म वर्ण को पहचानना जैसे वर्णों को आकृति से मिलाना / ब, म वर्ण से शुरू होने वाले चित्रों को छाँटना | शिक्षक और बच्चे मिलकर कहानी को पढ़ें, (साझा पठन) परिचित शब्दों को पहचानना (लोगोग्राफिक पठन) ब, म वर्ण पहचान कर अपने साथी को बताना। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | 'ब' और 'म' वर्ण से शुरू होने वाले चित्रों के चित्र कार्ड, कुछ अन्य वर्णों से शुरू होने वाले चित्रों के चित्र कार्ड | • कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा<br>• बिग बुक से साझा पठन के मौके देना |
| तैयारी और सामग्री | | • कला कोना<br>• किताब कोना<br>• ब्लॉक कोना<br>• अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | 'ब' और 'म' वर्ण की पहचान | • पिछले दिन प्रयोग की गई बिगबुक को दोबारा पढ़ लें और कहानी से जुड़े सरल प्रश्नों की सूची बना लें। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>• बच्चों का स्वागत<br>• प्रार्थना<br>• स्वच्छता जाँच<br>• बच्चों से संवाद<br>• सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | • बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>• यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | • पिछले दिन की गतिविधि को बच्चों के साथ फिर से दोहराएँ।<br>• 'ब' और 'म' वर्ण का वर्ण कार्ड दिखाते हुए वर्ण की पहचान कराएँ।<br>• बच्चों को छोटे-छोटे समूह में बाँटें और उन्हें 'ब' और 'म' वर्ण से शुरू होने वाले चित्रों के चित्र कार्ड और कुछ अन्य चित्र कार्ड दें।<br>• बच्चों को 'ब' और 'म' वर्ण से शुरू होने वाले चित्रों के कार्ड को अलग करने के लिए कहें। जरूरत के अनुसार कार्ड छाँटने में बच्चों की मदद करें। | • सभी बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ और सहज करें।<br>• कुछ प्रश्न पूछकर पिछले दिन की चर्चा का दोहराव करें।<br>• कहानी का एक बार हाव-भाव के साथ आदर्श वाचन करें।<br>• इसके बाद बच्चों को किताब दिखाते हुए उंगली रखकर फिर से कहानी पढ़ना शुरू करें। आप कहानी का आधा वाक्य बोलें और बच्चों को उसे पूरा करने के लिए कहें। किताब इस तरह पकड़ें कि सभी बच्चे किताब को देख सकें।<br>• आप बच्चों से कहानी पर बातचीत करें और खुले छोर के प्रश्न पूछें, जैसे- इस कहानी में आगे क्या हुआ होगा? इस कहानी के अंत में क्या बदलाव कर सकते हैं?<br>• कुछ बच्चों को बुलाकर कहानी को अपने शब्दों में सुनाने के लिए कहें।<br>• पिछले दिन चार्टपेपर पर लिखे शब्दों को पढ़ने के लिए कहें।<br>• बच्चों को कहानी से 'ब' और 'म' वर्ण को ढूँढकर अपने साथी को दिखाने के लिए कहें। |

## सप्ताह 6

| मंगलवार | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | कोलाज बनाना (फूल)<br>(कागज के छोटे-छोटे टुकड़ों को फूल की आकृति में चिपकाना) | जोड़ो और बताओ- 4 बच्चे को खड़ा करके किसी अन्य बच्चे को गिनने को कहें, फिर उसे एक और बच्चा खड़ा करके सबको गिनने को कहें। | ● My Dadaji Song<br>● पकड़म पकड़ाई | योगासन : ताड़ासन |
| उद्देश्य | छोटी माँसपेशियों तथा रचनात्मक अभिव्यक्ति | 1 अंक जोड़ना सीखना | ● अंग्रेजी भाषा का विकास<br>● शारीरिक विकास | शारीरिक विकास और एकाग्रता |
| तैयारी और सामग्री | ● आकृति वाला आधार कागज़ (फूल)<br>● रंगीन कागज़<br>● गोंद | | https://drive.google.com/file/d/18MOEzHlGjaurdEi_KFEDwpdiW0CyqvGt/view<br>● ब्लूटूथ स्पीकर<br>● भिन्न-भिन्न जानवरों के फ्लैश कार्ड | |
| गतिविधि के चरण | ● बच्चों को आराम से बैठाएँ और गतिविधि का उद्देश्य सरल भाषा में बताएँ।<br>● शिक्षक पहले पूरी प्रक्रिया करके दिखाएँ, कागज़ को कैसे फाड़ना है? गोंद कैसे लगाना है और आकृति के अंदर टुकड़े कैसे चिपकाने हैं?<br>● बच्चों को रंगीन कागज़ दें और उन्हें स्वयं छोटे-छोटे टुकड़े फाड़ने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>● अब बच्चों से कहें कि वे फाड़े हुए कागज़ के टुकड़ों को गोंद की मदद से दी गई आकृति के अंदर चिपकाएँ।<br>● गतिविधि के दौरान बच्चों का अवलोकन करें और आवश्यकता होने पर सहायता प्रदान करें।<br>● गतिविधि पूरी होने पर बच्चों के प्रयासों की सराहना करें और सामग्री को व्यवस्थित रखने के लिए प्रेरित करें। | ● 4 बच्चों को खड़ा करें। किसी बच्चे से गिनने के लिए कहें।<br>● एक बच्चे को और खड़ा करें, फिर सबको गिनने के लिए कहें।<br>● कहें, 1 बच्चा और जुड़ गया, कुल 5 हो गए।<br>● बच्चे को दोहराने के लिए कहें।<br>● फिर अन्य बच्चों को बुलाकर इसका अभ्यास कराएँ। | **My Dadaji Song**<br>● आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर भिन्न-भिन्न जानवरों के फ्लैश कार्ड दिखाते हुए उनके नाम पूछें और उनकी आवाजों पर चर्चा करें।<br>● फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर गीत को बजाकर फ्लैश कार्ड दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**पकड़म पकड़ाई**<br>● आप सभी बच्चों को गोल घेरे में बैठा दें। आज की गतिविधि के बारे में बताएँ।<br>● इस खेल के लिए सभी बच्चे आपके द्वारा निर्देशित क्षेत्र में दौड़ेंगे और केवल एक बच्चा सभी बच्चों को छूने का प्रयास करेगा।<br>● यदि बच्चा दूसरे किसी भी बच्चे को छूने में सफल हो जाता है तो उस दूसरे बच्चे को यही प्रक्रिया फिर से दोहरानी होगी।<br>● आप इस बात का ध्यान रखें कि सभी बच्चों को खेलने का मौका मिले। | ● बच्चों को खड़ा करें। दोनों हाथ ऊपर उठाकर, हाथ की उंगलियों को एक-दूसरे में फँसाने के लिए कहें। अब पैर की एड़ी ऊपर उठाकर पंजों के सहारे खड़े होने के लिए कहें।<br>● गहरी साँस लेते हुए 20-30 सेकंड तक बड़े होने (खींचने) के लिए कहें। साँस छोड़ते हुए वापस सामान्य स्थिति में आने के लिए कहें। यह प्रक्रिया 3-4 बार दोहराएँ। |

## सप्ताह 6

### बुधवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | ब, म वर्ण को लिखना जैसे बिंदुओं को मिलाकर वर्णों को लिखना। | ब, म वर्ण की आकृति को उंगली से हवा/मिट्टी/पीठ/पानी पर बनाने का अभ्यास करना। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | बिंदुओं के माध्यम से 'ब' और 'म' वर्ण लिखना | वर्णों की आकृति बनाना |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | 'ब' और 'म' वर्ण का चित्र कार्ड, 'ब' और 'म' वर्ण को लिखने के लिए बिंदुओं वाले कार्यपत्रक | संबंधित वर्ण से शुरू होने वाले परिवेशीय शब्दों की सूची बना लें<br>मिट्टी/बोर्ड |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● 'ब' और 'म' वर्ण के वर्ण कार्ड को दिखाते हुए बच्चों को पुनः वर्ण की पहचान कराएँ।<br>● श्यामपट्ट पर 'ब' और 'म' वर्ण लिखकर बच्चों को दिखाएँ।<br>● बिंदुओं को मिलाकर 'ब' और 'म' वर्ण को लिखने के अभ्यास के लिए कार्यपत्रक बनाकर बच्चों को दें।<br>● बच्चों से बिंदुओं को मिलाकर 'ब' और 'म' वर्ण लिखने के लिए कहें। जरूरत के अनुसार बच्चों की मदद करें। | ● बच्चों को गोल घेरे मे खड़ा करें। 'ब' और 'म' वर्ण से शुरू होने वाले शब्दों को बोलने के लिए कहें।<br>● इसके बाद हवा में 'ब' और 'म' वर्ण को लिखें और बच्चों को पहचानने के लिए कहें। फिर बच्चों को भी हवा में 'ब' और 'म' वर्ण बनाने के लिए कहें।<br>● बच्चों को एक-दूसरे के पीठ पर 'ब' और 'म' वर्ण उंगली से बनाने के लिए कहें।<br>● बच्चों को पानी, मिट्टी आदि में 'ब' और 'म' वर्ण बनाने के लिए कहें। यदि बच्चे हरी पट्टी पर लिखने के लिए कहें तो लिखने दें। |

## बुधवार

सप्ताह 6

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | अपने दोस्त के बार में बात करना/परिचय दें (नाम, उम्र, पसंद, नापसंद आदि) | जोड़ो और बताओ- पिछले दिन गतिविधि को कंकड़ के माध्यम से कराएं। जोड़ और कुल शब्द पर जोर दें। | ● My Dadaji Song<br>● स्टापू<br>(आठ खानों में अलग-अलग आकृति बनाकर निर्देशानुसार उस पर कूदने की गतिविधि) | बातचीत : सभी बच्चों से पूछें कि आपको स्कूल आकर कैसा लगता है? |
| उद्देश्य | मौखिक अभिव्यक्ति तथा सामाजिक सहभागिता | ठोस वस्तुओं के माध्यम से जोड़ सीखना | ● अंग्रेजी भाषा का विकास<br>● शारीरिक और मानसिक विकास | मौखिक अभिव्यक्ति, सुनने की क्षमता और आत्मविश्वास |
| तैयारी और सामग्री | एक गेंद | कंकड़ | https://drive.google.com/file/d/18MOEzHIGjaurdEi_KFEDwpdiW0CyqvGt/view<br>● ब्लूटूथ स्पीकर<br>● भिन्न-भिन्न जानवरों के फ्लैश कार्ड<br>● चॉक, पत्थर | एक गेंद |
| गतिविधि के चरण | ● बच्चों को गोल घेरे में बैठाकर गतिविधि का उद्देश्य सरल भाषा में बताएँ कि वे अपने दोस्त का परिचय देंगे।<br>● शिक्षक पहले स्वयं किसी एक बच्चे/काल्पनिक मित्र का उदाहरण देकर परिचय दें, जैसे नाम, उम्र, पसंद या नापसंद।<br>● अब गेंद एक बच्चे को दें और उससे कहें कि वह अपने पास बैठे दोस्त के बारे में बताएँ।<br>● जिस बच्चे के पास गेंद होगी, वही बोलेगा; बाकी बच्चे ध्यान से सुनेंगे।<br>● बोलने के बाद बच्चा गेंद अगले बच्चे को दे- यह क्रम तब तक जारी रखें, जब तक सभी बच्चों को अवसर न मिल जाए।<br>● अंत में, बच्चों के प्रयासों की सराहना करें। | ● पिछले दिन की गतिविधि को दोहराएँ।<br>● फिर कंकड़ के माध्यम से पिछले दिन की गतिविधि को बच्चों को करके दिखाएँ।<br>● फिर एक-एक करके बच्चों को बुलाकर गतिविधि करने के लिए कहें।<br>● बच्चों से जोड़ और कुल बोलने के लिए कहें, जैसे 1 जुड़ गया तो कुल 5 हो गया। | **My Dadaji Song**<br>● आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर भिन्न- भिन्न जानवरों के फ्लैश कार्ड दिखाते हुए उनके नाम पूछें और उनकी आवाजों पर चर्चा करें।<br>● फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर गीत को बजाकर फ्लैश कार्ड दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**स्टापू**<br>● आप जमीन पर स्टापू बनाकर संख्या लिख दें।<br>● बच्चों को स्टापू के नियमों को समझा दें। बच्चों को पत्थर को ऐसे फेंकने के लिए कहें, जिससे वो बने हुए खाने में गिरे अब खाने के अन्दर बच्चों को एक पैर से कूदने को कहें।<br>● कूदते हुए पैरों से पत्थर को खानों से बाहर निकालना होगा।<br>● ऐसे ही सभी बच्चों को खेलने का मौका दें। खेल के दौरान बच्चों की सुरक्षा का ध्यान रखें। | ● शिक्षक सभी बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठें और दिन के बातचीत विषय का संक्षिप्त परिचय दें।<br>● शिक्षक पहले स्वयं विषय से संबंधित अपना छोटा अनुभव/विचार साझा करें, ताकि बच्चों को बोलने का तरीका समझ आए।<br>● अब गेंद एक बच्चे को दें। जिस बच्चे के पास गेंद होगी, वही बोलेगा; बाकी बच्चे ध्यान से सुनेंगे।<br>● बच्चे को विषय से जुड़ा अपना अनुभव/विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>● बोलने के बाद बच्चा गेंद अगले बच्चे को दे- यह क्रम तब तक जारी रखें, जब तक सभी बच्चों को अवसर न मिल जाए।<br>● आवश्यकता होने पर शिक्षक सरल प्रश्न पूछकर बच्चों की मदद करें, पर बातचीत का नेतृत्व बच्चों को करने दें।<br>● अंत में, बच्चों के प्रयास की सराहना करें और गतिविधि का सकारात्मक समापन करें। |

## सप्ताह 6 — बृहस्पतिवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | अब तक सीखे गए वर्णों (क, ग, च, ज, ट, ड, त, द, न, प, ब, म) को मिलाकर नए शब्द बनाना और लिखना | किताबें उलटने-पलटने का मौका देना एवं चित्रों को देखकर कहानी का अनुमान लगाना। अब तक सीखे गए वर्णों (क, ग, च, ज, ट, ड, त, द, न, प, ब, म) को/ वर्णों से बने शब्दों को ढूँढना |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | सीखे वर्णों को मिलाकर अमात्रिक शब्द बनाना | किताबों को उलटना-पलटना और उनमें चित्रों द्वारा कहानी का अनुमान लगाना |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | अब तक सीखे गए वर्णों (क, ग, च, ज, ट, ड, त, द, न, प, ब, म) के वर्ण कार्ड | ● बच्चों के स्तर के अनुरूप ऐसी कहानियों का चयन करना, जिनमें चित्र अधिक हों। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● बच्चों को अब तक सिखाए गए वर्णों (क, ग, च, ज, ट, ड, त, द, न, प, ब, म) के वर्ण कार्ड से 2 वर्णों वाले अमात्रिक शब्द बनाकर दिखाएँ और बच्चों से भी शब्द बनाने के लिए कहें।<br>● बच्चों को छोटे-छोटे समूह में बाँटें और उन्हें सिखाए गए वर्णों (क, ग, च, ज, ट, ड, त, द, न, प, ब, म) के वर्ण कार्ड दें और अमात्रिक शब्द बनाने और कॉपी पर लिखने के लिए कहें। जरूरत के अनुसार समूह में जाकर बच्चों की मदद करें। | ● बच्चों को पुस्तकालय या रीडिंग कॉर्नर से अधिक चित्रों वाली कहानी की किताब दें, उन्हें चित्रों और शब्दों को देखकर पढ़ने का प्रयास करने के लिए कहें। बच्चों को स्वयं से किताब चयन करने का मौका दें।<br>● बच्चों को किताब उलटने-पलटने और आपस में बात करने का मौका दें।<br>● कुछ बच्चों (2-3) बच्चों से उनकी किताब की कहानी को अपनी भाषा में बताने के लिए कहें।<br>● बच्चे जो भी कहानी बनाएँ, उसे स्वीकार करें और कहानी बताने में उनका सहयोग करें।<br>● कहानी से अब तक सीखे गए वर्णों (क, ग, च, ज, ट, ड, त, द, न, प, ब, म) को/ वर्णों से बने शब्दों को ढूँढने के लिए कहें। |

बाल वाटिका

सप्ताह 6

## बृहस्पतिवार

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | ओरिगामी (चौकोर पेपर से कुत्ता/बिल्ली बनाना) | जोड़ो और बताओ- पिछले दिन की गतिविधि में कंकड़ के साथ अंक कार्ड को भी दिखाने के लिए कहें। जोड़ और कुल शब्द पर जोर दें। | ● Fruits Jumping on the bed<br>● गेंद को लुढ़काकर लक्ष्य तक पहुँचाना | योगासन : गहरी साँस |
| उद्देश्य | छोटी माँसपेशियों तथा रचनात्मक अभिव्यक्ति | ठोस वस्तुओं के माध्यम से जोड़ सीखना | ● अंग्रेजी भाषा का विकास<br>● स्थूल मोटर कौशल तथा निर्देशों का पालन करने की क्षमता | शारीरिक विकास और एकाग्रता |
| तैयारी और सामग्री | चौकोर आकार के रंगीन कागज़/पुराने अखबार (प्रत्येक बच्चे के लिए) | कंकड़ | https://drive.google.com/file/d/1fYNAH38mrQq3RaTBOvVJrOkBvHrFaeeY/view<br>● ब्लूटूथ स्पीकर<br>● भिन्न-भिन्न फलों के फ्लैश कार्ड<br>● 1 गेंद<br>● लक्ष्य चिन्हित करने के लिए कोई वस्तु (जैसे- बाल्टी, डिब्बा या जमीन पर बनाया गया निशान) | |
| गतिविधि के चरण | ● बच्चों को आराम से बैठाएँ और गतिविधि का उद्देश्य सरल भाषा में बताएँ।<br>● शिक्षक पहले पूरी प्रक्रिया धीरे-धीरे करके दिखाएँ और हर मोड़ के साथ स्पष्ट निर्देश दें।<br>● चौकोर कागज़ को तिरछा मोड़कर त्रिकोण बनाएँ।<br>● ऊपर के दोनों कोनों को नीचे की ओर मोड़कर कान बनाएँ।<br>● नीचे का कोना हल्का ऊपर मोड़ें (मुँह/ठुड्डी के लिए)।<br>● शिक्षक आँख/नाक बनाने का प्रदर्शन करें।<br>● गतिविधि के दौरान बच्चों की आवश्यकता अनुसार सहायता करें। | ● पिछले दिन की गतिविधि को बच्चों से करवाएँ।<br>● जोड़ और कुल बोलते हुए अंक कार्ड दिखाने के लिए भी कहें। | **Fruits Jumping on the bed**<br>● आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर भिन्न-भिन्न फलों के फ्लैश कार्ड दिखाते हुए उनके नाम पूछें और चर्चा करें।<br>● फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर गीत को बजाकर फ्लैश कार्ड दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**गेंद को लुढ़काकर लक्ष्य तक पहुचाना**<br>● बच्चों को खुले स्थान में एक पंक्ति या छोटे समूहों में खड़ा करें।<br>● जमीन पर एक लक्ष्य तय करें और बच्चों को दिखाएँ कि गेंद को कैसे धीरे-धीरे लुढ़काकर लक्ष्य तक पहुँचाना है। शिक्षक पहले स्वयं करके दिखाएँ।<br>● अब एक-एक करके बच्चों को गेंद लुढ़काने का अवसर दें।<br>● बच्चों को निर्देश दें कि वे गेंद को नियंत्रित तरीके से लक्ष्य की ओर लुढ़काएँ।<br>● सभी बच्चों को बारी-बारी से अवसर दें और अंत में उनके प्रयासों की सराहना करें। | ● बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठें।<br>● स्वयं गहरी साँस लेकर और छोड़कर बच्चों को दिखाएँ।<br>● बच्चों से 5 बार गहरी साँस लेने और छोड़ने के लिए कहें। साथ में स्वयं भी करें।<br>● बच्चों को इसके फायदे बताएं, जैसे कि इससे फेफड़े मजबूत होते हैं आदि। |

## सप्ताह 6

| | शुक्रवार | | | |
|---|---|---|---|---|
| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | शिक्षक द्वारा हाव-भाव के साथ मौखिक कहानी सुनाना और उससे जुड़ी चर्चा करना। | अपनी भाषा में परिवेशीय चित्रों पर चर्चा करना। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा करना | चित्र के बारे में अपनी भाषा में बात करना |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | स्थानीय कहानी<br>आप कहानी पर चर्चा के लिए खुले और बंद छोर के प्रश्न पहले से तैयार रखें | ● चर्चा के लिए उपयुक्त चित्र का चयन करना<br>● चर्चा के लिए खुले और बंद छोर के प्रश्न तैयार करना |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए स्थानीय कविता हाव-भाव सहित गाएँ।<br>● आप कक्षा के बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ।<br>● आप बच्चों को कोई भी स्थानीय कहानी को अपने शब्दों में स्थानीय भाषा में बच्चों को सुनाएँ।<br>● बच्चों का ध्यान बनाए रखने के लिए बीच-बीच में बच्चों से कहानी से संबंधित 3-4 सरल एवं तथ्यात्मक (बंद छोर) प्रश्न पूछें।<br>● कहानी समाप्त होने के बाद बच्चों से पूछें कि उन्हें कहानी कैसी लगी और क्यों?<br>● बातचीत को समृद्ध बनाने के लिए आप खुले छोर के प्रश्न (कल्पना, अनुभव, अनुमान लगाने से जुड़े) भी प्रश्न पूछ सकते हैं, लेकिन इन प्रश्नों की संख्या सीमित रखें। | ● गतिविधि की शुरुआत किसी छोटी-सी कविता से करें।<br>● फिर बच्चों को चित्र चार्ट दिखाते हुए चित्र चार्ट में दिख रही चीजों/घटनाओं गतिविधियों के बारे में सरल व बंद छोर के प्रश्न पूछें, जैसे- यह चित्र कहाँ का है? इस चित्र में क्या हो रहा है? आदि।<br>● प्रत्येक प्रश्न पर 2-3 बच्चों की प्रतिक्रिया लें। यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक बच्चे को कम से कम 2 प्रश्नों का उत्तर देने का मौका मिले।<br>● फिर बच्चों के कुछ खुले छोर के प्रश्न पूछें, जैसे- इनमें से कौन-कौन सी वस्तुएँ आस-पास नजर आती हैं?<br>● फिर आप कुछ और प्रश्न पूछें और बच्चों को जोड़ियों में आपस में चर्चा करने के लिए कहें। |

## सप्ताह 6

| शुक्रवार | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | सुनाई गई मौखिक कहानी के आधार पर कोई भी चित्र बनाना | बड़ा-छोटा, ऊँचा-छोटा की गतिविधि को ठोस वस्तुओं और चित्रों के माध्यम से दोहराएँ | • Fruits Jumping on the bed<br>• किताब का संतुलन (हाथ से) | बातचीत : सभी बच्चों से पूछें कि आज आपको कक्षा में कौन-सा काम थोड़ा मुश्किल लगा? |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी माँसपेशियों एवं कल्पनाशीलता का विकास | बड़ा-छोटा, ऊँचा-छोटा ठोस वस्तुओं और चित्रों के माध्यम से सीखना | • अंग्रेजी भाषा का विकास<br>• शारीरिक विकास | मौखिक अभिव्यक्ति, सुनने की क्षमता और आत्मविश्वास |
| तैयारी और सामग्री | • बच्चों को 4- 5 की संख्या में छोटे-छोटे समूहों में बाँटें<br>• चित्र बनाने हेतु काग़ज, पेंसिल, रबर, शार्पनर एवं क्रेयॉन/रंग इत्यादि | एक जैसी बड़ी-छोटी और ऊँची-छोटी वस्तुएँ, बड़ी-छोटी और ऊँची-छोटी के कार्यपत्रक तैयार करके रखें | https://drive.google.com/file/d/1fYNAH38mrQq3RaTBOvVJrOkBvHrFaeeY/view<br>• ब्लूटूथ स्पीकर<br>• भिन्न-भिन्न फलों के फ्लैश कार्ड<br>• कुछ किताबें | एक गेंद |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ और सहज करें।<br>• बच्चों को छोटे-छोटे समूह में बाँटें और प्रत्येक बच्चे को एक-एक काग़ज, पेंसिल, रबर, शार्पनर एवं क्रेयॉन/रंग इत्यादि उपलब्ध कराएँ।<br>• अब आप बच्चों को सुनाई गई कहानी याद दिलाएँ। इसके बाद बच्चों से कहें कि वे कहानी के किसी भी हिस्से या पात्र के आधार पर अपना चित्र बनाएँ।<br>• बीच-बीच में बच्चों की मदद करते रहें और जब चित्र बन जाए तो उनको किसी दीवार पर लगा दें।<br>• कहानी पर बनाए गए चित्रों को देखकर सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करें। | • बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठ जाएँ।<br>• बच्चों के सामने एक बड़ी और छोटी गेंद रखें। दोनों गेंद दिखाते हुए किसी एक बच्चे से पूछें, इनमे से बड़ी गेंद कौन- सी है?<br>• इसी तरह किसी अन्य बच्चे से पूछें- इनमें से छोटी गेंद कौन- सी है? इस गतिविधि को अन्य वस्तुओं के माध्यम से भी कराएँ जैसे- छोटी किताब और बड़ी किताब।<br>• इसी तरह ऊँची-छोटी वस्तुओं की भी पहचान कराएँ।<br>• बोर्ड पर चित्र बनाकर भी बच्चों को बड़ा-छोटा और ऊँचा- छोटा बताएँ।<br>• कार्यपत्रक देकर बच्चों को उस पर कार्य करने के लिए कहें। | **Fruits Jumping on the bed**<br>• आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर भिन्न-भिन्न फलों के फ्लैश कार्ड दिखाते हुए उनके नाम पूछें और चर्चा करें।<br>• फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर गीत को बजाकर फ्लैश कार्ड दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**किताब का संतुलन (हाथ से)**<br>• एक सीधी रेखा खींचें।<br>• क्रम से बच्चों की दोनों हथेलियों पर एक-एक किताब रखें।<br>• बिना किताब गिराए हुए संतुलन बनाकर रेखा पर चलने के लिए कहें। | • शिक्षक सभी बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठें और दिन के बातचीत विषय का संक्षिप्त परिचय दें।<br>• शिक्षक पहले स्वयं विषय से संबंधित अपना छोटा अनुभव/विचार साझा करें, ताकि बच्चों को बोलने का तरीका समझ आए।<br>• अब गेंद एक बच्चे को दें। जिस बच्चे के पास गेंद होगी, वही बोलेगा; बाकी बच्चे ध्यान से सुनेंगे।<br>• बच्चे को विषय से जुड़ा अपना अनुभव/विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>• बोलने के बाद बच्चा गेंद अगले बच्चे को दे- यह क्रम तब तक जारी रखें, जब तक सभी बच्चों को अवसर न मिल जाए।<br>• आवश्यकता होने पर शिक्षक सरल प्रश्न पूछकर बच्चों की मदद करें, पर बातचीत का नेतृत्व बच्चों को करने दें।<br>• अंत में, बच्चों के प्रयास की सराहना करें और गतिविधि का सकारात्मक समापन करें। |

## शनिवार

**सप्ताह 6**

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल |
|---|---|---|---|
| **गतिविधि का नाम** | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | चलो दोहराएँ - सप्ताह के छठवें दिन, सप्ताह भर की गतिविधियों का दोहराव करवाएँ। शिक्षक अवलोकन या किसी अन्य आयु उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन करें।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करें। |
| **उद्देश्य** | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | आवश्यतानुसार गतिविधियों का दोहराव और अवलोकन या किसी अन्य आयु-उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन |
| **तैयारी और सामग्री** | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | ● सप्ताह में कराई गई गतिविधियों में बच्चों के कार्य का अवलोकन करें। बच्चों को पढ़ी हुई कहानी के बारे में चर्चा करने एवं तुकांत शब्दों को पहचानने-बनाने के मौके दें।<br>● हर बच्चे का एक पोर्टफोलियो बनाएँ, जिसमें उनकी बनाई वस्तुओं (चित्र, मिट्टी की मूर्तियाँ, क्राफ्ट की वस्तुएँ आदि) को रखें। |
| **गतिविधि के चरण** | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● गतिविधि की शुरूआत आप छोटी कविता से करें। बच्चों को चलने-फिरने/ उठने-बैठने का मौका दें।<br>● सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान करवाएँ। इस सप्ताह में उन गतिविधियों को दोहराएँ, जिसमें बच्चों को पढ़ी हुई कहानी के बारे में चर्चा करने एवं तुकांत शब्दों को पहचानने-बनाने के मौके मिलें, जैसे- बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना, साझा पठन करना, लयबद्ध कविता से तुकांत शब्द पहचानना/बनाना आदि।<br>● जब बच्चे इन गतिविधियों में जुड़े हो, उनके कार्य का अवलोकन करें। आप बच्चों से उनके कार्य के बारे में बात भी कर सकते हैं, जैसे- आप क्या बना रहे हो? आपने क्या लिखा है? आज आप क्या खेलोगे? आदि। इस तरह गतिविधियों के दौरान अवलोकन एवं चर्चा के आधार पर बच्चों का आकलन करें।<br>● बच्चों की बनाई वस्तुओं को उनके पोर्टफोलियो में दर्ज करें। पोर्टफ़ोलियो बच्चों के काम का संग्रह है, जो बच्चे की प्रगति, सफलताओं, रचनात्मक विकास आदि का प्रदर्शन है। समय-समय पर बच्चों का पोर्टफोलियो उनके माता-पिता से साझा करें। |

## सप्ताह 6

### शनिवार

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | चलो दोहराएँ | साप्ताहिक पुनरावृत्ति | ● Fruits Jumping on the bed<br>● बच्चों का मनपसंद खेल | योगासन : पेट से साँस |
| उद्देश्य | सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान एवं शिक्षक द्वारा अवलोकन।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करना। | शिक्षक इस सप्ताह कराई गई सभी गतिविधियों की पुनरावृति बच्चों से करवाएँ।<br>● क्रम से गिनना<br>● जोड़ों और बताओ<br>● बड़ा-छोटा, ऊँचा-छोटा की गतिविधि | ● अंग्रेजी भाषा का विकास<br>● बच्चों में शारीरिक और मानसिक विकास | शारीरिक विकास और एकाग्रता |
| तैयारी और सामग्री | | गतिविधियों के अनुसार सामग्रियों की व्यवस्था व तैयारी करें। | https://drive.google.com/file/d/1fYNAH38mrQq3RaTBOvVJrOkBvHrFaeeY/view<br>● ब्लूटूथ स्पीकर<br>● भिन्न-भिन्न फलों के फ्लैश कार्ड | |
| गतिविधि के चरण | ● सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान करवाएँ।<br>● बच्चों की बनाई वस्तुओं को उनके पोर्टफोलियो में दर्ज करें। | बच्चों को गतिविधियों की अनुसार सरल भाषा में निर्देश दें व आवश्यकतानुसार उनकी सहायता करें। | **Fruits Jumping on the bed**<br>● आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर भिन्न-भिन्न फलों के फ्लैश कार्ड दिखाते हुए उनके नाम पूछें और चर्चा करें।<br>● फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर गीत को बजाकर फ्लैश कार्ड दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**बच्चों का मनपसंद खेल**<br>● बच्चों को अपने साथियों के साथ अपनी पसंद का खेल चुनने और खेलने का अवसर दें। इस दौरान शिक्षक का दायित्व बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सक्रिय रूप से अवलोकन करना होगा। | ● अपना एक हाथ पेट पर और एक हाथ अपनी छाती पर रखें।<br>● 4 बार गहरी साँस लें और छोड़ें।<br>● बच्चों से भी साथ में करने के लिए कहें।<br>● बच्चों से कहें : साँस लेते और छोड़ते समय पेट की क्रिया को महसूस करें। |

बाल वाटिका

**सप्ताह 7**

## सोमवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | परिचित शब्दों से प्रथम ध्वनि को पहचानना (र, ल) और र, ल से शुरू होने वाले अन्य शब्द बताना। | बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना एवं उससे जुड़ी चर्चा करना। साथ ही, र, ल से शुरू होने वाले शब्दों को पहचानना। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | 'र' और 'ल' वर्ण की ध्वनि पहचानना | बिगबुक से कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा करना |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | 'र' और 'ल' वर्ण कार्ड | बिगबुक से कहानी पढ़ लें और सरल प्रश्नों की सूची बना लें। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● 'र' और 'ल' से शुरू होने वाले परिचित शब्दों को बोलें।<br>● बच्चों से पहली ध्वनि पहचानने के लिए कहें। पहली ध्वनि पहचानने में बच्चों की मदद करें।<br>● जब बच्चे ध्वनि पहचानने लगें, उनसे 'र' और 'ल' वर्ण से शुरू होने वाले अन्य शब्द बताने के लिए कहें।<br>● अंत में, बच्चों को 'र' और 'ल' वर्ण का वर्ण कार्ड दिखाएँ और 'र' और 'ल' वर्ण को बोर्ड पर लिखकर उसकी आकृति दिखाएँ। | ● बच्चों को गोल घेरे में बैठाकर सहज करें।<br>● इसके बाद आप किताब का मुख्य पृष्ठ सभी बच्चों को दिखाएँ और कहानी के बारे में अनुमान लगाने के लिए कहें। जैसे- इस चित्र में आपको क्या दिख रहा है? यह कहानी किसके बारे में है?<br>● अब आप किताब के सभी पृष्ठ को क्रम से पलटते हुए बच्चों को दिखाएँ और कहानी के बारे में अनुमान लगाने के लिए कहें। साथ ही साथ हाव-भाव से पढ़ें।<br>● आप कहानी का दो बार आदर्श पठन करें।<br>● बच्चों को यह समझने का मौके दें कि किताब को बाईं से दाईं ओर पढ़ा जाता है।<br>● बाद में, बच्चों ने जो चित्र देखकर अनुमान लगाया था, उन पर चर्चा करें।<br>● कहानी से 'र' और 'ल' वर्ण से शुरू होने वाले शब्दों को चार्ट पेपर पर लिखकर चिपकाएँ और उन्हें पढ़ने का अभ्यास कराएँ। |

सप्ताह 7

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| **सोमवार** | | | | |
| गतिविधि का नाम | मुक्त चित्रकारी | 9 वस्तुएँ रखें, गिनें, एक-एक करके वस्तुओं को कम करते हुए 1 तक गिने, 'कितने बचे' शब्द पर जोर दें। बच्चों को | ● This is the way we go to school<br>● गेंद को लुढ़काकर लक्ष्य तक पहुचाना | बातचीत : सभी बच्चों से पूछें कि सुबह उठकर आप क्या-क्या करते हैं? |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी माँसपेशियों का विकास, बौद्धिक विकास | एक कम करके गिनना | ● अंग्रेजी भाषा का विकास<br>● स्थूल मोटर कौशल तथा निर्देशों का पालन करने की क्षमता | मौखिक अभिव्यक्ति, सुनने की क्षमता और आत्मविश्वास |
| तैयारी और सामग्री | पेंसिल, रंग, कागज, चॉक | एक जैसी 9 वस्तुएँ | https://drive.google.com/file/d/1PzEWAcm1V4D5i36UiEfTPEXF-koejtp_/view<br>● ब्लूटूथ स्पीकर<br>● 1 गेंद<br>● लक्ष्य चिन्हित करने के लिए कोई वस्तु (जैसे- बाल्टी, डिब्बा या जमीन पर बनाया गया निशान) | एक गेंद |
| गतिविधि के चरण | ● बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ और सहज करें।<br>● दी गई सामग्री (पेंसिल, रंग, कागज, चॉक) को कक्षा-कक्ष के बीच में रख दें और बच्चों से अपनी मनपसंद सामग्री उठाकर मनचाहा चित्र बनाने को कहें।<br>● गतिविधि समाप्त होने के बाद बच्चों के द्वारा बनाए गए चित्र के बारे में अपने साथी को बताने को कहें। | ● एक-एक करके गिनते हुए 9 वस्तुएँ रखें, कहें यह 9 है।<br>● एक वस्तु हटा दें, फिर गिनें। कहें एक कम हो गई तो 8 बचे।<br>● 'कम' और 'बचे' शब्द पर जोर दें।<br>● फिर बच्चों को बुलाकर भी एक-एक वस्तु कम करके 'कम' और 'बचे' बोलते हूए गिनने के लिए कहें। | This is the way we go to school<br>● आप ब्लूटूथ स्पीकर पर गीत को बजाकर बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>● गेंद को लुढ़काकर लक्ष्य तक पहुँचाना<br>● बच्चों को खुले स्थान में एक पंक्ति या छोटे समूहों में खड़ा करें।<br>● जमीन पर एक लक्ष्य तय करें और बच्चों को दिखाएँ कि गेंद को कैसे धीरे-धीरे लुढ़काकर लक्ष्य तक पहुँचाना है। शिक्षक पहले स्वयं करके दिखाएँ।<br>● अब एक-एक करके बच्चों को गेंद लुढ़काने का अवसर दें।<br>● बच्चों को निर्देश दें कि वे गेंद को नियंत्रित तरीके से लक्ष्य की ओर लुढ़काएँ।<br>● सभी बच्चों को बारी-बारी से अवसर दें और अंत में उनके प्रयासों की सराहना करें। | ● शिक्षक सभी बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठें और दिन के बातचीत विषय का संक्षिप्त परिचय दें।<br>● शिक्षक पहले स्वयं विषय से संबंधित अपना छोटा अनुभव / विचार साझा करें, ताकि बच्चों को बोलने का तरीका समझ आए।<br>● अब गेंद एक बच्चे को दें। जिस बच्चे के पास गेंद होगी, वही बोलेगा; बाकी बच्चे ध्यान से सुनेंगे।<br>● बच्चे को विषय से जुड़ा अपना अनुभव / विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>● बोलने के बाद बच्चा गेंद अगले बच्चे को दे- यह क्रम तब तक जारी रखें, जब तक सभी बच्चों को अवसर न मिल जाए।<br>● आवश्यकता होने पर शिक्षक सरल प्रश्न पूछकर बच्चों की मदद करें, पर बातचीत का नेतृत्व बच्चों को करने दें।<br>● अंत में, बच्चों के प्रयास की सराहना करें और गतिविधि का सकारात्मक समापन करें। |

## मंगलवार

**सप्ताह 7**

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | र, ल वर्ण को पहचानना जैसे वर्णों को आकृति से मिलाना / र, ल वर्ण से शुरू होने वाले चित्रों को छाँटना | शिक्षक और बच्चे मिलकर कहानी को पढ़ें (साझा पठन) परिचित शब्दों को पहचानना (लोगोग्राफिक पठन) र, ल वर्ण पहचानकर अपने साथी को बताना। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | 'र' और 'ल' वर्ण से शुरू होने वाले चित्रों के चित्र कार्ड, कुछ अन्य वर्णों से शुरू होने वाले चित्रों के चित्र कार्ड | • कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा<br>• बिग बुक से साझा पठन के मौके देना |
| तैयारी और सामग्री | | • कला कोना<br>• किताब कोना<br>• ब्लॉक कोना<br>• अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | 'र' और 'ल' वर्ण की पहचान | • पिछले दिन प्रयोग की गई बिगबुक को दोबारा पढ़ लें और कहानी से जुड़ें सरल प्रश्नों की सूची बना लें। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>• बच्चों का स्वागत<br>• प्रार्थना<br>• स्वच्छता जाँच<br>• बच्चों से संवाद<br>• सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | • बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>• यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | • पिछले दिन की गतिविधि को बच्चों के साथ फिर से दोहराएँ<br>• 'र' और 'ल' वर्ण का वर्ण कार्ड दिखाते हुए वर्ण की पहचान कराएँ।<br>• बच्चों को छोटे-छोटे समूह मे बाँटें और उन्हें 'र' और 'ल' वर्ण से शुरू होने वाले चित्रों के चित्र कार्ड और कुछ अन्य चित्र कार्ड दें।<br>• बच्चों को 'र' और 'ल' वर्ण से शुरू होने वाले चित्रों के कार्ड को अलग करने के लिए कहें। जरूरत के अनुसार कार्ड छाँटने में बच्चों की मदद करें। | • सभी बच्चों को गोल घेरे मे बैठाएँ और सहज करें।<br>• कुछ प्रश्न पूछकर पिछले दिन की चर्चा का दोहराव करें।<br>• कहानी का एक बार हाव-भाव के साथ आदर्श वाचन करें।<br>• इसके बाद बच्चों को किताब दिखाते हुए उंगली रखकर फिर से कहानी पढ़ना शुरू करें। आप कहानी का आधा वाक्य बोलें और बच्चों को उसे पूरा करने के लिए कहें। किताब इस तरह पकड़ें कि सभी बच्चे किताब को देख सकें।<br>• आप बच्चों से कहानी पर बातचीत करें और खुले छोर के प्रश्न पूछें, जैसे- इस कहानी में आगे क्या हुआ होगा? इस कहानी के अंत में क्या बदलाव कर सकते हैं।<br>• कुछ बच्चों को बुलाकर कहानी को अपने शब्दों में सुनाने के लिए कहें।<br>• पिछले दिन चार्ट पेपर पर लिखे शब्दों को पढ़ने के लिए कहें।<br>• बच्चों को कहानी से 'र' और 'ल' वर्ण को ढूँढकर अपने साथी को दिखाने के लिए कहें। |

सप्ताह 7

| | मंगलवार | | | |
|---|---|---|---|---|
| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
| गतिविधि का नाम | मनपसंद कविता / गीत<br>बच्चों द्वारा उनकी मनपसंद कविता हाव-भाव और लय-ताल के साथ कहना, बाकी सभी बच्चों के सहभागिता के साथ। | घटाओ और बताओ- 8 बच्चों को खड़ा करें। किसी एक बच्चे से गिनने के लिए कहें। 8 में से 1 बच्चे को बैठ दें। फिर से गिनने को कहें। अंत में, दोहराएं अब 7 बचे। ‘बचे’ शब्द पर जोर दें । | ● This is the way we go to school<br>● हम बाज़ार जाएंगे | योगासन : कंधा घुमाकर साँस |
| उद्देश्य | रचनात्मक अभिव्यक्ति, लय-ताल की समझ तथा सामूहिक सहभागिता | एक काम करके गिनना | ● अंग्रेजी भाषा का विकास<br>● निर्देश सुनकर समझना एवं बच्चों का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास | शारीरिक विकास और एकाग्रता |
| तैयारी और सामग्री | | | https://drive.google.com/file/d/1PzEWAcm1V4D5i36UiEfTPEXF-koejtp_/view<br>● ब्लूटूथ स्पीकर | |
| गतिविधि के चरण | ● बच्चों को खड़े होकर व्यवस्थित होने के लिए कहें और गतिविधि सरल भाषा में समझाएँ।<br>● बच्चों को बारी-बारी से अपनी मनपसंद कविता / गीत हाव-भाव और लय के साथ बोलने या गाने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>● बाकी बच्चों को भी कविता / गीत के साथ हाव-भाव और लय में सहभागी बनने के लिए प्रेरित करें।<br>● आवश्यकता होने पर शिक्षक बच्चों को शब्द या क्रम याद दिलाकर सहयोग दें।<br>● सभी बच्चों को अवसर देने का प्रयास करें और अंत में उनके प्रयासों की सराहना करें। | ● 9 बच्चों को खड़ा करें और एक-एक करके गिनें, कहें ये 9 बच्चे है।<br>● फिर एक बच्चे को बैठा दें और गिने, कहें एक कम हो गया तो 8 बचे।<br>● ‘कम’ और ‘बचे’ शब्द पर जोर दें।<br>● फिर एक-एक करके बुलाते हुए सभी बच्चों को इसी तरह एक बच्चे को बैठाकर गिनने के लिए कहें।<br>● उनसे भी ‘कम’ और ‘बचे’ शब्द पर जोर देने के लिए कहें। | **This is the way we go to school**<br>● आप ब्लूटूथ स्पीकर पर गीत को बजाकर बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**हम बाज़ार जाएंगे**<br>● शिक्षक बच्चों को गोले में खड़ा करके एक के पीछे एक दौड़ने के लिए कहें।<br>● बच्चे जब दौड़ रहे हों, तब शिक्षक बोलें- ‘हम बाजार जाएंगे’ और बच्चे कहेंगे - ‘ढेर जलेबी खाएंगे’।<br>● फिर शिक्षक एक संख्या बोलें, जैसे- 2 या 5 और बच्चो को उतने ही संख्या का दल बनाना होगा। | ● बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठकर, साँस अंदर लेते हुए अपने कंधों को कानों की ओर ऊपर उठाएँ।<br>● साँस छोड़ते हुए अपने कंधों को वापस नीचे की ओर झुकाएँ।<br>● कंधे घुमाकर साँस लेने से तनाव दूर होता है।<br>● इस गतिविधि को 4-5 बार करें। |

सप्ताह 7

## बुधवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | र, ल वर्ण को लिखना जैसे बिंदुओं को मिलाकर वर्णों को लिखना। | र, ल वर्ण की आकृति को उंगली से हवा/मिट्टी/पीठ/पानी पर बनाने का अभ्यास करना। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | बिंदुओं के माध्यम से 'र' और 'ल' वर्ण लिखना | वर्णों की आकृति बनाना |
| तैयारी और सामग्री | | • कला कोना<br>• किताब कोना<br>• ब्लॉक कोना<br>• अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | 'र' और 'ल' वर्ण का चित्र कार्ड, 'र' और 'ल' वर्ण को लिखने के लिए बिंदुओं वाले कार्यपत्रक | • संबंधित वर्ण से शुरू होने वाले परिवेशीय शब्दों की सूची बना लें।<br>• मिट्टी/बोर्ड |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>• बच्चों का स्वागत<br>• प्रार्थना<br>• स्वच्छता जाँच<br>• बच्चों से संवाद<br>• सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | • बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>• यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | • 'र' और 'ल' वर्ण के वर्ण कार्ड को दिखाते हुए बच्चों को पुनः वर्ण की पहचान कराएँ।<br>• श्यामपट्ट पर 'र' और 'ल' वर्ण लिखकर बच्चों को दिखाएँ।<br>• बिंदुओं को मिलाकर 'र' और 'ल' वर्ण को लिखने के अभ्यास के लिए कार्यपत्रक बनाकर बच्चों को दें।<br>• बच्चों से बिंदुओं को मिलाकर 'र' और 'ल' वर्ण लिखने के लिए कहें। जरूरत के अनुसार बच्चों की मदद करें। | • बच्चों को गोल घेरे में खड़ा करें 'र' और 'ल' वर्ण से शुरू होने वाले शब्दों को बोलने के लिए कहें।<br>• इसके बाद हवा में 'र' और 'ल' वर्ण को लिखें और बच्चों को पहचानने के लिए कहें। फिर बच्चों को भी हवा में 'र' और 'ल' वर्ण बनाने के लिए कहें।<br>• बच्चों को एक-दूसरे के पीठ पर 'र' और 'ल' वर्ण उंगली से बनाने के लिए कहें।<br>• बच्चों को पानी, मिट्टी आदि में 'र' और 'ल' वर्ण बनाने के लिए कहें। यदि बच्चे हरी पट्टी पर लिखने के लिए कहें तो लिखने दें। |

**सप्ताह 7**

## बुधवार

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| **गतिविधि का नाम** | परिवेश की सामाग्री का उपयोग कर के पैटर्न बनाना (ABAB) | घटाओ और बताओ- पिछले दिन की गतिविधि को कंकड़/बटन के माध्यम से बच्चों से करवाएँ। 'कम' और 'बचे' शब्द पर जोर दें। | • This is the way we go to school<br>• रेलगाड़ी | बातचीत : सभी बच्चों से पूछें कि आज आपको सबसे ज्यादा खुशी कब मिलती है? |
| **उद्देश्य** | रचनात्मक अभिव्यक्ति तथा क्रम और पैटर्न की समझ | एक कम करके गिनना | • अंग्रेजी भाषा का विकास<br>• मोटर स्किल और संज्ञानात्मक विकास | मौखिक अभिव्यक्ति, सुनने की क्षमता और आत्मविश्वास |
| **तैयारी और सामग्री** | दो प्रकार की छोटी सामग्री (जैसे- क्रेयॉन और पेंसिल/पत्ता और कंकड़/शार्पनर और इरेजर) | कंकड़ | https://drive.google.com/file/d/1PzEWAcm1V4D5i36UiEfTPEXF-koejtp_/view<br>• ब्लूटूथ स्पीकर | एक गेंद |
| **गतिविधि के चरण** | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाकर गतिविधि का उद्देश्य सरल भाषा में बताएँ कि वे सामग्री को एक क्रम में सजाकर पैटर्न बनाएँगे।<br>• शिक्षक पहले दो वस्तुओं का उपयोग करके ABAB पैटर्न बनाकर दिखाएँ (जैसे- पेंसिल, क्रेयॉन, पेंसिल, क्रेयॉन) और बच्चों को क्रम समझाएँ।<br>• बच्चों को सामग्री दें और उन्हें उसी क्रम में ABAB पैटर्न बनाने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>• बच्चों से बीच-बीच में पूछें- "अब अगला क्या आएगा?" ताकि वे पैटर्न को समझ सकें।<br>• गतिविधि के दौरान बच्चों का अवलोकन करें और आवश्यकता होने पर सहायता प्रदान करें।<br>• अंत में, बच्चों के प्रयासों की सराहना करें और सामग्री को व्यवस्थित रखने के लिए कहें। | • पिछले दिन की गतिविधि को कंकड़ के माध्यम से बच्चों को कराएं<br>• कम और बचे शब्द पर जोर दें। | **This is the way we go to school**<br>• आप ब्लूटूथ स्पीकर पर गीत को बजाकर बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**रेलगाड़ी**<br>• रेलगाड़ी की तरह अपने आगे वाले बच्चे के कंधे पर हाथ रखकर धीरे-धीरे आगे चलने को कहें। साथ ही यह भी बोलते जाएँ- "रेलगाड़ी मेरा नाम, छुक छुक करना मेरा काम।" आप बच्चों को रेलगाड़ी के बारे में अपने अनुभव बताएँ और उनके अनुभव के बारे में बातचीत करें, जैसे- किस-किस ने रेलगाड़ी देखी है?<br>• कौन-कौन बच्चे रेलगाड़ी में बैठे हैं? इत्यादि। फिर आप सभी बच्चों को छोटे से बड़े के क्रम में खड़े होने को कहें और बाहरी खेल बच्चे कविता के साथ-साथ छुक-छुक, छुक-छुक बोलते जाएँ। | • शिक्षक सभी बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठें और दिन के बातचीत विषय का संक्षिप्त परिचय दें।<br>• शिक्षक पहले स्वयं विषय से संबंधित अपना छोटा अनुभव/विचार साझा करें, ताकि बच्चों को बोलने का तरीका समझ आए।<br>• अब गेंद एक बच्चे को दें। जिस बच्चे के पास गेंद होगी, वही बोलेगा; बाकी बच्चे ध्यान से सुनेंगे।<br>• बच्चे को विषय से जुड़ा अपना अनुभव/विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>• बोलने के बाद बच्चा गेंद अगले बच्चे को दे- यह क्रम तब तक जारी रखें, जब तक सभी बच्चों को अवसर न मिल जाए।<br>• आवश्यकता होने पर शिक्षक सरल प्रश्न पूछकर बच्चों की मदद करें, पर बातचीत का नेतृत्व बच्चों को करने दें।<br>• अंत में, बच्चों के प्रयास की सराहना करें और गतिविधि का सकारात्मक समापन करें। |

सप्ताह 7

## बृहस्पतिवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | अब तक सीखे गए वर्णों (क, ग, च, ज, ट, ड, त, द, न, प, ब, म, र, ल) को मिलाकर नए शब्द बनाना और लिखना | किताबें उलटने-पलटने का मौका देना एवं चित्रों को देखकर कहानी का अनुमान लगाना। अब तक सीखे गए वर्णों (क, ग, च, ज, ट, ड, त, द, न, प, ब, म, र, ल) को / वर्णों से बने शब्दों को ढूँढना |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | सीखे वर्णों को मिलाकर अमात्रिक शब्द बनाना | किताबों को उलटना-पलटना और उनमें चित्रों द्वारा कहानी का अनुमान लगाना |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | अब तक सीखे गए वर्णों (क, ग, च, ज, ट, ड, त, द, न, प, ब, म, र, ल) के वर्ण कार्ड | ● बच्चों के स्तर के अनुरूप ऐसी कहानियों का चयन करना, जिनमें चित्र अधिक हों। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● बच्चों को अब तक सिखाए गए वर्णों (क, ग, च, ज, ट, ड, त, द, न, प, ब, म, र, ल) के वर्ण कार्ड से 2 वर्णों वाले अमात्रिक शब्द बनाकर दिखाएँ और बच्चों से भी शब्द बनाने के लिए कहें।<br>● बच्चों को छोटे-छोटे समूह में बाँटें और उन्हें सिखाए गए वर्णों (क, ग, च, ज, ट, ड, त, द, न, प, ब, म, र, ल) के वर्ण कार्ड दें और अमात्रिक शब्द बनाने और कॉपी पर लिखने के लिए कहें। ज़रूरत के अनुसार समूह में जाकर बच्चों की मदद करें। | ● बच्चों को पुस्तकालय या रीडिंग कॉर्नर से अधिक चित्रों वाली कहानी की किताब दें, उन्हें चित्रों और शब्दों को देखकर पढ़ने का प्रयास करने के लिए कहें। बच्चों को स्वयं से किताब चयन करने का मौका दें।<br>● बच्चों को किताब उलटने-पलटने और आपस में बात करने का मौका दें।<br>● कुछ बच्चों (2-3) बच्चों से उनकी किताब की कहानी को अपनी भाषा में बताने के लिए कहें।<br>● बच्चे जो भी कहानी बनाएँ, उसे स्वीकार करें और कहानी बताने में उनका सहयोग करें।<br>● कहानी से अब तक सीखे गए वर्णों (क, ग, च, ज, ट, ड, त, द, न, प, ब, म, र, ल) को / वर्णों से बने शब्दों को ढूँढने के लिए कहें। |

## सप्ताह 7 — बृहस्पतिवार

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | बच्चों द्वारा रोज़मर्रा के घर के कामों का अभिनय करना। | घटाओ और बताओ- पिछले दिन की गतिविधि को कंकड़ / बटन के साथ अंक कार्ड को भी दिखाने को कहें। 'कम' और 'बचे' शब्द पर जोर दें। | • Sounds of Alphabet<br>• पहाड़ी में आग | योगासन : ताड़ासन |
| उद्देश्य | बच्चों में अभिनय करने की क्षमता का विकास | एक कम करके गिनना और अंक कार्ड से मिलाना | • अंग्रेजी भाषा का विकास<br>• संज्ञानात्मक और मोटर स्किल को विकसित करने के लिए | शारीरिक विकास और एकाग्रता |
| तैयारी और सामग्री | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं<br>• कुछ मुखौटे, गमछा इत्यादि | कंकड़, 1-9 तक के अंक कार्ड | https://drive.google.com/file/d/1dK3H_aSaaS6yKTX5C7OcMwuwf2U79oo/view<br>• ब्लूटूथ स्पीकर<br>• A से H तक के Alphabet कार्ड<br>• बच्चों के दौड़ने की पर्याप्त जगह होनी चाहिए। | |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों से बातचीत करके उनको सहज कर लें।<br>• बच्चों से कहें कि वे उनको छोटे-छोटे कामों के अभिनय करके दिखाने हैं और एक-दो कामों जैसे झाड़ू लगाना, कुएँ से पानी भरना, पापा के साथ मेला घूमना आदि के अभिनय करके बच्चों को दिखा दें।<br>• बच्चों के दो समूह बना दें, एक समूह घर का कोई काम बोलेगा और दूसरा समूह उस पर अभिनय करके दिखाएगा।<br>• दोनों समूह बारी-बारी से बोलने और अभिनय का काम करते जाएँ। | • पिछले दिन की गतिविधि को दोहराएँ और बच्चों को 'कम' और 'बचे' बोलकर अंक कार्ड दिखने के लिए भी कहें।<br>• सभी बच्चों को गतिविधि करने का मौका दें। | **Sounds of Alphabet**<br>• आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर A से H Alphabet के फ्लैश कार्ड दिखाते हुए उनकी ध्वनियों पर चर्चा करें।<br>• फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर A से लेकर H तक के गीत को बजाकर फ्लैश कार्ड दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**पहाड़ी में आग**<br>• आप सभी बच्चों को गोल घेरे में बैठा दें। आज की गतिविधि के बारे में बताएँ। अब आप जमीन पर दो गोले बनाएँ, एक गोले में ठंडा और दूसरे गोले में गरम लिखें। फिर बच्चों को समझाएँ कि गरम कौन-सी चीजें होती हैं और ठंडी कौन-सी चीजें होती हैं, जैसे चाय, आग, तेज धूप आदि गर्म होती हैं और बर्फ, आइसक्रीम आदि ठंडी होती हैं।<br>• फिर बच्चों को दोनों गोलों के बीच में खड़े होने को कहें। फिर उनसे कहें कि जब आप किसी ठंडी चीज जैसे बर्फ, आइसक्रीम आदि कहेंगे तो उनको ठंडे वाले गोले में कूदना है और जब आप किसी गरम चीज का नाम लें, जैसे चाय तो बच्चे को गरम वाले गोले में कूदना है।<br>• इस गतिविधि को पहले आप स्वयं करके दिखाएँ, फिर बच्चों को करने के लिए कहें। आप इस बात का ध्यान रखें कि सभी बच्चे खेल रहे हों। | • बच्चों को खड़ा करें। दोनों हाथ ऊपर उठाकर, हाथ की उंगलियों को एक-दूसरे में फँसाने के लिए कहें। अब पैर की एड़ी ऊपर उठाकर पंजों के सहारे खड़े होने के लिए कहें।<br>• गहरी साँस लेते हुए 20-30 सेकंड तक बड़े होने (खींचने) के लिए कहें। साँस छोड़ते हुए वापस सामान्य स्थिति में आने के लिए कहें। यह प्रक्रिया 3-4 बार दोहराएँ। |

सप्ताह 7

## शुक्रवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | शिक्षक द्वारा हाव-भाव के साथ मौखिक कहानी सुनाना और उससे जुड़ी चर्चा करना। | अपनी भाषा मे परिवेशीय चित्रों पर चर्चा करना। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा करना | चित्र के बारे में अपनी भाषा में बात करना |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | स्थानीय कहानी<br>आप कहानी पर चर्चा के लिए खुले और बंद छोर के प्रश्न पहले से तैयार रखें | ● चर्चा के लिए उपयुक्त चित्र का चयन करना<br>● चर्चा के लिए खुले और बंद छोर के प्रश्न तैयार करना |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए स्थानीय कविता हाव-भाव सहित गाएँ।<br>● आप कक्षा के बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ।<br>● आप बच्चों को कोई भी स्थानीय कहानी को अपने शब्दों स्थानीय भाषा में बच्चों को सुनाएँ।<br>● बच्चों का ध्यान बनाए रखने के लिए बीच-बीच में बच्चों से कहानी से संबंधित 3-4 सरल एवं तथ्यात्मक (बंद छोर) प्रश्न पूछें।<br>● कहानी समाप्त होने के बाद बच्चों से पूछें कि उन्हें कहानी कैसी लगी और क्यों?<br>● बातचीत को समृद्ध बनाने के लिए आप खुले छोर के प्रश्न (कल्पना, अनुभव, अनुमान लगाने से जुड़े) भी प्रश्न पूछ सकते हैं, लेकिन इन प्रश्नों की संख्या सीमित रखें। | ● गतिविधि की शुरुआत किसी छोटी- सी कविता से करें।<br>● फिर बच्चों को चित्र चार्ट दिखाते हुए चित्र चार्ट मे दिख रही चीजों / घटनाओं गतिविधियों के बारे मे सरल व बन्द छोर के प्रश्न पूछें, जैसे यह चित्र कहाँ का है? इस चित्र मे क्या हो रहा है? आदि।<br>● प्रत्येक प्रश्न पर 2-3 बच्चों की प्रतिक्रिया लें। यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक बच्चे को कम से कम 2 प्रश्नों का उत्तर देने का मौका मिले।<br>● फिर बच्चों के कुछ खुले छोर के प्रश्न पूछें, जैसे इनमे से कौन-कौन सी वस्तुएं आस पास नजर आती है?<br>● फिर आप कुछ और प्रश्न पूछें और बच्चों के जोड़ियों मे आपस मे चर्चा करने के लिए कहें। |

## शुक्रवार

**सप्ताह 7**

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | सुनाई गई मौखिक कहानी के आधार पर कोई भी चित्र बनाना | भारतीय मुद्रा की पहचान - 1, 2, 5, और 10 के सिक्के / नोट की पहचान कराएँ। | ● Sounds of Alphabet<br>● बाधा दौड़ | बातचीत : सभी बच्चों से पूछें कि आपको कौन-सा फल पसंद है? |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी माँसपेशियों एवं कल्पनाशीलता का विकास | भारतीय मुद्रा की पहचान - 1, 2, 5, और 10 के सिक्के / नोट की पहचान | ● अंग्रेजी भाषा का विकास<br>● शारीरिक विकास | मौखिक अभिव्यक्ति, सुनने की क्षमता और आत्मविश्वास |
| तैयारी और सामग्री | ● बच्चों को 4 - 5 की संख्या के छोटे छोटे समूहों में बाँटे<br>● चित्र बनाने हेतु कागज़, पेंसिल, रबर, शार्पनर एवं क्रेयॉन / रंग इत्यादि | भारतीय मुद्रा 1, 2, 5, और 10 के सिक्के / नोट | https://drive.google.com/file/d/1dK3H_aSaaS6yKTX5C7OcMwuwf2U79oo/view<br>● ब्लूटूथ स्पीकर<br>● A से H तक के Alphabet कार्ड<br>● कुछ बोतल, टेबल, कुर्सी और कन्नी या कोई भी कपड़ा | एक गेंद |
| गतिविधि के चरण | ● बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ और सहज करें।<br>● बच्चों को छोटे-छोटे समूह में बाँटें और प्रत्येक बच्चे को एक-एक कागज़, पेंसिल, रबर, शार्पनर एवं क्रेयॉन / रंग इत्यादि उपलब्ध कराएँ।<br>● अब आप बच्चों को सुनाई गई कहानी याद दिलाएँ। इसके बाद बच्चों से कहें कि वे कहानी के किसी भी हिस्से या पात्र के आधार पर अपना चित्र बनाएँ।<br>● बीच-बीच में बच्चों की मदद करते रहें और जब चित्र बन जाए तो उनको किसी दीवार पर लगा दें।<br>● कहानी पर बनाए गए चित्रों को देखकर सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करें। | ● एक-एक करके सभी नोटों / सिक्कों को बच्चों को दिखाएं।<br>● नोटों / सिक्कों को दिखाते हुए बताएँ कि यह कितने रुपए का नोट / सिक्का है।<br>● बच्चों के साथ चर्चा करें कि नोटों / सिक्कों का प्रयोग कहाँ- कहाँ पर किया जाता है।<br>● बच्चों को नकली नोटों / सिक्कों को देकर खरीददारी करने का नाटक भी कराएँ। | **Sounds of Alphabet**<br>● आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर A से H Alphabet के फ्लेश कार्ड दिखाते हुए उनकी ध्वनियों पर चर्चा करें।<br>● फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर A से लेकर H तक के गीत को बजाकर फ्लैश कार्ड दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**बाधा दौड़**<br>● बच्चों को एक लाइन में खड़ा होने को कहें और सहज करें।<br>● फिर आप बच्चों को आज के खेल के बारे में बताएँ और उन्हें निर्देशित करें।<br>● अब आप सारी वस्तुओं को इस तरह से लगा दें कि बच्चे उनको पार करके आगे बढ़ सकें।<br>● फिर आप बच्चों को रखे हुए सामान को एक-एक करके पार करने को कहें और उनको बताएँ कि प्रत्येक वस्तु को कैसे पार करना है जैसे- टेबल पर चढ़कर पार करना है, कुर्सी के नीचे से जाना है, कपड़े के गोल घेरे पर गोल चक्कर लगाकर पार करना आदि।<br>● इसी तरह से सारी वस्तुओं को पार करते हुए आगे बढ़ने को बोलना है।<br>● इसी तरह बारी-बारी से एक-एक बच्चे को यह कार्य करने का मौका दें।<br>● सभी बच्चों को कम से कम एक बार मौका मिले, आप इस बात का ध्यान रखें। | ● शिक्षक सभी बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठें और दिन के बातचीत विषय का संक्षिप्त परिचय दें।<br>● शिक्षक पहले स्वयं विषय से संबंधित अपना छोटा अनुभव / विचार साझा करें, ताकि बच्चों को बोलने का तरीका समझ आए।<br>● अब गेंद एक बच्चे को दें। जिस बच्चे के पास गेंद होगी, वही बोलेगा; बाकी बच्चे ध्यान से सुनेंगे।<br>● बच्चे को विषय से जुड़ा अपना अनुभव / विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>● बोलने के बाद बच्चा गेंद अगले बच्चे को दे- यह क्रम तब तक जारी रखें, जब तक सभी बच्चों को अवसर न मिल जाए।<br>● आवश्यकता होने पर शिक्षक सरल प्रश्न पूछकर बच्चों की मदद करें, पर बातचीत का नेतृत्व बच्चों को करने दें।<br>● अंत में, बच्चों के प्रयास की सराहना करें और गतिविधि का सकारात्मक समापन करें। |

## सप्ताह 7

### शनिवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल |
|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | चलो दोहराएँ - सप्ताह के छठवें दिन, सप्ताह भर की गतिविधियों का दोहराव करवाएँ। शिक्षक अवलोकन या किसी अन्य आयु उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन करें।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करें। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | आवश्यतानुसार गतिविधियों का दोहराव और अवलोकन या किसी अन्य आयु-उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | ● सप्ताह में कराई गई गतिविधियों में बच्चों के कार्य का अवलोकन करें। बच्चों को पढ़ी हुई कहानी के बारे में चर्चा करने एवं तुकांत शब्दों को पहचानने-बनाने के मौके दें।<br>● हर बच्चे का एक पोर्टफोलियो बनाएँ, जिसमें उनकी बनाई वस्तुओ (चित्र, मिट्टी की मूर्तियाँ, क्राफ्ट की वस्तुएँ आदि) को रखें। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● गतिविधि की शुरूआत आप छोटी कविता से करें। बच्चों को चलने-फिरने/उठने-बैठने का मौका दें।<br>● सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान करवाएँ। इस सप्ताह में उन गतिविधियों को दोहराएँ, जिसमें बच्चों को पढ़ी हुई कहानी के बारे में चर्चा करने एवं तुकांत शब्दों को पहचानने-बनाने के मौके मिलें, जैसे- बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना, साझा पठन करना, लयबद्ध कविता से तुकांत शब्द पहचानना/बनाना आदि।<br>● जब बच्चे इन गतिविधियों में जुड़े हो, उनके कार्य का अवलोकन करें। आप बच्चों से उनके कार्य के बारे में बात भी कर सकते हैं, जैसे- आप क्या बना रहे हो? आपने क्या लिखा है? आज आप क्या खेलोगे? आदि। इस तरह गतिविधियों के दौरान अवलोकन एवं चर्चा के आधार पर बच्चों का आकलन करें।<br>● बच्चों की बनाई वस्तुओं को उनके पोर्टफोलियो में दर्ज करें। पोर्टफ़ोलियो बच्चों के काम का संग्रह है, जो बच्चे की प्रगति, सफलताओं, रचनात्मक विकास आदि का प्रदर्शन है। समय-समय पर बच्चों का पोर्टफोलियो उनके माता-पिता से साझा करें। |

## सप्ताह 7

## शनिवार

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | चलो दोहराएँ | साप्ताहिक पुनरावृत्ति | ● Sounds of Alphabet<br>● बच्चों का मनपसंद खेल | योगासन : गहरी साँस |
| उद्देश्य | सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान एवं शिक्षक द्वारा अवलोकन।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करना। | शिक्षक इस सप्ताह कराई गयी सभी गतिविधियों की पुनरावृति बच्चों से करवाएँ।<br>● 'कितने बचे' अवधारणा : एक-एक करके वस्तुओं को कम करते हुए 1 तक गिनें<br>● घटाओ और बताओ<br>● भारतीय मुद्रा की पहचान | ● अंग्रेजी भाषा का विकास<br>● शारीरिक और मानसिक विकास | शारीरिक विकास और एकाग्रता |
| तैयारी और सामग्री | | गतिविधियों के अनुसार समग्रियों की व्यवस्था व तैयारी करें। | https://drive.google.com/file/d/1dK3H_aSaaS6yKTX5C7OcMwuwf2U79oo/view<br>● ब्लूटूथ स्पीकर<br>● A से H तक के Alphabet कार्ड | |
| गतिविधि के चरण | ● सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान करवाएं।<br>● बच्चों की बनाई वस्तुओं को उनके पोर्टफोलियो में दर्ज करें। | बच्चों को गतिविधियों की अनुसार सरल भाषा में निर्देश दें व आवश्यकतानुसार उनकी सहायता करें। | **Sounds of Alphabet**<br>● आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर A से H Alphabet के फ्लैश कार्ड दिखाते हुए उनकी ध्वनियों पर चर्चा करें।<br>● फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर A से लेकर H तक के गीत को बजाकर फ्लैश कार्ड दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव- भाव से Action Song कराएँ।<br>**बच्चों का मनपसंद खेल**<br>● बच्चों को अपने साथियों के साथ अपनी पसंद का खेल चुनने और खेलने का अवसर दें। इस दौरान शिक्षक का दायित्व बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सक्रिय रूप से अवलोकन करना होगा। | ● बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठें।<br>● स्वयं गहरी साँस लेकर और छोड़कर बच्चों को दिखाएँ।<br>● बच्चों से 5 बार गहरी साँस लेने और छोड़ने के लिए कहें। साथ में स्वयं भी करें।<br>● बच्चों को इसके फायदे बताएँ, जैसे कि इससे फेफड़े मजबूत होते हैं, आदि। |

बाल वाटिका

## सप्ताह 8

| सोमवार | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | परिचित शब्दों से प्रथम ध्वनि को पहचानना (स, ह) और स, ह से शुरू होने वाले अन्य शब्द बताना। | बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना एवं उससे जुड़ी चर्चा करना। साथ ही स, ह से शुरू होने वाले शब्दों को पहचानना। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण | 'स' और 'ह' वर्ण की ध्वनि पहचानना | बिगबुक से कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा करना |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | 'स' और 'ह' वर्ण कार्ड | बिगबुक से कहानी पढ़ लें और सरल प्रश्नों की सूची बना लें |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● 'स' और 'ह' से शुरू होने वाले परिचित शब्दों को बोलें<br>● बच्चों से पहली ध्वनि पहचानने के लिए कहें। पहली ध्वनि पहचानने मे बच्चों की मदद करें।<br>● जब बच्चे ध्वनि पहचानने लगें, उनसे 'स' और 'ह' वर्ण से शुरू होने वाले अन्य शब्द बताने के लिए कहें।<br>● अंत में, बच्चों को 'स' और 'ह' वर्ण का वर्ण कार्ड दिखाएँ और 'स' और 'ह' वर्ण को बोर्ड पर लिखकर उसकी आकृति दिखाएँ। | ● बच्चों को गोल घेरे में बैठाकर सहज करें।<br>● इसके बाद आप किताब का मुख्य पृष्ठ सभी बच्चों को दिखाएँ और कहानी के बारे में अनुमान लगाने के लिए कहें। जैसे- इस चित्र में आपको क्या दिख रहा है? यह कहानी किसके बारे में है?<br>● अब आप किताब के सभी पृष्ठ को क्रम से पलटते हुए बच्चों को दिखाएँ और कहानी के बारे में अनुमान लगाने के लिए कहें। साथ ही साथ हाव-भाव से पढ़ें।<br>● आप कहानी का दो बार आदर्श पठन करें।<br>● बच्चों को यह समझने का मौके दें कि किताब को बाईं से दाईं ओर पढ़ा जाता है।<br>● बाद में, बच्चों ने जो चित्र देखकर अनुमान लगाया था, उन पर चर्चा करें।<br>● कहानी से 'स' और 'ह' वर्ण से शुरू होने वाले शब्दों को चार्ट पेपर पर लिखकर चिपकाएँ और उन्हें पढ़ने का अभ्यास कराएँ। |

## सप्ताह 8

| सोमवार | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | मिट्टी से आकृतियाँ बनाना | बाँटकर गिनो - जोड़े में बच्चों को क्रम से खड़ा करें। किसी बच्चे को बुलाएँ और गिनने के लिए कहें, जैसे 2, 4, 6, 8 इसी | ● Sounds of Alphabet<br>● स्टापू<br>(आठ खानों में अलग-अलग | बातचीत : सभी बच्चों से पूछें कि क्या आज कोई ऐसी बात थी, जो आपको अच्छी नहीं लगी? |
| उद्देश्य | रचनात्मकता तथा ध्यान केंद्रित करने की क्षमता | बाँटकर गिनना | ● अंग्रेजी भाषा का विकास<br>● शारीरिक और मानसिक विकास | मौखिक अभिव्यक्ति, सुनने की क्षमता और आत्मविश्वास |
| तैयारी और सामग्री | मिट्टी | | https://drive.google.com/file/d/1dK3H_aSaaS6yKTX5C7OcMwuwf2U79oo/view<br>● ब्लूटूथ स्पीकर<br>● I से P तक के Alphabet कार्ड<br>● चॉक, पत्थर | एक गेंद |
| गतिविधि के चरण | ● बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ ।<br>● शिक्षक पहले स्वयं मिट्टी को दबाकर, रोल करके या आकार देकर करके दिखाएँ कि आकृति कैसे बनाई जाती है।<br>● बच्चों को मिट्टी दें और उन्हें अपनी पसंद की आकृतियाँ (जैसे- गेंद, साँप, फूल आदि) बनाने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>● गतिविधि पूरी होने पर बच्चों के प्रयासों की सराहना करें और सामग्री को व्यवस्थित रखने तथा हाथ साफ करने के लिए कहें। | ● 8 बच्चों को 2-2 के जोड़े में खड़ा करें और 2, 4, 6, 8 बोलते हुए गिनें।<br>● कहें, इनको साथ में गिनना है, फिर से गिनकर बताएँ 2, 2 और मिले तो 4, 2 और मिले तो 6 ..<br>● किसी बच्चे को बुलाएँ और उसे भी इसी तरह गिनने के लिए कहें।<br>● इसी तरह 3-3 बच्चों को खड़ा करके भी बच्चे से गिनवाएं। | **Sounds of Alphabet**<br>● आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर I से P Alphabet के फ्लैश कार्ड दिखाते हुए उनकी ध्वनियों पर चर्चा करें।<br>● फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर I से लेकर P तक के गीत को बजाकर फ्लैश कार्ड दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**स्टापू**<br>● आप जमीन पर स्टापू बनाकर संख्या लिख दें।<br>● बच्चों को स्टापू के नियमों को समझा दें। बच्चों को पत्थर को ऐसे फेंकने के लिए कहें, जिससे वो बने हुए खाने में गिरे। अब खाने के अन्दर बच्चों को एक पैर से कूदने को कहें।<br>● कूदते हुए पैरों से पत्थर को खानों से बाहर निकालना होगा।<br>● ऐसे ही सभी बच्चों की खेलने का मौका दें। खेल के दौरान बच्चों की सुरक्षा का ध्यान रखें। | ● शिक्षक सभी बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठें और दिन के बातचीत विषय का संक्षिप्त परिचय दें।<br>● शिक्षक पहले स्वयं विषय से संबंधित अपना छोटा अनुभव / विचार साझा करें, ताकि बच्चों को बोलने का तरीका समझ आए।<br>● अब गेंद एक बच्चे को दें। जिस बच्चे के पास गेंद होगी, वही बोलेगा; बाकी बच्चे ध्यान से सुनेंगे।<br>● बच्चे को विषय से जुड़ा अपना अनुभव / विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>● बोलने के बाद बच्चा गेंद अगले बच्चे को दे- यह क्रम तब तक जारी रखें, जब तक सभी बच्चों को अवसर न मिल जाए।<br>● आवश्यकता होने पर शिक्षक सरल प्रश्न पूछकर बच्चों की मदद करें, पर बातचीत का नेतृत्व बच्चों को करने दें।<br>● अंत में, बच्चों के प्रयास की सराहना करें और गतिविधि का सकारात्मक समापन करें। |

## मंगलवार

**सप्ताह 8**

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| | | | भाषा और साक्षरता कौशल | भाषा और साक्षरता कौशल |
| **गतिविधि का नाम** | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | स, ह वर्ण को पहचानना जैसे वर्णों को आकृति से मिलाना/स, ह वर्ण से शुरू होने वाले चित्रों को छाँटना | शिक्षक और बच्चे मिलकर कहानी को पढ़ें (साझा पठन)। परिचित शब्दों को पहचानना (लोगोग्राफिक पठन)। स, ह वर्ण पहचानकर अपने साथी को बताना। |
| **उद्देश्य** | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, | 'स' और 'ह' वर्ण से शुरू होने वाले चित्रों के चित्र कार्ड, कुछ अन्य वर्णों से शुरू होने वाले चित्रों के चित्र कार्ड | • कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा<br>• बिग बुक से साझा पठन के मौके देना |
| **तैयारी और सामग्री** | | • कला कोना<br>• किताब कोना<br>• ब्लॉक कोना<br>• अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | 'स' और 'ह' वर्ण की पहचान | • पिछले दिन प्रयोग की गई बिगबुक को दोबारा पढ़ लें और कहानी से जुड़े सरल प्रश्नों की सूची बना लें। |
| **गतिविधि के चरण** | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>• बच्चों का स्वागत<br>• प्रार्थना<br>• स्वच्छता जाँच<br>• बच्चों से संवाद<br>• सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | • बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>• यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | • पिछले दिन की गतिविधि को बच्चों के साथ फिर से दोहराएँ।<br>• 'स' और 'ह' वर्ण का वर्ण कार्ड दिखाते हुए वर्ण की पहचान कराएँ।<br>• बच्चों को छोटे-छोटे समूह में बाँटें और उन्हें 'स' और 'ह' वर्ण से शुरू होने वाले चित्रों के चित्र कार्ड और कुछ अन्य चित्र कार्ड दें।<br>• बच्चों को 'स' और 'ह' वर्ण से शुरू होने वाले चित्रों के कार्ड को अलग करने के लिए कहें। जरूरत के अनुसार कार्ड छाँटने में बच्चों की मदद करें। | • सभी बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ और सहज करें।<br>• कुछ प्रश्न पूछकर पिछले दिन की चर्चा का दोहराव करें।<br>• कहानी का एक बार हाव-भाव के साथ आदर्श वाचन करें।<br>• इसके बाद बच्चों कों किताब दिखाते हुए उंगली रखकर फिर से कहानी पढ़ना शुरू करें। आप कहानी का आधा वाक्य बोलें और बच्चों को उसे पूरा करने के लिए कहें। किताब इस तरह पकड़ें कि सभी बच्चे किताब को देख सकें।<br>• आप बच्चों से कहानी पर बातचीत करें और खुले छोर के प्रश्न पूछें, जैसे- इस कहानी में आगे क्या हुआ होगा? इस कहानी के अंत में क्या बदलाव कर सकते हैं।<br>• कुछ बच्चों को बुलाकर कहानी को अपने शब्दों में सुनाने के लिए कहें।<br>• पिछले दिन चार्टपेपर पर लिखे शब्दों को पढ़ने के लिए कहें।<br>• बच्चों को कहानी से 'स' और 'ह' वर्ण को ढूँढकर अपने साथी को दिखाने के लिए कहें। |

सप्ताह 8

| | मंगलवार | | | |
|---|---|---|---|---|
| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
| गतिविधि का नाम | परिवेश की सामग्री का उपयोग करके पैटर्न बनाना (ABBABB) | बाँटकर गिनो - पिछले दिन की गतिविधि को बच्चों से कंकड़ / बटन के माध्यम से करवाएँ। | ● Sounds of Alphabet<br>● किताब का संतुलन (सिर पर) | योगसान : पेट से साँस |
| उद्देश्य | रचनात्मक अभिव्यक्ति तथा क्रम और पैटर्न की समझ | ठोस वस्तुओं के माध्यम से बाँटकर गिनना | ● अंग्रेजी भाषा का विकास<br>● शारीरिक विकास | शारीरिक विकास और एकाग्रता |
| तैयारी और सामग्री | दो प्रकार की छोटी सामग्री (जैसे- क्रेयॉन और पेंसिल / पत्ता और कंकड़ / शार्पनर और इरेजर) | कंकड़ / बटन | https://drive.google.com/file/d/1dK3H_aSaaS6yKTX5C7OcMwuwf2U79oo/view<br>● ब्लूटूथ स्पीकर<br>● I से P तक के Alphabet कार्ड<br>● कुछ किताबें | |
| गतिविधि के चरण | ● बच्चों को गोल घेरे में बैठाकर गतिविधि का उद्देश्य सरल भाषा में बताएँ कि वे सामग्री को एक क्रम में सजाकर पैटर्न बनाएँगे।<br>● शिक्षक पहले दो वस्तुओं का उपयोग करके ABABB पैटर्न बनाकर दिखाएँ (जैसे- पत्ता, कंकड़, कंकड़, पत्ता, कंकड़, कंकड़) और बच्चों को क्रम समझाएँ।<br>● बच्चों को सामग्री दें और उन्हें उसी क्रम में ABBABB पैटर्न बनाने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>● बच्चों से बीच-बीच में पूछें- "अब अगला क्या आएगा?" ताकि वे पैटर्न को समझ सकें।<br>● गतिविधि के दौरान बच्चों का अवलोकन करें और आवश्यकता होने पर सहायता प्रदान करें।<br>● अंत में, बच्चों के प्रयासों की सराहना करें और सामग्री को व्यवस्थित रखने के लिए कहें। | ● पिछले दिन की गतिविधि कंकड़ या बटन के साथ करवाएँ। | **Sounds of Alphabet**<br>● आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर I से च Alphabet के फ्लैश कार्ड दिखाते हुए उनकी ध्वनियों पर चर्चा करें।<br>● फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर I से लेकर P तक के गीत को बजाकर फ्लैश कार्ड दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**किताब का संतुलन (सिर पर)**<br>● 6 इंच की दूरी पर दो समानान्तर रेखाएँ खींचें।<br>● बच्चों को बिना गिराए सिर पर हल्की किताब रखकर रेखाओं के बीच चलने के लिए कहें। | ● अपना एक हाथ पेट पर और एक हाथ अपनी छाती पर रखें।<br>● 4 बार गहरी साँस लें और छोड़ें।<br>● बच्चों से भी साथ में करने के लिए कहें।<br>● बच्चों से कहें : साँस लेते और छोड़ते समय पेट की क्रिया को महसूस करें। |

बाल वाटिका

सप्ताह 8

## बुधवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | स, ह वर्ण को लिखना जैसे बिंदुओं को मिलाकर वर्णों को लिखना। | स, ह वर्ण की आकृति को उंगली से हवा/मिट्टी/पीठ/पानी पर बनाने का अभ्यास करना। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | बिंदुओं के माध्यम से 'स' और 'ह' वर्ण लिखना | वर्णों की आकृति बनाना |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | 'स' और 'ह' वर्ण का चित्र कार्ड, 'स' और 'ह' वर्ण को लिखने के लिए बिंदुओं वाले कार्यपत्रक | संबंधित वर्ण से शुरू होने वाले परिवेशीय शब्दों की सूची बना लें<br>मिट्टी/बोर्ड |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● 'स' और 'ह' वर्ण के वर्ण कार्ड को दिखाते हुए बच्चों को पुनः वर्ण की पहचान कराएँ।<br>● श्यामपट्ट पर 'स' और 'ह' वर्ण लिख कार बच्चों को दिखाएँ।<br>● बिंदुओं को मिलाकर 'स' और 'ह' वर्ण को लिखने के अभ्यास के लिए कार्यपत्रक बनाकर बच्चों को दें।<br>● बच्चों से बिंदुओं को मिलाकर 'स' और 'ह' वर्ण लिखने के लिए कहें। जरूरत के अनुसार बच्चों की मदद करें। | ● बच्चों को गोल घेरे में खड़ा करें। 'स' और 'ह' वर्ण से शुरू होने वाले शब्दों को बोलने के लिए कहें।<br>● इसके बाद हवा में 'स' और 'ह' वर्ण को लिखें और बच्चों को पहचानने के लिए कहें। फिर बच्चों को भी हवा में 'स' और 'ह' वर्ण बनाने के लिए कहें।<br>● बच्चों को एक-दूसरे के पीठ पर 'स' और 'ह' वर्ण उंगली से बनाने के लिए कहें।<br>● बच्चों को पानी, मिट्टी आदि में 'स' और 'ह' वर्ण बनाने के लिए कहें। यदि बच्चे हरी पट्टी पर लिखने के लिए कहें तो लिखने दें। |

सप्ताह 8

## बुधवार

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | परिवेश की सामग्री का उपयोग करके पैटर्न बनाना (ABCABC) | क्रमसूचक संख्या - 9 बच्चों को क्रम से खड़ा करें। एक अन्य बच्चे को खड़ा करके बाएँ से दाएँ और दाएँ से बाएँ पहला, दूसरा.. कहते हुए गिनने के लिए कहें। सभी बच्चों को गिनने का मौका दें। | ● Sounds of Alphabet<br>● मेंढक दौड़ | बातचीत : सभी बच्चों से पूछें कि आपको स्कूल में क्या सबसे अच्छा लगता है? |
| उद्देश्य | रचनात्मक अभिव्यक्ति तथा क्रम और पैटर्न की समझ | 9 तक की क्रमसूचक संख्या सीखना | ● अंग्रेजी भाषा का विकास<br>● निर्देश सुनकर समझना एवं बच्चों का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास | मौखिक अभिव्यक्ति, सुनने की क्षमता और आत्मविश्वास |
| तैयारी और सामग्री | तीन प्रकार की छोटी सामग्री (जैसे × क्रेयान, पेंसिल, पेन / पत्ता, कंकड़, टहनी / आदि) | | https://drive.google.com/file/d/1dK3H_aSaaS6yKTX5C7OcMwuwf2U79oo/view<br>● ब्लूटूथ स्पीकर<br>● I से P तक के Alphabet कार्ड | एक गेंद |
| गतिविधि के चरण | ● बच्चों को गोल घेरे में बैठाकर गतिविधि का उद्देश्य सरल भाषा में बताएँ कि वे सामग्री को एक क्रम में सजाकर पैटर्न बनाएँगे।<br>● शिक्षक पहले दो वस्तुओं का उपयोग करके ABCABC पैटर्न बनाकर दिखाएँ (जैसे- पत्ता, कंकड़, टहनी, पत्ता, कंकड़, टहनी) और बच्चों को क्रम समझाएँ।<br>● बच्चों को सामग्री दें और उन्हें उसी क्रम में ABCABC पैटर्न बनाने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>● बच्चों से बीच-बीच में पूछें- "अब अगला क्या आएगा?" ताकि वे पैटर्न समझ सकें।<br>● गतिविधि के दौरान बच्चों का अवलोकन करें और जरूरत होने पर सहायता प्रदान करें।<br>● अंत में बच्चों के प्रयासों की सराहना करें और सामग्री को व्यवस्थित रखने के लिए कहें। | ● 9 बच्चों को क्रम से खड़ा करें।<br>● बाएँ से दाएँ क्रम से 1, 2, 3, 4, .. बोलते हुए बच्चों को गिनें।<br>● फिर पहला, दूसरा, तीसरा, चौथा .. कहते हुए नौवां तक गिने।<br>● एक-एक बच्चे को बुलाकर इसी तरह गिनने के लिए कहें।<br>● फिर दाएँ से बाएँ पहला, दूसरा, तीसरा, चौथा... कहते हुए नौवां तक गिने। कहें दूसरी तरफ से गिनने पर बदल जाएगा।<br>● फिर बच्चों को बुलाकर भी दाएँ से बाएँ गिनने के लिए कहें। | **Sounds of Alphabet**<br>● आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर I से P Alphabet के फ्लैश कार्ड दिखाते हुए उनकी ध्वनियों पर चर्चा करें।<br>● फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर I से लेकर P तक के गीत को बजाकर फ्लैश कार्ड दिखाते हुए बच्चो के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**मेंढक दौड़**<br>● पर्याप्त दूरी बनाते हुए जमीन पर दो लाइन बनाएं।<br>● अब बच्चों को जमीन पर बनी हुई एक लाइन पर एक कतार में खड़े होने के लिए कहें।<br>● शिक्षक स्वयं दूसरी लाइन पर खड़े होकर बच्चों से मेंढक की तरह कूदते हुए अपनी ओर आने के लिए कहें। | ● शिक्षक सभी बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठें और दिन के बातचीत विषय का संक्षिप्त परिचय दें।<br>● शिक्षक पहले स्वयं विषय से संबंधित अपना छोटा अनुभव / विचार साझा करें, ताकि बच्चों को बोलने का तरीका समझ आए।<br>● अब गेंद एक बच्चे को दें। जिस बच्चे के पास गेंद होगी, वही बोलेगा; बाकी बच्चे ध्यान से सुनेंगे।<br>● बच्चे को विषय से जुड़ा अपना अनुभव / विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>● बोलने के बाद बच्चा गेंद अगले बच्चे को दे- यह क्रम तब तक जारी रखें, जब तक सभी बच्चों को अवसर न मिल जाए।<br>● आवश्यकता होने पर शिक्षक सरल प्रश्न पूछकर बच्चों की मदद करें, पर बातचीत का नेतृत्व बच्चों को करने दें।<br>● अंत में, बच्चों के प्रयास की सराहना करें और गतिविधि का सकारात्मक समापन करें। |

## बृहस्पतिवार

**सप्ताह 8**

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | अब तक सीखे गए वर्णों (क, ग, च, ज, ट, ड, त, द, न, प, ब, म, र, ल, स, ह) को मिलाकर नए शब्द बनाना और लिखना | किताबें उलटने-पलटने का मौका देना एवं चित्रों को देखकर कहानी का अनुमान लगाना। अब तक सीखे गए वर्णों (क, ग, च, ज, ट, ड, त, द, न, प, ब, म, र, ल, स, ह) को / वर्णों से बने शब्दों को ढूँढना |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | सीखे वर्णों को मिलाकर अमात्रिक शब्द बनाना | किताबों को उलटना-पलटना और उनमें चित्रों द्वारा कहानी का अनुमान लगाना |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | अब तक सीखे गए वर्णों (क, ग, च, ज, ट, ड, त, द, न, प, ब, म, र, ल, स, ह) के वर्ण कार्ड | ● बच्चों के स्तर के अनुरूप ऐसी कहानियों का चयन करना, जिनमें चित्र अधिक हों। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● बच्चों को अब तक सिखाए गए वर्णों (क, ग, च, ज, ट, ड, त, द, न, प, ब, म, र, ल, स, ह) के वर्ण कार्ड से 2 वर्णों वाले अमात्रिक शब्द बनाकर दिखाएँ और बच्चों से भी शब्द बनाने के लिए कहें।<br>● बच्चों को छोटे-छोटे समूह मे बाँटें और उन्हें सिखाए गए वर्णों (क, ग, च, ज, ट, ड, त, द, न, प, ब, म, र, ल, स, ह) के वर्ण कार्ड दें और अमात्रिक शब्द बनाने और कॉपी पर लिखने के लिए कहें। जरूरत के अनुसार समूह में जाकर बच्चों की मदद करें। | ● बच्चों को पुस्तकालय या रीडिंग कॉर्नर से अधिक चित्रों वाली कहानी की किताब दें, उन्हें चित्रों और शब्दों को देखकर पढ़ने का प्रयास करने के लिए कहें। बच्चों को स्वयं से किताब चयन करने का मौका दें।<br>● बच्चों को किताब उलटने-पलटने और आपस में बात करने का मौका दें।<br>● कुछ बच्चों (2-3) बच्चों से उनकी किताब की कहानी को अपनी भाषा में बताने के लिए कहें।<br>● बच्चे जो भी कहानी बनाएँ, उसे स्वीकार करें और कहानी बताने में उनका सहयोग करें।<br>● कहानी से अब तक सीखे गए वर्णों (क, ग, च, ज, ट, ड, त, द, न, प, ब, म, र, ल, स, ह) को/वर्णों से बने शब्दों को ढूँढने के लिए कहें। |

**सप्ताह 8**

| बृहस्पतिवार | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | मनपसंद कविता / गीत<br>बच्चों द्वारा उनकी मनपसंद कविता हाव-भाव और लय-ताल के साथ कहना, बाकी सभी बच्चों के सहभागिता के साथ। | सुबह, दोपहर, शाम और रात - बच्चों की दिनचर्या पर बात करते हुए सुबह, दोपहर, शाम और रात को बताएँ। | ● Sounds of Alphabet<br>● स्टैच्यू | योगसान : कंधा घुमाकर साँस |
| उद्देश्य | रचनात्मक अभिव्यक्ति, लय-ताल की समझ, तथा सामूहिक सहभागिता | सुबह, दोपहर, शाम और रात के बारे मे जानना | ● अंग्रेजी भाषा का विकास<br>● शारीरिक विकास | शारीरिक विकास और एकाग्रता |
| तैयारी और सामग्री | | | https://drive.google.com/file/d/1dK3H_aSaaS6yKTX5C7OcMwuwf2U79oo/view<br>● ब्लूटूथ स्पीकर<br>● Q से Z तक के ।सचींइमज कार्ड | |
| गतिविधि के चरण | ● बच्चों को खड़े होकर व्यवस्थित होने के लिए कहें और गतिविधि सरल भाषा में समझाएँ।<br>● बच्चों को बारी-बारी से अपनी मनपसंद कविता / गीत हाव-भाव और लय के साथ बोलने या गाने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>● बाकी बच्चों को भी कविता / गीत के साथ हाव-भाव और लय में सहभागी बनने के लिए प्रेरित करें।<br>● आवश्यकता होने पर शिक्षक बच्चों को शब्द या क्रम याद दिलाकर सहयोग दें।<br>● सभी बच्चों को अवसर देने का प्रयास करें और अंत में उनके प्रयासों की सराहना करें। | ● बच्चों के साथ उनकी दिनचर्या के बारे में चर्चा करें।<br>● जैसे वे सुबह सोकर उठते हैं, दोपहर में विद्यालय में होते हैं, शाम के समय खेलते हैं, रात को सोते हैं, आदि। | **Sounds of Alphabet**<br>● आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर Q से Z Alphabet के फ्लैश कार्ड दिखाते हुए उनकी ध्वनियों पर चर्चा करें।<br>● फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर Q से लेकर Z तक के गीत को बजाकर फ्लैश कार्ड दिखाते हुए बच्चो के साथ हाव- भाव से Action Song कराएँ।<br>**स्टैच्यू**<br>● एक बच्चे को आगे बुलाएँ। कहें, 'आप सभी को दौड़ना है, और ये सभी को पकड़ेंगे। जिसे यह छुएगा, वह जिस स्थिति में है, स्टैच्यू बनकर खड़ा हो जाएगा।'<br>● बच्चे से कहें, 'आपको सभी बच्चों को छूकर स्टैच्यू बनाना है।'<br>● जो बच्चा स्टैच्यू बनकर हिलेगा, वह खेल से बाहर हो जाएगा।<br>● जब सभी बच्चे स्टैच्यू बन जाएँ, तो सबसे पहले जो बच्चा स्टैच्यू बना था, वह सबको छुएगा। | ● बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठकर, साँस अंदर लेते हुए अपने कंधों को कानों की ओर ऊपर उठाएँ।<br>● साँस छोड़ते हुए अपने कंधों को वापस नीचे की ओर झुकाएँ।<br>● कंधे घुमाकर साँस लेने से तनाव दूर होता है।<br>● इस गतिविधि को 4-5 बार करें। |

सप्ताह 8

## शुक्रवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | शिक्षक द्वारा हाव-भाव के साथ मौखिक कहानी सुनाना और उससे जुड़ी चर्चा करना। | अपनी भाषा में परिवेशीय चित्रों पर चर्चा करना। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा करना। | चित्र के बारे में अपनी भाषा में बात करना। |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | स्थानीय कहानी<br>आप कहानी पर चर्चा के लिए खुले और बंद छोर के प्रश्न पहले से तैयार रखें। | ● चर्चा के लिए उपयुक्त चित्र का चयन करना<br>● चर्चा के लिए खुले और बंद छोर के प्रश्न तैयार करना |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● कक्षा में सोहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए स्थानीय कविता हाव-भाव सहित गाएँ।<br>● आप कक्षा के बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ।<br>● आप बच्चों को कोई भी स्थानीय कहानी को अपने शब्दों स्थानीय भाषा में बच्चों को सुनाएँ।<br>● बच्चों का ध्यान बनाए रखने के लिए बीच-बीच में बच्चों से कहानी से संबंधित 3-4 सरल एवं तथ्यात्मक (बंद छोर) प्रश्न पूछें।<br>● कहानी समाप्त होने के बाद बच्चों से पूछें कि उन्हें कहानी कैसी लगी और क्यों?<br>● बातचीत को समृद्ध बनाने के लिए आप खुले छोर के प्रश्न (कल्पना, अनुभव, अनुमान लगाने से जुड़े) भी प्रश्न पूछ सकते हैं, लेकिन इन प्रश्नों की संख्या सीमित रखें। | ● गतिविधि की शुरुआत किसी छोटी-सी कविता से करें।<br>● फिर बच्चों को चित्र चार्ट दिखाते हुए चित्र चार्ट में दिख रही चीजों/घटनाओं गतिविधियों के बारे में सरल व बंद छोर के प्रश्न पूछें, जैसे यह चित्र कहाँ का है? इस चित्र में क्या हो रहा है? आदि।<br>● प्रत्येक प्रश्न पर 2-3 बच्चों की प्रतिक्रिया लें। यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक बच्चे को कम से कम 2 प्रश्नों का उत्तर देने का मौका मिले।<br>● फिर बच्चों से कुछ खुले छोर के प्रश्न पूछें, जैसे- इनमें से कौन-कौन सी वस्तुएँ आस पास नजर आती हैं?<br>● फिर आप कुछ और प्रश्न पूछें और बच्चों को जोड़ियों में आपस में चर्चा करने के लिए कहें। |

| सप्ताह 8 — शुक्रवार | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | सुनाई गई मौखिक कहानी के आधार पर कोई भी चित्र बनाना | कल आज और कल - दैनिक जीवन को जोड़ते हुए कल, आज और कल को बताएँ, जैसे- कल क्या खाया था? आज क्या खाया और कल क्या खाओगे? आदि। | ● Sounds of Alphabet<br>● रस्सी के ऊपर से कूदना और नीचे से चलना | बातचीत : सभी बच्चों से पूछें कि गर्मी की छुट्टियों में आप क्या करना चाहेंगे? |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी माँसपेशियों एवं कल्पनाशीलता का विकास | कल आज और कल के बारे में जानना | ● अंग्रेजी भाषा का विकास<br>● शारीरिक विकास | मौखिक अभिव्यक्ति, सुनने की क्षमता और आत्मविश्वास |
| तैयारी और सामग्री | ● बच्चों को 4-5 की संख्या के छोटे-छोटे समूहों में बाँटें<br>● चित्र बनाने हेतु कागज़, पेंसिल, रबर, शार्पनर एवं क्रेयॉन/रंग आदि। | | https://drive.google.com/file/d/1dK3H_aSaaS6yKTX5C7OcMwuwf2U79oo/view<br>● ब्लूटूथ स्पीकर<br>● Q से Z तक के Alphabet कार्ड<br>● रस्सी | एक गेंद |
| गतिविधि के चरण | ● बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ और सहज करें।<br>● बच्चों को छोटे-छोटे समूह में बाँटें और प्रत्येक बच्चे को एक-एक कागज़, पेंसिल, रबर, शार्पनर एवं क्रेयॉन/रंग इत्यादि उपलब्ध कराएँ।<br>● अब आप बच्चों को सुनाई गई कहानी याद दिलाएँ। इसके बाद बच्चों से कहें कि वे कहानी के किसी भी हिस्से या पात्र के आधार पर अपना चित्र बनाएँ।<br>● बीच-बीच में बच्चों की मदद करते रहें और जब चित्र बन जाएँ तो उनको किसी दीवार पर लगा दें।<br>● कहानी पर बनाए गए चित्रों को देखकर सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करें। | ● बच्चों के दैनिक जीवन से जुड़ी चर्चा करें, जैसे- कल उन्होंने क्या भोजन किया था? आज कौन-सा कपड़ा पहनकर आए हैं? और कल क्या पहनेंगे? आदि। | **Sounds of Alphabet**<br>● आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर Q से Z Alphabet के फ्लैश कार्ड दिखाते हुए उनकी ध्वनियों पर चर्चा करें।<br>● फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर Q से लेकर Z तक के गीत को बजाकर फ्लैश कार्ड दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**रस्सी के ऊपर से कूदना और नीचे से चलना**<br>● दो बच्चों को एक-दूसरे से थोड़ी दूरी बनाते हुए आमने- सामने खड़े होने के लिए कहें।<br>● फिर रस्सी के एक-एक छोर दोनों बच्चों को दें। उन्हें रस्सी को जमीन से थोड़ी ही ऊँचाई पर पकड़ने के लिए कहें।<br>● अब अन्य बच्चों को एक-एक करके रस्सी के ऊपर से कूदने के लिए कहें।<br>● धीरे-धीरे खेल के स्तर को कठिन बनाने हेतु, दोनों बच्चों को जमीन से रस्सी की दूरी बढ़ाते हुए, रस्सी को ऊपर उठाने के लिए कहें और अन्य बच्चों को रस्सी के ऊपर से कूदने के लिए कहें।<br>● इसी प्रकार शिक्षक रस्सी के नीचे से जाने का खेल आयोजित करें।<br>● कठिनाई का स्तर बढ़ाने के लिए बच्चों को रस्सी और जमीन के बीच की दूरी कम करने के लिए कहें। | ● शिक्षक सभी बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठें और दिन के बातचीत विषय का संक्षिप्त परिचय दें।<br>● शिक्षक पहले स्वयं विषय से संबंधित अपना छोटा अनुभव/विचार साझा करें, ताकि बच्चों को बोलने का तरीका समझ आए।<br>● अब गेंद एक बच्चे को दें। जिस बच्चे के पास गेंद होगी, वही बोलेगा; बाकी बच्चे ध्यान से सुनेंगे।<br>● बच्चे को विषय से जुड़ा अपना अनुभव/विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>● बोलने के बाद बच्चा गेंद अगले बच्चे को दे- यह क्रम तब तक जारी रखें, जब तक सभी बच्चों को अवसर न मिल जाए।<br>● आवश्यकता होने पर शिक्षक सरल प्रश्न पूछकर बच्चों की मदद करें, पर बातचीत का नेतृत्व बच्चों को करने दें।<br>● अंत में, बच्चों के प्रयास की सराहना करें और गतिविधि का सकारात्मक समापन करें। |

## सप्ताह 8

### शनिवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल |
|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के चार स्वतंत्र खेल कोनों में स्वतंत्र खेल | चलो दोहराएँ - सप्ताह के छठवें दिन, सप्ताह भर की गतिविधियों का दोहराव करवाएँ। शिक्षक अवलोकन या किसी अन्य आयु उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन करें।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करें। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपलब्ध चार स्वतंत्र खेल कोनों में रखी गई विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं संज्ञानात्मक) सुनिश्चित करना। | आवश्यतानुसार गतिविधियों का दोहराव और अवलोकन या किसी अन्य आयु-उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन |
| तैयारी और सामग्री | | ● कला कोना<br>● किताब कोना<br>● ब्लॉक कोना<br>● अभिनय कोना<br>(प्रत्येक कोने से संबंधित आवश्यक सामग्री) | ● सप्ताह में कराई गई गतिविधियों में बच्चों के कार्य का अवलोकन करें। बच्चों को पढ़ी हुई कहानी के बारे में चर्चा करने एवं तुकांत शब्दों को पहचानने-बनाने मौके दें।<br>● हर बच्चे का एक पोर्टफोलियो बनाएँ, जिसमें उनकी बनाई वस्तुओ (चित्र, मिट्टी की मूर्तियाँ, क्राफ्ट की वस्तुएँ आदि) को रखें। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्कल टाइम में प्रतिदिन निम्न गतिविधियाँ कराई जाएंगी-<br>● बच्चों का स्वागत<br>● प्रार्थना<br>● स्वच्छता जाँच<br>● बच्चों से संवाद<br>● सरल शारीरिक गतिविधियाँ<br>शिक्षक अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी बच्चों से साझा कर सकते हैं और उन्हें गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल कोने में जाकर वहाँ रखी सामग्री के साथ स्वतंत्र रूप से खेलेंगे।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी खेल कोनों में हो रही गतिविधियों का सतत अवलोकन करते रहें और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को सहयोग प्रदान करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियाँ उनके निर्धारित स्थान पर वापस रखने के लिए निर्देश दें।<br>● यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामग्री सही स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखी हो। | ● गतिविधि की शुरूआत आप छोटी कविता से करें। बच्चों को चलने-फिरने / उठने-बैठने का मौका दें।<br>● सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान करवाएँ। इस सप्ताह में उन गतिविधियों को दोहराएँ, जिसमें बच्चों को पढ़ी हुई कहानी के बारे में चर्चा करने एवं तुकांत शब्दों को पहचानने-बनाने के मौके मिलें, जैसे- बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना, साझा पठन करना, लयबद्ध कविता से तुकांत शब्द पहचानना / बनाना आदि।<br>● जब बच्चे इन गतिविधियों में जुड़े हों, उनके कार्य का अवलोकन करें। आप बच्चों से उनके कार्य के बारे में बात भी कर सकते हैं, जैसे- आप क्या बना रहे हो? आपने क्या लिखा है? आज आप क्या खेलोगे? आदि। इस तरह गतिविधियों के दौरान अवलोकन एवं चर्चा के आधार पर बच्चों का आकलन करें।<br>● बच्चों की बनाई वस्तुओं को उनके पोर्टफोलियो में दर्ज करें। पोर्टफ़ोलियो बच्चों के काम का संग्रह है, जो बच्चे की प्रगति, सफलताओं, रचनात्मक विकास आदि का प्रदर्शन है। समय-समय पर बच्चों का पोर्टफोलियो उनके माता-पिता से साझा करें। |

## सप्ताह 8

### शनिवार

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | चलो दोहराएँ | साप्ताहिक पुनरावृत्ति | ● Sounds of Alphabet<br>● बच्चों का मनपसंद खेल | योगसान : ताड़ासन |
| उद्देश्य | सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान एवं शिक्षक द्वारा अवलोकन।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करना। | शिक्षक इस सप्ताह कराई गई सभी गतिविधियों की पुनरावृत्ति बच्चों से करवाएँ।<br>● बाँटकर गिनो<br>● क्रमसूचक संख्या<br>● सुबह, दोपहर, शाम और रात<br>● कल आज और कल | ● अंग्रेजी भाषा का विकास<br>● शारीरिक और मानसिक विकास | शारीरिक विकास और एकाग्रता |
| तैयारी और सामग्री | | गतिविधियों के अनुसार समग्रियों की व्यवस्था व तैयारी करें। | https://drive.google.com/file/d/1dK3H_aSaaS6yKTX5C7OcMwuwf2U79oo/view<br>● ब्लूटूथ स्पीकर<br>● Q से Z तक के Alphabet कार्ड | |
| गतिविधि के चरण | ● सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान करवाएँ।<br>● बच्चों की बनाई वस्तुओं को उनके पोर्टफोलियो में दर्ज करें। | बच्चों को गतिविधियों की अनुसार सरल भाषा में निर्देश दें व आवश्यकतानुसार उनकी सहायता करें। | **Sounds of Alphabet**<br>● आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर Q से Z Alphabet के फ्लेश कार्ड दिखाते हुए उनकी ध्वनियों पर चर्चा करें।<br>● फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर Q से लेकर Z तक के गीत को बजाकर फ्लेश कार्ड दिखाते हुए बच्चो के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**बच्चों का मनपसंद खेल**<br>● बच्चों को अपने साथियों के साथ अपनी पसंद का खेल चुनने और खेलने का अवसर दें। इस दौरान शिक्षक का दायित्व बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सक्रिय रूप से अवलोकन करना होगा। | ● बच्चों को खड़ा करें। दोनों हाथ ऊपर उठाकर, हाथ की उंगलियों को एक-दूसरे में फँसाने के लिए कहें। अब पैर की एड़ी ऊपर उठाकर पंजों के सहारे खड़े होने के लिए कहें।<br>● गहरी साँस लेते हुए 20-30 सेकंड तक बड़े होने (खींचने) के लिए कहें। साँस छोड़ते हुए वापस सामान्य स्थिति में आने के लिए कहें। यह प्रक्रिया 3-4 बार दोहराएँ। |

## मौखिक भाषा विकास पर कार्य

कालांश-1 40 मिनट

**बच्चों को उनकी भावनाओं को समझने और व्यक्त करने के अवसर देना।**

**SEL और मौखिक खेल गतिविधि**

गतिविधि से संबंधित सामग्री पहले से तैयार कर लें।

### 1.1 सामाजिक एवं भावनात्मक विकास (SEL) 10—12 मिनट

- निर्देश एवं उदाहरण देकर **'हाव-भाव की झलक'** गतिविधि समझाएँ।
- शिक्षण संदर्शिका में गतिविधि के लिए दिए गए निर्देशों के अनुसार गतिविधि करवाएँ।
- गतिविधि के समाप्त होने पर आवश्यकतानुसार चर्चा करें।

### 1.2 खेल गतिविधि 7—10 मिनट

- खेल गतिविधि **'ओला-ओला, बम का गोला'** बच्चों के साथ करवाएँ और इससे संबंधित सभी निर्देश इस संदर्शिका से स्पष्टता के साथ बच्चों को दें।
- गतिविधि के समाप्त होने पर आवश्यकतानुसार चर्चा करें।

### 1.3 लेखन कार्य 10—15 मिनट

- बच्चों को खेल गतिविधि से संबंधित कोई चित्र बनाकर, उनमें रंग भरने और अपने साथी के साथ बातचीत करने को कहें। अंत में, बच्चों के चित्र **'बच्चों का कोना'** में लगा दें।

## कार्यपुस्तिका (भाग-1) पर कार्य

कालांश-2 40 मिनट

**'क' वर्ण की ध्वनि और प्रतीक को पहचानना और लिखने का अभ्यास करना।**

**कार्यपुस्तिका 5**

वर्ण पहचान के चरण पहले से देख लें।

### 2.1 गतिविधियों की संकल्पना पर कार्य 12—15 मिनट

**वर्ण पहचान पर कार्य**

- **'क'** वर्ण से शुरू होने वाले किसी परिचित शब्द (जैसे- **कमरा**) को बोर्ड पर लिखें और शब्द को तोड़कर पहली ध्वनि **'क'** पर बल दें।
- बच्चों से **'क'** की ध्वनि से शुरू होने वाले 4-5 शब्द पूछकर बोर्ड पर लिखें। शब्द को तोड़कर पहली ध्वनि पर बल दें।
- बोर्ड पर लिखे किसी एक शब्द, जैसे- **'कमल'** की पहली ध्वनि **'क'** पर गोला लगाएँ, फिर उसे अलग करके लिखें और **'क'** वर्ण का 3-4 बार स्पष्ट उच्चारण करें।
- बच्चों से बोर्ड पर लिखे शब्दों में **'क'** वर्ण पर गोला लगावाएँ और स्पष्ट उच्चारित करवाएँ।
- अब बच्चों से **'क'** वर्ण वाले अन्य शब्द बताने को कहें और उन्हें बोर्ड पर लिखते जाएँ। सभी शब्द लिखते हुए बच्चों के साथ पढ़ें और कुछ बच्चों से **'क'** वर्ण पर गोला लगवाएँ।
- बच्चों को कक्षा में प्रदर्शित सामग्रियों (कविता, कहानी पोस्टर आदि) और पाठ्यपुस्तक **'सारंगी-1'** से **'क'** वर्ण ढूँढकर बताने को कहें।
- अब अलग-अलग तरीकों से बच्चों द्वारा **'क'** वर्ण के लेखन का अभ्यास करवाएँ, जैसे- अपनी अंगुली से हवा, जमीन/रेत/फर्श/ हथेली पर लिखना आदि।

### 2.2 कार्यपुस्तिका पर कार्य 20—22 मिनट

- कार्यपुस्तिका की गतिविधियों के निर्देश बच्चों को एक-एक करके समझाएँ और कार्य करने को कहें।
- आवश्यकतानुसार बोर्ड पर उदाहरण देकर गतिविधि समझाएँ और बच्चों की मदद करें।

## बिग बुक पर कार्य

कालांश-3 40 मिनट

**बच्चों का प्रिंट से परिचय, आदर्श वाचन एवं रिमीडियल शिक्षण कार्य करना।**

बिग बुक **'मुर्गी के तीन चूजे'** एवं रिमीडियल कार्य

बंद और खुले छोर के प्रश्न तैयार रखें।

### 3.1 प्रिंट से परिचय एवं आदर्श पठन 15—17 मिनट

- बिगबुक का मुख्य पृष्ठ दिखाते हुए, कहानी और शीर्षक के बारे में बच्चों से अनुमान लगवाएँ, जैसे-
  - इस कहानी में कौन-कौन होगा?
  - इस कहानी का नाम क्या हो सकता है? आदि।
- बिगबुक को बच्चों की तरफ करके पकड़ें। फिर इसके पृष्ठों को पलटते जाएँ और बच्चों से चित्रों के आधार पर, कहानी का अनुमान लगाने को कहें।
- बिगबुक का आदर्श वाचन करें और बच्चों से कुछ बंद छोर/अनुमान वाले प्रश्न पूछें। बच्चों से उनके द्वारा लगाए गए अनुमान पर बातचीत करें।
- बच्चों का ध्यान इस बात पर दिलाएँ कि किताब को बायीं से दायीं ओर और ऊपर से नीचे की ओर पढ़ते हैं।
- एक बार फिर आदर्श वाचन करें।

### 3.2 समूह-A के साथ रिमीडियल कार्य 20 मिनट

- पिछले 8 सप्ताह के अवलोकन के आधार पर समूह-A के बच्चों के साथ रिमीडियल कार्य करें।
- समूह-B के बच्चों को स्वतंत्र रूप से पढ़ने एवं लिखने को कहें।

## मौखिक भाषा विकास पर कार्य
कालांश-1 40 मिनट

### चित्र के बारे में अपने घर की भाषा में बात करना

चित्र चार्ट 'खेल'

बंद एवं खुले छोर के प्रश्न पहले से तैयार कर लें।

**1.1 चित्र चार्ट पर शिक्षक द्वारा चर्चा** 5–7 मिनट

- बच्चों को चित्र चार्ट ध्यान से देखने के लिए कहें।
- चित्र चार्ट से संबंधित कुछ बंद छोर के प्रश्न पूछें। प्रत्येक प्रश्न पर कुछ बच्चों की प्रतिक्रियाएँ लें, जैसे-
  - यह चित्र कहाँ का है?
  - चित्र में क्या हो रहा है? आदि।

**1.2 चित्र चार्ट पर समृद्ध चर्चा** 10–15 मिनट

- चर्चा को आगे बढ़ाते हुए कुछ खुले छोर के प्रश्न पूछें। इन प्रश्नों को चित्र पर केंद्रित रखें, जैसे-
  - कंचे खेलते हुए बच्चे आपस में क्या बात कर रहे होंगे?
  - बच्चा पहिया चलाने के लिए, पहिया कहाँ से लाया होगा? आदि।
- बच्चों की प्रतिक्रियाओं का सम्मान करते हुए उन्हें प्रोत्साहित करें।

**1.3 लेखन कार्य** 10–15 मिनट

- बच्चों से चित्र चार्ट पर हुई चर्चा से जुड़ा कोई चित्र बनाने को कहें। फिर जोड़ियों में बाँटकर, आपस में चर्चा करने को कहें। अंत में, किन्हीं 3-4 बच्चों को अपना चित्र दिखाने एवं सभी बच्चों के साथ साझा करने को कहें।

## कार्यपुस्तिका (भाग-1) पर कार्य
कालांश-2 40 मिनट

### 'क' वर्ण की ध्वनि और प्रतीक को पहचानना और लिखने का अभ्यास करना।

कार्यपुस्तिका 6

वर्ण पहचान के चरण पहले से देख लें।

**2.1 गतिविधियों की संकल्पना पर कार्य** 12–15 मिनट

**वर्ण पहचान पर कार्य**

- बच्चों से **'क'** की ध्वनि से शुरू होने वाले 4-5 नए शब्द पूछकर बोर्ड पर लिखें। शब्द को तोड़कर पहली ध्वनि पर बल दें, जैसे- **/क/** /र/ /न/ - **'करन'**
- बोर्ड पर लिखे किसी एक शब्द, जैसे- **'करन'** की पहली ध्वनि **'क'** पर गोला लगाएँ, फिर उसे अलग करके लिखें और **'क'** वर्ण का 3-4 बार स्पष्ट उच्चारण करें।
- बच्चों को कक्षा में प्रदर्शित सामग्रियों (कविता, कहानी पोस्टर आदि) और पाठ्यपुस्तक **'सारंगी-1'** से **'क'** वर्ण ढूँढकर गोला लगाने को कहें।
- अब अलग-अलग तरीकों से बच्चों द्वारा **'क'** वर्ण के लेखन का अभ्यास करवाएँ, जैसे- अपनी अंगुली से साथी की पीठ पर लिखना, हवा में कोहनी या पैर से लिखना आदि।

**2.2 कार्यपुस्तिका पर कार्य** 20–22 मिनट

- कार्यपुस्तिका की गतिविधियों के निर्देश बच्चों को एक-एक करके समझाएँ और कार्य करने को कहें।
- आवश्यकतानुसार बोर्ड पर उदाहरण देकर गतिविधि समझाएँ और बच्चों की मदद करें।

## बिग बुक पर कार्य
कालांश-3 40 मिनट

### आदर्श वाचन एवं लोगोग्राफिक पठन और रिमीडियल शिक्षण कार्य करना।

बिग बुक **'मुर्गी के तीन चूजे'** एवं रिमीडियल कार्य

बंद और खुले छोर के प्रश्न तैयार रखें।

**3.1 आदर्श वाचन और लोगोग्राफिक पठन** 15–17 मिनट

- कल की चर्चा को दोहराएँ और कहानी का आदर्श वाचन करें।
- प्रत्येक शब्द पर अँगुली रखते हुए एक बार फिर से कहानी पढ़ें।
- बच्चों से कहानी और चित्रों पर आधारित कुछ खुले छोर के प्रश्न पूछें, जैसे-
  - मुर्गी और चूजों को आगे क्या मिल सकता है? आदि।
- कहानी के कुछ मुख्य शब्दों (**मुर्गी, बच्चे, चूजे, खेल** आदि) को बोर्ड पर लिखकर लोगोग्राफिक तरीके से पढ़वाएँ।

**3.2 समूह-A के साथ रिमीडियल कार्य** 20 मिनट

- पिछले 8 सप्ताह के अवलोकन के आधार पर समूह-A के बच्चों के साथ रिमीडियल कार्य करें।
- समूह-B के बच्चों को स्वतंत्र रूप से पढ़ने एवं लिखने को कहें।

## मौखिक भाषा विकास पर कार्य

कालांश-1 40 मिनट

### चित्र के बारे में अपने घर की भाषा में बात करना

चित्र चार्ट 'खेल'

बंद एवं खुले छोर के प्रश्न पहले से तैयार कर लें।

**1.1 चित्र चार्ट पर शिक्षक द्वारा चर्चा** 5–7 मिनट

- कल की चर्चा को संक्षेप में दोहराएँ।
- चर्चा को आगे बढ़ाते हुए कुछ नए बंद छोर के प्रश्न पूछें।

**1.2 चित्र चार्ट पर समृद्ध चर्चा** 10–15 मिनट

- बच्चों से कुछ नए खुले छोर के प्रश्न पूछें। इन प्रश्नों को चित्र से संबंधित बच्चों के अनुभवों पर केंद्रित करें, जैसे-

  - चित्र में दिख रही टोकरियाँ किस खेल में काम आती होंगी?
  - आप टोकरी के उपयोग से कौन-सा खेल खेल सकते हैं? आदि।

**1.3 लेखन कार्य** 10–15 मिनट

- बच्चों को आज की गतिविधि से संबंधित कोई चित्र बनाकर, उसका नाम लिखने को कहें। फिर, किन्हीं 3-4 बच्चों को अपने चित्र एवं उन्होंने क्या और क्यों बनाया है, सभी के साथ साझा करने को कहें।

## कार्यपुस्तिका (भाग-1) पर कार्य

कालांश-2 40 मिनट

### 'र' वर्ण की ध्वनि और प्रतीक को पहचानना और लिखने का अभ्यास करना।

कार्यपुस्तिका 7

वर्ण पहचान के चरण पहले से देख लें।

**2.1 गतिविधियों की संकल्पना पर कार्य** 12–15 मिनट

**वर्ण पहचान पर कार्य**

- 'र' वर्ण से शुरू होने वाले किसी परिचित शब्द (जैसे- **रबड़ी**) को बोर्ड पर लिखें और शब्द को तोड़कर पहली ध्वनि 'र' पर बल दें।
- बच्चों से 'र' की ध्वनि से शुरू होने वाले 4-5 शब्द पूछकर बोर्ड पर लिखें। शब्द को तोड़कर पहली ध्वनि पर बल दें।
- बोर्ड पर लिखे किसी एक शब्द, जैसे- **'रसगुल्ला'** की पहली ध्वनि 'र' पर गोला लगाएँ, फिर उसे अलग करके लिखें और 'र' वर्ण का 3-4 बार स्पष्ट उच्चारण करें।
- बच्चों से बोर्ड पर लिखे शब्दों में 'र' वर्ण पर गोला लगवाएँ और स्पष्ट उच्चारित करवाएँ।
- अब बच्चों से 'र' वर्ण वाले अन्य शब्द बताने को कहें और उन्हें बोर्ड पर लिखते जाएँ। सभी शब्द लिखते हुए बच्चों के साथ पढ़ें और कुछ बच्चों से 'र' वर्ण पर गोला लगवाएँ।
- बच्चों को कक्षा में प्रदर्शित सामग्रियों (कविता, कहानी पोस्टर आदि) और पाठ्यपुस्तक **'सारंगी-1'** से 'र' वर्ण ढूँढकर बताने को कहें।
- अब अलग-अलग तरीकों से बच्चों द्वारा 'र' वर्ण के लेखन का अभ्यास करवाएँ, जैसे- अपनी अंगुली से हवा, जमीन/रेत/फर्श/ हथेली पर लिखना आदि।

**2.2 कार्यपुस्तिका पर कार्य** 20–22 मिनट

- कार्यपुस्तिका की गतिविधियों के निर्देश बच्चों को एक-एक करके समझाएँ और कार्य करने को कहें।
- आवश्यकतानुसार बोर्ड पर उदाहरण देकर गतिविधि समझाएँ और बच्चों की मदद करें।

## बिग बुक पर कार्य

कालांश-3 40 मिनट

### साझा पठन एवं लोगोग्राफिक पठन अभ्यास और रिमीडियल शिक्षण कार्य करना।

बिग बुक **'मुर्गी के तीन चूजे'** एवं रिमीडियल कार्य

बंद और खुले छोर के प्रश्न तैयार रखें।

**3.1 साझा पठन और लोगोग्राफिक पठन** 15–17 मिनट

- पिछले दिनों की चर्चा को दोहराते हुए कुछ बंद छोर के प्रश्न पूछें और प्रत्येक शब्द पर अँगुली रखते हुए कहानी का आदर्श वाचन करें।
- इसके बाद बच्चों को अपने साथ-साथ (साझा पठन) कहानी पढ़ने को कहें। यह प्रक्रिया दो बार करें।
- बच्चों से कहानी पर बातचीत करें और कहानी, चित्रों, पात्रों एवं बच्चों के अनुभवों से संबंधित कुछ नए खुले छोर के प्रश्न पूछें।
- अंत में, पिछले दिन आपने जो शब्द (लोगोग्राफिक पठन हेतु) बोर्ड पर लिखे थे, उन्हें दोबारा लिखकर पठन अभ्यास करवाएँ।
- साझा पठन में शिक्षक द्वारा पढ़ने के दौरान बच्चे अपने शब्दों को जोड़ते हुए वाक्य को पूरा करते हैं। इस प्रक्रिया में शिक्षक कहानी के वाक्य पढ़ते समय किसी शब्द पर थोड़ा रुक जाते हैं और बच्चे उस वाक्य के अगले शब्दों को बोलते हुए वाक्य पूरा करते हैं।

**3.2 समूह-A के साथ रिमीडियल कार्य** 20 मिनट

- पिछले 8 सप्ताह के अवलोकन के आधार पर समूह-A के बच्चों के साथ रिमीडियल कार्य करें।
- समूह-B के बच्चों को स्वतंत्र रूप से पढ़ने एवं लिखने को कहें।

## मौखिक भाषा विकास पर कार्य

कालांश-1 40 मिनट

**बच्चों को उनकी भावनाओं को समझने और व्यक्त करने के अवसर देना।**

**SEL और मौखिक खेल गतिविधि**

गतिविधि से संबंधित सामग्री पहले से तैयार कर लें।

### 1.1 सामाजिक एवं भावनात्मक विकास (SEL) — 10–12 मिनट

- निर्देश एवं उदाहरण देकर **'कक्षा में बात कहने के तरीके को समझना'** गतिविधि समझाएँ।
- शिक्षण संदर्शिका में गतिविधि के लिए दिए गए निर्देशों के अनुसार गतिविधि करवाएँ।
- गतिविधि के समाप्त होने पर आवश्यकतानुसार चर्चा करें।

### 1.2 खेल गतिविधि — 7–10 मिनट

- खेल गतिविधि **'बोलो-बोलो कौन है मिलता'** बच्चों के साथ करवाएँ और इससे संबंधित सभी निर्देश इस संदर्शिका से स्पष्टता के साथ बच्चों को दें।
- गतिविधि के समाप्त होने पर आवश्यकतानुसार चर्चा करें।

### 1.3 लेखन कार्य — 10–15 मिनट

- बच्चों को खेल गतिविधि से संबंधित कोई चित्र बनाकर, उनमें रंग भरने और अपने साथी के साथ बातचीत करने को कहें। अंत में, बच्चों के चित्र **'बच्चों का कोना'** में लगा दें।

## कार्यपुस्तिका (भाग-1) पर कार्य

कालांश-2 40 मिनट

**'र' वर्ण की ध्वनि और प्रतीक को पहचानना और लिखने का अभ्यास करना।**

**कार्यपुस्तिका 8**

वर्ण पहचान के चरण पहले से देख लें।

### 2.1 गतिविधियों की संकल्पना पर कार्य — 12–15 मिनट

**वर्ण पहचान पर कार्य**

- बच्चों से **'र'** की ध्वनि से शुरू होने वाले 4-5 नए शब्द पूछकर बोर्ड पर लिखें। शब्द को तोड़कर पहली ध्वनि पर बल दें, जैसे- /र/ /म/ /न/ - 'रमन'
- बोर्ड पर लिखे किसी एक शब्द, जैसे- **'रमन'** की पहली ध्वनि **'र'** पर गोला लगाएँ, फिर उसे अलग करके लिखें और **'र'** वर्ण का 3-4 बार स्पष्ट उच्चारण करें।
- बच्चों को कक्षा में प्रदर्शित सामग्रियों (कविता, कहानी पोस्टर आदि) और पाठ्यपुस्तक **'सारंगी-1'** से **'र'** वर्ण ढूँढकर गोला लगाने को कहें।
- अब अलग-अलग तरीकों से बच्चों द्वारा **'र'** वर्ण के लेखन का अभ्यास करवाएँ, जैसे- अपनी अंगुली से साथी की पीठ पर लिखना, हवा में कोहनी या पैर से लिखना आदि।

### 2.2 कार्यपुस्तिका पर कार्य — 20–22 मिनट

- कार्यपुस्तिका की गतिविधियों के निर्देश बच्चों को एक-एक करके समझाएँ और कार्य करने को कहें।
- आवश्यकतानुसार बोर्ड पर उदाहरण देकर गतिविधि समझाएँ और बच्चों की मदद करें।

## बिग बुक पर कार्य

कालांश-3 40 मिनट

**साझा पठन एवं साझा लेखन अभ्यास और रिमीडियल शिक्षण करना।**

बिग बुक **'मुर्गी के तीन चूजे'** एवं रिमीडियल कार्य

बंद और खुले छोर के प्रश्न तैयार रखें।

### 3.1 साझा पठन और साझा लेखन — 15–17 मिनट

- पिछले दिनों हुई चर्चा के आधार पर कुछ बंद छोर के प्रश्न पूछें। फिर बच्चों के साथ कहानी का साझा पठन करवाएँ।
- बच्चों से कहानी पर बातचीत करें और कुछ नए खुले छोर के प्रश्न पूछें।
- बोर्ड पर कहानी का शीर्षक लिखें और प्रत्येक बच्चे को कहानी से जुड़ी एक-एक लाइन कहानी के क्रम में जोड़ने को कहें। अगर बच्चे कहानी को क्रम में/पूरे वाक्यों में नहीं बता पा रहे हैं तो उनकी सहायता करें।
- बच्चों द्वारा कहे गए वाक्यों को बोर्ड पर लिखते जाएँ और अंत में कहानी के रूप में पढ़कर सुनाएँ।

### 3.2 समूह-A के साथ रिमीडियल कार्य — 20 मिनट

- पिछले 8 सप्ताह के अवलोकन के आधार पर समूह-A के बच्चों के साथ रिमीडियल कार्य करें।
- समूह-B के बच्चों को स्वतंत्र रूप से पढ़ने एवं लिखने को कहें।

## मौखिक भाषा विकास पर कार्य
कालांश-1 | 40 मिनट

### मौखिक कहानी सुनाना एवं चर्चा करना

**मौखिक कहानी सुनाना**

कहानी से संबंधित प्रश्नों की सूची पहले से बना लें।

#### 1.1 मौखिक रूप से कहानी सुनाना — 7–10 मिनट

- बच्चों के स्तर की कहानी मौखिक रूप से सुनाएँ। कहानी सुनाने के दौरान बच्चों का जुड़ाव बनाने के लिए 1-2 बंद छोर के प्रश्न पूछें, जैसे-
  - कहानी में कौन-कौन है? आदि।

#### 1.2 कहानी पर समृद्ध चर्चा — 15–17 मिनट

- कहानी की समझ को समृद्ध बनाने के लिए कहानी से जुड़े कुछ खुले छोर के प्रश्न पूछें।
- बच्चों को जोड़ियों में बाँटकर कुछ नए प्रश्नों पर आपस में चर्चा करने को कहें, जैसे-
  - आपको कौन-सा पात्र सबसे अच्छा लगा और क्यों ?
- फिर कुछ जोड़ियों की प्रतिक्रिया लें।

#### 1.3 लेखन कार्य — 7–10 मिनट

- बच्चों को खेल गतिविधि से संबंधित कोई चित्र बनाकर, उनमें रंग भरने और अपने साथी के साथ बातचीत करने को कहें। अंत में, बच्चों के चित्र **'बच्चों का कोना'** में लगा दें।

## कार्यपुस्तिका (भाग-1) पर कार्य
कालांश-2 | 40 मिनट

### डिकोडिंग आधारित खेल गतिविधि एवं साप्ताहिक कार्य की पुनरावृत्ति करना।

**कार्यपुस्तिका** 9

खेल गतिविधि के चरण पहले से देख लें।

#### 2.1 डिकोडिंग आधारित खेल गतिविधि पर कार्य — 7–10 मिनट

- संदर्शिका में दी गई **'यह मेरा अक्षर'** गतिविधि के निर्देश बच्चों को स्पष्टता से समझते हुए गतिविधि करवाएँ।

#### 2.2 गतिविधियों की संकल्पना पर कार्य — 7–10 मिनट

**वर्ण पहचान पर कार्य**

- **'क'** और **'र'** वर्ण से शुरू होने वाले कुछ परिचित शब्द (जैसे- **कलश, रस्सी** आदि) को बोर्ड पर लिखें और शब्द को तोड़कर पहली ध्वनि **'क'** और **'र'** पर बल दें।
- बच्चों से बोर्ड पर लिखे अन्य शब्दों में **'क'** और **'र'** वर्ण पर गोला लगावाएँ और स्पष्ट उच्चारित करवाएँ।
- बच्चों को पाठ्यपुस्तक **'सारंगी-1'** में **'क'** और **'र'** वर्ण ढूँढकर गोला लगाने को कहें।
- अब अलग-अलग तरीकों से बच्चों द्वारा **'क'** और **'र'** वर्ण के लेखन का अभ्यास करवाएँ।

#### 2.3 कार्यपुस्तिका पर कार्य — 15–17 मिनट

- कार्यपुस्तिका की गतिविधियों के निर्देश बच्चों को एक-एक करके समझाएँ और कार्य करने को कहें।
- आवश्यकतानुसार बोर्ड पर उदाहरण देकर गतिविधि समझाएँ और बच्चों की मदद करें।

## स्वतंत्र पठन पर कार्य
कालांश-3 | 40 मिनट

### बच्चों द्वारा चयनित किताब से स्वतंत्र पठन अभ्यास और रिमीडियल कार्य करना।

**स्वतंत्र पठन और रिमीडियल कार्य**

बच्चों के स्तर की किताबें पहले से तैयार रखें।

#### 3.1 स्वतंत्र पठन कार्य — 15–17 मिनट

- पुस्तकालय या रीडिंग कॉर्नर से बच्चों को उनकी पसंद की चित्रात्मक किताबें चुनने को कहें।
- बच्चों को किताबें देखने, उलटने-पलटने, पढ़ने और आपस में चर्चा करने का पर्याप्त समय दें।
- लगभग 50% बच्चों को किताब की कहानी पर उनकी बात रखने का अवसर दें।

#### 3.2 समूह-A के साथ रिमीडियल कार्य — 20 मिनट

- पिछले 8 सप्ताह के अवलोकन के आधार पर समूह-A के बच्चों के साथ रिमीडियल कार्य करें।
- समूह-B के बच्चों को स्वतंत्र रूप से पढ़ने एवं लिखने को कहें।

## मौखिक भाषा विकास पर कार्य

कालांश-1 40 मिनट

### कविता गायन और शब्दावली विकास पर कार्य करना

कविता पोस्टर 'चींटी'

कठिन शब्दों की सूची पहले से बना लें।

#### 1.1 मौखिक रूप से कविता सुनाना — 7–10 मिनट

- बच्चों का ध्यान कविता पोस्टर के चित्र पर दिलाएँ और उन्हें शीर्षक और कविता का अनुमान लगाने को कहें, जैसे-
  - यह कविता किसके बारे में होगी? आदि।
- बच्चों को हाव-भाव के साथ 2 बार कविता सुनाएँ। इसके बाद बच्चों के साथ मिलकर 1-2 बार कविता गाएँ।
- बच्चों को कविता स्वयं से सुनाने को कहें।

#### 1.2 शब्दावली विकास एवं चर्चा — 15–17 मिनट

- कविता में आए कठिन शब्दों (**भूरि, पिद्दी** आदि) को बोर्ड पर लिखें। फिर इनके अर्थ परिचित संदर्भों से जोड़ते हुए समझाएँ।
- कुछ प्रश्नों के माध्यम से कविता के बारे में बच्चों से बातचीत करें, जैसे-
  - आपको कविता में क्या अच्छा लगा और क्यों ?

#### 1.3 लेखन कार्य — 7–10 मिनट

- बच्चों को कविता से जुड़ा कोई चित्र बनाने, अपने साथी को दिखाने और उस पर बातचीत करने को कहें। अंत में, किन्हीं 3-4 बच्चों को अपनी बातचीत सभी के साथ साझा करने को कहें।

## कार्यपुस्तिका (भाग-1) पर कार्य

कालांश-2 40 मिनट

### साप्ताहिक कार्य की पुनरावृत्ति करना

कार्यपुस्तिका 9

वर्ण पहचान के चरण पहले से देख लें।

#### 2.1 गतिविधियों की संकल्पना पर कार्य — 12–15 मिनट

**वर्ण पहचान पर कार्य**

- 'क' और 'र' वर्ण से शुरू होने वाले कुछ नए शब्द (जैसे- **कटहल, रसोई** आदि) को बोर्ड पर लिखें और शब्द को तोड़कर पहली ध्वनि 'क' और 'र' पर बल दें।
- कुछ अन्य शब्द बोर्ड पर लिखें, जिनमें 'क' और 'र' वर्ण का उपयोग किया गया हो, जैसे- **मटर, कमर** आदि। अब बच्चों को बोर्ड पर लिखे शब्दों में 'क' और 'र' वर्ण पर गोला लगावाएँ और स्पष्ट उच्चारित करवाएँ।
- बच्चों को पाठ्यपुस्तक **'सारंगी-1'** में 'क' और 'र' वर्ण ढूँढकर गोला लगाने को कहें।
- अब बीते दिवस से भिन्न तरीकों से बच्चों द्वारा 'क' और 'र' वर्ण के लेखन का अभ्यास करवाएँ।

#### 2.2 कार्यपुस्तिका पर कार्य — 10–12 मिनट

- कार्यपुस्तिका की गतिविधियों के निर्देश बच्चों को एक-एक करके समझाएँ और कार्य करने को कहें।
- आवश्यकतानुसार बोर्ड पर उदाहरण देकर गतिविधि समझाएँ और बच्चों की मदद करें।

#### 2.3 नोटबुक पर कार्य — 7–10 मिनट

- कार्यपुस्तिका की गतिविधियों के निर्देश बच्चों को एक-एक करके समझाएँ और कार्य करने को कहें।
- आवश्यकतानुसार बोर्ड पर उदाहरण देकर गतिविधि समझाएँ और बच्चों की मदद करें।

## लोगोग्राफिक पठन पर कार्य

कालांश-3 40 मिनट

### बच्चों द्वारा लोगोग्राफिक पठन अभ्यास और रिमीडियल कार्य करना।

लोगोग्राफिक पठन और रिमीडियल कार्य

बच्चों के नाम का चार्ट पहले से तैयार रखें।

#### 3.1 लोगोग्राफिक पठन — 15–17 मिनट

- एक चार्ट / बोर्ड पर सभी बच्चों के नाम लिख दें।
- बच्चों को बताएँ कि उन्हें एक कागज की गेंद देंगे और ताली बजाएँगे, जब तक ताली बजती रहेगी, तब तक गेंद एक-दूसरे की ओर बढ़ाते रहेंगे।
- जब ताली बजाना बंद करेंगे, उस समय गेंद जिस बच्चे के पास होगी, उन्हें कक्षा में चिपकाए गए नाम चार्ट में से अपना नाम खोजकर पढ़ना होगा। इस प्रक्रिया को सभी बच्चों को अवसर मिलने तक जारी रखें।

#### 3.2 समूह-A के साथ रिमीडियल कार्य — 20 मिनट

- पिछले 8 सप्ताह के अवलोकन के आधार पर समूह-A के बच्चों के साथ रिमीडियल कार्य करें।
- समूह-B के बच्चों को स्वतंत्र रूप से पढ़ने एवं लिखने को कहें।

## मौखिक भाषा विकास पर कार्य

कालांश-1 40 मिनट

**बच्चों को उनकी भावनाओं को समझने और व्यक्त करने के अवसर देना।**

**SEL और मौखिक खेल गतिविधि**

गतिविधि से संबंधित सामग्री पहले से तैयार कर लें।

### 1.1 सामाजिक भावनात्मक विकास की गतिविधि — 10–12 मिनट

- निर्देश एवं उदाहरण देकर **'एक-दो-तीन'** गतिविधि समझाएँ।
- शिक्षण संदर्शिका में गतिविधि के लिए दिए गए निर्देशों के अनुसार गतिविधि करवाएँ।
- गतिविधि के समाप्त होने पर आवश्यकतानुसार चर्चा करें।

### 1.2 खेल गतिविधि — 7–10 मिनट

- खेल गतिविधि **'झोले की वस्तुएँ'** बच्चों के साथ करवाएँ और इससे संबंधित सभी निर्देश इस संदर्शिका से स्पष्टता के साथ बच्चों को दें।
- गतिविधि के समाप्त होने पर आवश्यकतानुसार चर्चा करें।

### 1.3 लेखन कार्य — 10–15 मिनट

- बच्चों को जोड़ियों में बाँटकर गतिविधि से संबंधित कोई चित्र बनाकर, उनमें रंग भरने और अपने साथी के साथ बातचीत करने को कहें। अंत में, बच्चों के चित्र **'बच्चों का कोना'** में लगा दें।

## कार्यपुस्तिका (भाग-1) पर कार्य

कालांश-2 40 मिनट

**'न' वर्ण की ध्वनि और प्रतीक को पहचानना और लिखने का अभ्यास करना।**

**कार्यपुस्तिका** 10

वर्ण पहचान के चरण पहले से देख लें।

### 2.1 गतिविधियों की संकल्पना पर कार्य — 12–15 मिनट

**वर्ण पहचान पर कार्य**

- **'न'** वर्ण से शुरू होने वाले किसी परिचित शब्द (जैसे- **नहर**) को बोर्ड पर लिखें और शब्द को तोड़कर पहली ध्वनि **'न'** पर बल दें।
- बच्चों से **'न'** की ध्वनि से शुरू होने वाले 4-5 शब्द पूछकर बोर्ड पर लिखें। शब्द को तोड़कर पहली ध्वनि पर बल दें।
- बोर्ड पर लिखे किसी एक शब्द, जैसे- **'नमक'** की पहली ध्वनि **'न'** पर गोला लगाएँ, फिर उसे अलग करके लिखें और **'न'** वर्ण का 3-4 बार स्पष्ट उच्चारण करें।
- बच्चों से बोर्ड पर लिखे शब्दों में **'न'** वर्ण पर गोला लगावाएँ और स्पष्ट उच्चारित करवाएँ।
- अब बच्चों से **'न'** वर्ण वाले अन्य शब्द बताने को कहें और उन्हें बोर्ड पर लिखते जाएँ। सभी शब्द लिखते हुए बच्चों के साथ पढ़ें और कुछ बच्चों से **'न'** वर्ण पर गोला लगवाएँ।
- बच्चों को कक्षा में प्रदर्शित सामग्रियों (कविता, कहानी पोस्टर आदि) और पाठ्यपुस्तक **'सारंगी-1'** से **'न'** वर्ण ढूँढकर बताने को कहें।
- अब अलग-अलग तरीकों से बच्चों द्वारा **'न'** वर्ण के लेखन का अभ्यास करवाएँ, जैसे- अपनी अंगुली से हवा, जमीन/रेत/फर्श/ हथेली पर लिखना आदि।

### 2.2 कार्यपुस्तिका पर कार्य — 20–22 मिनट

- कार्यपुस्तिका की गतिविधियों के निर्देश बच्चों को एक-एक करके समझाएँ और कार्य करने को कहें।
- आवश्यकतानुसार बोर्ड पर उदाहरण देकर गतिविधि समझाएँ और बच्चों की मदद करें।

## बिग बुक पर कार्य

कालांश-3 40 मिनट

**बच्चों का प्रिंट से परिचय, आदर्श वाचन एवं रिमीडियल शिक्षण कार्य करना।**

बिग बुक **'चिड़िया'** एवं रिमीडियल कार्य

बंद और खुले छोर के प्रश्न तैयार रखें।

### 3.1 प्रिंट से परिचय एवं आदर्श पठन — 15–17 मिनट

- बिगबुक का मुख्य पृष्ठ दिखाते हुए, कहानी और शीर्षक के बारे में बच्चों से अनुमान लगवाएँ, जैसे-
  - इस कहानी में कौन-कौन होगा?
  - इस कहानी का नाम क्या हो सकता है? आदि।
- बिगबुक को बच्चों की तरफ करके पकड़ें। फिर इसके पृष्ठों को पलटते जाएँ और बच्चों से चित्रों के आधार पर, कहानी का अनुमान लगाने को कहें।
- बिगबुक का आदर्श वाचन करें और बच्चों से कुछ बंद छोर/अनुमान वाले प्रश्न पूछें। बच्चों से उनके द्वारा लगाए गए अनुमान पर बातचीत करें।
- बच्चों का ध्यान इस बात पर दिलाएँ कि किताब को बायीं से दायीं ओर और ऊपर से नीचे की ओर पढ़ते हैं।
- एक बार फिर आदर्श वाचन करें।

### 3.2 समूह-A के साथ रिमीडियल कार्य — 20 मिनट

- पिछले सप्ताह के अवलोकन के आधार पर समूह-A के बच्चों के साथ रिमीडियल कार्य करें।
- समूह-B के बच्चों को स्वतंत्र रूप से पढ़ने एवं लिखने को कहें।

## मौखिक भाषा विकास पर कार्य — कालांश-1 40 मिनट

### चित्र के बारे में अपने घर की भाषा में बात करना

चित्र चार्ट 'गाँव'

बंद एवं खुले छोर के प्रश्न पहले से तैयार कर लें।

### 1.1 चित्र चार्ट पर शिक्षक द्वारा चर्चा — 5–7 मिनट

- बच्चों को चित्र चार्ट ध्यान से देखने के लिए कहें।
- चित्र चार्ट से संबंधित कुछ बंद छोर के प्रश्न पूछें। प्रत्येक प्रश्न पर कुछ बच्चों की प्रतिक्रियाएँ लें, जैसे-
  - बच्चे क्या खेल रहे हैं? आदि।

### 1.2 चित्र चार्ट पर समृद्ध चर्चा — 10–15 मिनट

- चर्चा को आगे बढ़ाते हुए कुछ खुले छोर के प्रश्न पूछें। इन प्रश्नों को चित्र पर केंद्रित रखें, जैसे-
  - चारपाई पर बैठे लोग आपस में क्या बात कर रहे होंगे?
  - चित्र में ऐसा क्या है, जो आपने अपने घर में भी देखा है? आदि।
- बच्चों की प्रतिक्रियाओं का सम्मान करते हुए उन्हें प्रोत्साहित करें।

### 1.3 लेखन कार्य — 10–15 मिनट

- बच्चों से चित्र चार्ट पर हुई चर्चा से जुड़ा कोई चित्र बनाने को कहें। फिर जोड़ियों में बाँटकर, आपस में चर्चा करने को कहें। अंत में, किन्हीं 3-4 बच्चों को अपना चित्र दिखाने एवं सभी बच्चों के साथ साझा करने को कहें।

## कार्यपुस्तिका (भाग-1) पर कार्य — कालांश-2 40 मिनट

### 'न' वर्ण की ध्वनि और प्रतीक को पहचानना और लिखने का अभ्यास करना।

कार्यपुस्तिका 11

वर्ण पहचान के चरण पहले से देख लें।

### 2.1 गतिविधियों की संकल्पना पर कार्य — 12–15 मिनट

**वर्ण पहचान पर कार्य**

- बच्चों से **'न'** की ध्वनि से शुरू होने वाले 4-5 नए शब्द पूछकर बोर्ड पर लिखें। शब्द को तोड़कर पहली ध्वनि पर बल दें, जैसे- /न/ /म/ /की/ /न/ - **'नमकीन'**
- बोर्ड पर लिखे किसी एक शब्द, जैसे- **'नवीन'** की पहली ध्वनि **'न'** पर गोला लगाएँ, फिर उसे अलग करके लिखें और **'न'** वर्ण का 3-4 बार स्पष्ट उच्चारण करें।
- बच्चों को कक्षा में प्रदर्शित सामग्रियों (कविता, कहानी पोस्टर आदि) और पाठ्यपुस्तक **'सारंगी-1'** से **'न'** वर्ण ढूँढकर गोला लगाने को कहें।
- अब अलग-अलग तरीकों से बच्चों द्वारा **'न'** वर्ण के लेखन का अभ्यास करवाएँ, जैसे- अपनी अंगुली से साथी की पीठ पर लिखना, हवा में कोहनी या पैर से लिखना आदि।

### 2.2 कार्यपुस्तिका पर कार्य — 20–22 मिनट

- कार्यपुस्तिका की गतिविधियों के निर्देश बच्चों को एक-एक करके समझाएँ और कार्य करने को कहें।
- आवश्यकतानुसार बोर्ड पर उदाहरण देकर गतिविधि समझाएँ और बच्चों की मदद करें।

## बिग बुक पर कार्य — कालांश-3 40 मिनट

### आदर्श वाचन एवं लोगोग्राफिक पठन और रिमीडियल शिक्षण कार्य करना।

बिग बुक **'चिड़िया'** एवं रिमीडियल कार्य

बंद और खुले छोर के प्रश्न तैयार रखें।

### 3.1 आदर्श वाचन और लोगोग्राफिक पठन — 15–17 मिनट

- कल की चर्चा को दोहराएँ और कहानी का आदर्श वाचन करें।
- प्रत्येक शब्द पर अँगुली रखते हुए एक बार फिर से कहानी पढ़ें।
- बच्चों से कहानी और चित्रों पर आधारित कुछ खुले छोर के प्रश्न पूछें, जैसे-
  - यदि बिल्ली नहीं सोई होती तो बिल्ली क्या कर सकती थी?
- कहानी के कुछ मुख्य शब्दों (**चिड़िया, पानी** आदि) को बोर्ड पर लिखकर लोगोग्राफिक तरीके से पढ़वाएँ।

### 3.2 समूह-A के साथ रिमीडियल कार्य — 20 मिनट

- पिछले सप्ताह के अवलोकन के आधार पर समूह-A के बच्चों के साथ रिमीडियल कार्य करें।
- समूह-B के बच्चों को स्वतंत्र रूप से पढ़ने एवं लिखने को कहें।

## मौखिक भाषा विकास पर कार्य

कालांश-1 40 मिनट

### चित्र के बारे में अपने घर की भाषा में बात करना

चित्र चार्ट 'गाँव'

बंद एवं खुले छोर के प्रश्न पहले से तैयार कर लें।

**1.1 चित्र चार्ट पर शिक्षक द्वारा चर्चा** 5–7 मिनट

- कल की चर्चा को संक्षेप में दोहराएँ।
- चर्चा को आगे बढ़ाते हुए कुछ नए बंद छोर के प्रश्न पूछें।

**1.2 चित्र चार्ट पर समृद्ध चर्चा** 10–15 मिनट

- बच्चों से कुछ नए खुले छोर के प्रश्न पूछें। इन प्रश्नों को चित्र से संबंधित बच्चों के अनुभवों पर केंद्रित करें, जैसे-
  - मुर्गे घास में क्या खा रहे होंगे?
  - सिर पर टोकरी लिए आदमी कहाँ जा रहा है? आदि।

**1.3 लेखन कार्य** 10–15 मिनट

- बच्चों को आज की गतिविधि से संबंधित कोई चित्र बनाकर, उसका नाम लिखने को कहें। फिर, किन्हीं 3-4 बच्चों को अपने चित्र एवं उन्होंने क्या और क्यों बनाया है, सभी के साथ साझा करने को कहें।

## कार्यपुस्तिका (भाग-1) पर कार्य

कालांश-2 40 मिनट

### 'म' वर्ण की ध्वनि और प्रतीक को पहचानना और लिखने का अभ्यास करना।

कार्यपुस्तिका 12

वर्ण पहचान के चरण पहले से देख लें।

**2.1 गतिविधियों की संकल्पना पर कार्य** 12–15 मिनट

**वर्ण पहचान पर कार्य**

- **'म'** वर्ण से शुरू होने वाले किसी परिचित शब्द (जैसे- **मटर**) को बोर्ड पर लिखें और शब्द को तोड़कर पहली ध्वनि **'म'** पर बल दें।
- बच्चों से **'म'** की ध्वनि से शुरू होने वाले 4-5 शब्द पूछकर बोर्ड पर लिखें। शब्द को तोड़कर पहली ध्वनि पर बल दें।
- बोर्ड पर लिखे किसी एक शब्द, जैसे- **'मछली'** की पहली ध्वनि **'म'** पर गोला लगाएँ, फिर उसे अलग करके लिखें और **'म'** वर्ण का 3-4 बार स्पष्ट उच्चारण करें।
- बच्चों से बोर्ड पर लिखे शब्दों में **'म'** वर्ण पर गोला लगवाएँ और स्पष्ट उच्चारित करवाएँ।
- अब बच्चों से **'म'** वर्ण वाले अन्य शब्द बताने को कहें और आप उन्हें बोर्ड पर लिखते जाएँ। सभी शब्द लिखते हुए आप बच्चों के साथ पढ़ें और कुछ बच्चों से **'म'** वर्ण पर गोला लगवाएँ।
- बच्चों को कक्षा में प्रदर्शित सामग्रियों (कविता, कहानी पोस्टर आदि) और पाठ्यपुस्तक **'सारंगी-1'** से **'म'** वर्ण ढूँढकर बताने को कहें।
- अब अलग-अलग तरीकों से बच्चों द्वारा **'म'** वर्ण के लेखन का अभ्यास करवाएँ, जैसे- अपनी अंगुली से हवा, जमीन/रेत/फर्श/ हथेली पर लिखना आदि।

**2.2 कार्यपुस्तिका पर कार्य** 20–22 मिनट

- कार्यपुस्तिका की गतिविधियों के निर्देश बच्चों को एक-एक करके समझाएँ और कार्य करने को कहें।
- आवश्यकतानुसार बोर्ड पर उदाहरण देकर गतिविधि समझाएँ और बच्चों की मदद करें।

## बिग बुक पर कार्य

कालांश-3 40 मिनट

### साझा पठन एवं लोगोग्राफिक पठन अभ्यास और रिमीडियल शिक्षण कार्य करना।

बिग बुक **'चिड़िया'** एवं रिमीडियल कार्य

बंद और खुले छोर के प्रश्न तैयार रखें।

**3.1 साझा पठन और लोगोग्राफिक पठन** 15–17 मिनट

- पिछले दिनों की चर्चा को दोहराते हुए कुछ बंद छोर के प्रश्न पूछें और प्रत्येक शब्द पर अँगुली रखते हुए कहानी का आदर्श वाचन करें।
- इसके बाद बच्चों को अपने साथ-साथ (साझा पठन) कहानी पढ़ने को कहें। यह प्रक्रिया दो बार करें।
- बच्चों से कहानी पर बातचीत करें और कहानी, चित्रों, पात्रों एवं बच्चों के अनुभवों से संबंधित कुछ नए खुले छोर के प्रश्न पूछें।
- अंत में, पिछले दिन आपने जो शब्द (लोगोग्राफिक पठन हेतु) बोर्ड पर लिखे थे, उन्हें दोबारा लिखकर पठन अभ्यास करवाएँ।
